ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-12 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने फिल्म तेजस रिलीज होन... पेज 10 पर

गागर में सागर

धर्म आस्था का विषय है कुतर्क का नही : वंदना शास्त्री

बिश्रामपुर- धर्म आस्था का विषय है। इसमें कुतर्क का कोई जगह नहीं है। कुछ लोग धर्म को बदनाम करने के लिए कुतर्क के माध्यम से दुष्प्रचार करते हैं। ऐसे लोगों से धर्मप्रेमियों को सावधान रहने की जरूरत है।
प्रखंड के केतात गांव में धर्मचर्चा के दौरान यूपी के अयोध्या धाम की मानस कोकिला वंदना शास्त्री ने यह बाते कही। उन्होंने कहा कि धर्म का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। धर्म का विस्तार होना चाहिए। धर्म पर राजनीत किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। वंदना शास्त्री ने कहा कि लोगों को अपने जीवन में सरल और संस्कारी होना चाहिए। संस्कार विहीन शिक्षा भी बेमानी है। रावण तो महाज्ञानी था, लेकिन सरलता और संस्कार के बजाए उसमे अहंकार था.जो उसके विनाश का कारण बना। मौके पर वरीय भाजपा नेता शिवबंस मिश्रा, कांग्रेस के प्रखंड प्रवक्ता अरविंद चौबे मौजूद थे।

रोड का शिलान्यास आज

पाटन। पाटन थाना क्षेत्र के जंघासी पंचायत स्थित जंघासी-बनासो मेन रोड का शुक्रवार को शिलान्यास किया जाएगा। गुरूवार को विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने शिलान्यास स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस सड़क का शिलान्यास पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार द्वारा किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह ने विधायक को इस समस्या से अवगत कराया था।
मुखिया ने पूजा कमिटी को किया सम्मानित
सगालीम। पांकी प्रखंड अंतर्गत आसेहार गांव के मुखिया देवसागर राम दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व के बेहतर आयोजन के लिए पूजा कमेटी के पदाधिकारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को तलवार भेंट किया। इस दौरान मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने भी पूजा समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

अंशु अग्रवाल की पहली पुण्यतिथि मनी

हुसैनाबाद। शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंशु अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने उनकी तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा की अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक मिशाल थे। वे सदैव समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलते थे। अचानक उनके निधन ने सबको झकझोर कर रख दिया है। प्रथम पुण्यतिथि पर युवाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। साथ ही बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण भी किया। सुनील गुप्ता, रंजीत सिंह, सद्दाम हुसैन, प्रदीप पटेल, छोटू कुमार, गोलू कुमार, रवींद्र गुप्ता, उमेश तंबोली, अमित कुमार, मोनू कुमार, गोल्डन यादव, शक्ति ठाकुर, विशाल भेंगरा मौजूद थे।

असर दिखाने लगी ठंड, लोगों ने निकाले गर्म कपडे

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल में ठंड धीरे-धीरे असर दिखाने लगी है। सुबह-शाम के तापमान में भारी गिरावट के कारण लोगों ने गर्म कपडा निकालना शुरू कर दिया है। इस वर्ष नवरात्र से ही क्षेत्र में ठंड ने अपना रंग दिखाना प्रारंभ कर दिया था। बुधवार से तो ठंड की रंगत और भी बढ गई है। सुबह-शाम तापमान में गिरावट के कारण नागरिक गर्म कपडे पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं। बगैर गर्म कपडों के बाहर निकलने वालों को ठिठुरते देखा जा रहा है। मौसम परिवर्तन के साथ ही शीतजनित बीमारियों का प्रसार भी बढ गया है। सर्दी-खांसी, वायरल फीवर आदि का प्रकोप बढ गया है। तापमान में परिवर्तन का दुष्प्रभाव बच्चों व बुजुर्गों पर ज्यादा देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इस बार दीपावली व छठ पूजा तक ठंड पूरी तरह अपनी रौ में आ जाएगी।

ट्रेनों में बढने लगी भीड

मेदिनीनगर। दशहरा का अवकाश समाप्त होते ही कार्यस्थल पर कर्मी लौटना शुरू कर दिये हैं। इससे रांची, पटना व राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के रूटों पर चलने वाली ट्रेनों में भारी भीड शुरू हो गई है। गुरूवार को डालटनगंज व गढवा रोड रेलवे स्टेशनों पर चोपन-रांची एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, मूरी एक्सप्रेस आदि ट्रेन पकडने के लिए प्लेटफार्म यात्रियों से खचाखच भरा नजर आया। रेल प्रबंधन के अनुसार अधिकांश ट्रेनें फुल चल रही हैं।

मोबाइल फोन चलाने से किया मना तो फंदे पर झूली किशोरी

अलग-अलग स्थानों पर फांसी लगा दो ने की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता
मेदिनीनगर। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव में मोबाइल नहीं मिलने से नाराज किशोरी ने फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली। एक अन्य घटना में शहर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोले में एक युवती ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरों में मोबाइल फोन का बढता क्रेज जानलेवा बनता जा रहा है। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब मोबाइल फोन चलाने से मना करने पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची गांव निवासी महेंद्र प्रसाद की 15 वर्षीय इकलौती पुत्री तनु ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महेंद्र ने बताया कि बुधवार को तनु से मोबाइल मांग कर रख लिया था और दोबारा नहीं देने की बात कही थी। इससे वह नाराज थी। उसे समझाने के बाद मोबाइल फोन पत्नी को देकर वे सतबरवा चले गये थे। इसी बीच रात में तनु खाना भी नहीं खाई तथा अपने कमरे में ही पडी रही। सुबह में बेटी के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना से वे सन्न रह गये। तनु ने इसी वर्ष मैट्रिक पास की थी। दुसरी और शहर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली में 18 वर्षीय पूनम कुमारी पिता हरि साव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह युवती का शव उसके घर से फंदे पर लटका बरामद किया गया। एमआरएमसीएच में दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

मनरेगा लोकपाल को निरीक्षण में मिली खामियां

नवीन मेल संवाददाता
पाटन। पलामू के मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने पाटन प्रखंड के रजहारा पंचायत के मनरेगा योजनाओ की जांच की। उन्होंने बताया कि इस दौरान आम बगीचा, मिट्टी-मोरम पथ, पशु शेड, तथा मनरेगा कूपों का विधिवत निरीक्षण किया गया। लोकपाल ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में योजनाओं की जांच में भारी अनियमितता पाई गई है। कार्यस्थल पर निरीक्षण में योजना मद में निकासी में भारी वितीय अनियमितता पकडी गई है। जिंसके कारण कुछ अभिलेखों को अग्रेतर करवाई के लिये जब्त कर लिया गया है। योजना के प्राक्कलन एवं गुणवत्ता में भी त्रुटि पाई गई है। कार्य स्थल पर कार्य नहीं के बराबर हुआ है। ग्राम सभा का अभिलेख भी नही पाया गया। जिस अनुपात में योजना की राशि की निकासी हुई है उस अनुपात में कार्य नहीं कराया गया है। अधिकांश योजनाओं का अभिलेख नदारत मिला है। लोकपाल ने बताया कि जेई एवं मुखिया जांच के समय उपस्थित नहीं हुए।

बीडीओ ने 48 निबंधित कृषकों में चना बीज का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता
बिश्रामपुर। गुरुवार को बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरहा कला पंचायत में बीडीओ सह सीओ विक्रम आंनद ने 48 निबंधित कृषक के बीच दस-दस किलो उन्नत किस्म के चना बीज का वितरण किया। बीडीओ ने बताया कि गुरूवार से पंचायतवार चना बीज का वितरण शुरू किया गया है। एटीएम शशि रंजन ने बताया कि पंचायत के मुखिया व पंसस आदि के आपसी समन्वय और सहमति से अन्य पंचायतों में भी चना बीज का वितरण किया जाएगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि किशोर कुमार, मुखिया राधाकृष्ण साव, उपमुखिया सुनील राम के अलावा प्रभारी कृषि पदाधिकारी इम्तियाज अंसारी, कृषि मित्र श्याम नारायण राम मौजूद थे।

सूखे का असर, बाजारों में मंदी

मेदिनीनगर। लगातार दूसरे साल प्रमंडल में पडे सूखे का असर बाजारों में भी देखने को मिला। दुर्गापूजा व दशहरा जैसे अहम पर्वों के दौरान भी बाजारों में छाई मंदी के कारण व्यवसायी मायूस नजर आये। खेती-किसानी का काम ठप होने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। दशहरा के बाद दीपावली व छठ पूजा पर भी मंदी की आशंका व्यापारियों को अभी से सताने लगी है। किसानों का कहना है कि प्रतिकूल मौसम के कारण इस बार रबी की बोआई भी प्रभावित हो रही है। जब व्यापारियों ने बताया कि दशहरा के लिए लाये गये समानों में से आधे से अधिक समान बच गये हैं। बजार की स्थिति को देखते हुए वे लोग अपने ऑडरों में कटौती कर रहें हैं, ताकि नुकसान से बचा जा सके।

कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट की तैयारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता
हुसैनाबाद। कर्नल कप फुटबाल टूनामेंट 2023 की तैयारी को लेकर जपला स्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्टस क्लब कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने की। बैठक में टूनामेंट को और बेहतर बनाने के लिए सभी सदस्यों से हर बिंदु पर राय ली गई। इस दौरान खिलाडियों के अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी 23 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले टूनामेंट की रूपरेखा को 5 नवंबर की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में मनोज शर्मा, विनय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर निर्णायक नेहाल मिर्जा, सगीर अहमद, कविंदर पासवान, धीरेंद्र बैठा, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, भानू प्रताप सिंह, विरेन्द्र रवि व चंचल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बीडीओ सह एमओ को दी गई विदाई

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को समारोह का आयोजन कर बीडीओ रतन कुमार सिंह को विदाई दी गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित हो कि बीडीओ श्री सिंह का नगर ऊंटारी में एसडीओ के पद पर प्रमोशन व स्थानांतरण हुआ है। बीडीओ श्री सिंह ने प्रखंड कार्यालय को याद करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी भी तरह से कार्य करने में कभी कोई परेशानी नहीं हुई। अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक का सदैव सहयोग मिलता रहा।

ब्रेन हेमरेज से गयी जान, गांव में छाया मातम

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र अन्तर्गत अररूआ कला गांव निवासी एक व्यक्ति की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई। घटना से गांव में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार 49 वर्षीय अनिल पासवान को अचानक ब्रेन हेमरेज हो गया। परिजन उपचार के लिए उन्हें बीएचयू वाराणसी ले गये थे। जहां उनकी मौत हो गई। गुरुवार को गांव केबटाने नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, पंसस रामजी पासवान, डा. भीम कुमार, शिक्षक शिवशंकर राम, नवनीत कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, जगनारायण, राजेंद्र, राजन आदि ने अपनी शोक संवेदना जाहिर की है।

जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू
Email – dddopalamu@gmail.com Mobile No- 8210813662

आवश्यक सूचना

मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची के पत्रांक– 562, दिनांक– 07.10.2023 के आलोक में पलामू जिला के वैसे पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिनके पास दुधारू मवेशी के क्रय–विक्रय का अनुभव नहीं है, यद्यपि वे न्यूनतम तीन वर्षों से दुधारू मवेशी यथा गाय/भैंस पालन करते हों एवं दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हों, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक– 02.11.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय।

चयन निम्नवर्णित अर्हता के अनुरूप किया जायेगा।
1. पशुपालक झारखण्ड के स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. पशुपालक को व्यस्क एवं साक्षर होना चाहिए।
3. उनके पास 10 डी0 जमीन होना चाहिए।
4.तीन महीने के अंदर 20 दुधारू गाय/भैंस का आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक– 02.11.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में समर्पित करेंगे।

नोट–विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में कार्य अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.309877 Animal Husbandry(23-24):D
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू।

सीओ-बीडीओ की तैनाती को सीएम को भेजा ज्ञापन

पाटन। पाटन के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर प्रखंड कार्यालय में तत्काल बीडीओ व सीओ की तैनाती की मांग की है। अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि प्रखंड में पदस्थापित अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद कई दिनों से नई तैनाती नहीं की गई है। इससे तमाम विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों की तैनाती न होने से भू संबंधी कार्यों के लिए नागरिक दर-दर भटक रहे हैं।

अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा डंडिला गांव

विधायक ने तीन सड़क योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता
हुसैनाबाद। अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहे डंडीला गांव को आजादी के 76 वर्ष बाद पक्की सड़क की सौगता मिली है। गुरुवार को हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। लगातार सड़क निर्माण के साथ-साथ विकास के अन्य कार्य भी कराये जा रहे हैं। क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य समान हैं। जल्द ही बंशीपर गांव में अल्पसंख्यक समुदाय की सुविधा के लिए निकाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना के लिए राशि आवंटित कर दी गई है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, संजय सिंह, दिलीप पाल, प्रमोद प्रजापति, विमलेश सिंह, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, सज्जू खान, जाफर हवारी, रमेश प्रजापति, सत्येंद्र सिंह, अशरफ हसन, शकील खान, शंकर रजवार, जुगा रजवार, शिवप्रसाद राम, धीरज सिंह, विकास सिंह, रजनीश मिश्रा, श्रवण प्रजापति, सुदर्शन राजवंशी, अहमद अली, राजू खान, नेहाल हैदर, सूरज विश्वकर्मा, अमरेश सिंह मौजूद थे।

न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

उपस्थिति सूचना

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 09.11.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

क्र0 सं0	वनवाद संख्या	अधिहरण वाद संख्या	वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य	घटना स्थल
01	C 97/2023	09/2023	साल बोटा– 23 पीस	बान्दु सुरक्षित वन
02	C 241/2023	11/2023	जलावन – 06 टन लगभग	बान्दु सुरक्षित वन
03	C 282/2023	12/2023	सीधा बोटा– 17 पीस	फकीराडीह सुरक्षित वन
04	C178/2023	14/2023	साल चौपहल– 03 पीस	कठौतिया सुरक्षित वन
05	C 188/2023	17/2023	साल सूट – 135 पीस, साईकल – 5 पीस, टांगी – 2 पीस	खजुरी सुरक्षित वन
06	C720/2023	19/2023	कहुआ (अर्जुन) जलावन – 2 क्विंटल लगभग	बोड़ी सुरक्षित वन
07	C 406/2023	22/2023	साल बोटा – 16 पीस	दुधवल सुरक्षित वन
08	C 427/2023	23/2023	2 क्विंटल साल, आसन, भरहुल प्रजाति की लकड़ी	गड़िया सुरक्षित वन
09	C 512/2023	24/2023	हरा साल सुट – 16 पीस, टांगी – 2 पीस, साईकल – 2 पीस	जमौति सुरक्षित वन
10	C 1645/2023	27/2023	(1)मोटरसाईकिल Hero HF Deluxe – UP64AJ - 3471, (2) 1 साईकल एवं (3) 5 पीस साल चौपहल	चिनियाँ
11	रंका थाना कांड सं0 – 72/2023	16/2023	पिकअप – JH03AH – 1582 एवं सखुआ बोटा – 12 पीस	चुतरू बाजार टाँड़
12	C 1481/2023	26/2023	मारूति सुजुकी ओमनी भैन CG08 – 0845 एवं साल चौपहल – 8 पीस।	भण्डरिया – रमकण्डा मुख्य मार्ग
13	C 1035/2023	13/2023	पटरा – कुल 49 पीस, सिकंजा – 1 पीस, हार्वेस्ट डीजल ईंजन – 1 पीस, बड़ा – आरा – 1 पीस, छोटा–आरा – 1 पीस, पट्टा – 1 पीस	बघवार

PR 309875 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D
प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

नव विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या



नवीन मेल संवाददाता
हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के पाठक बिगहा गांव में गुरुवार को जहर खाकर एक नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पाठक बिगहा गांव निवासी रंजीत कुमार की 21 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी ने अपने ही घर में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज थाना के एसआई निर्भय कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवाया। हालांकि जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतिका बिहार राज्य के मोहनिया थाना अंतर्गत समहुता गांव निवासी सुरेंद्र पासी की पुत्री थी। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणो का पता लग पाएगा।

मारपीट में 11 लोग घायल, देवरी ओपी में शिकायत

हुसैनाबाद। देवरी ओपी अंतर्गत बाजारी बुधुआ गांव में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के 11 लोग घायल हो गए। घायलों में कंचन कुमारी, इन्द्रजीत कुमार, ललिता देवी, कबूतरी देवी, राधिका देवी, नीलम देवी, संतोष चौधरी, विगनी देवी, सुमन देवी, ललीता देवी, राजकुमार चौधरी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। घटना की सूचना दोनों पक्षों द्वारा देवरी ओपी को दे दी गई है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, GUMLA- 835207
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Letter No. - 1065 Gumla, Dated:- 20.10.2023

Corrigendum

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Balance Work of HL. Bridge Approach road work including guard wall cum Toe wall for the work of HL Bridge over Lohari River at Ch-2.665 km , ch- 17.855 km of upper Khaman - jora jam (Dibdobhi) RCPLWEA/BRIDGE कार्य की निविदा Tender Ref. No. RCD/GUMLA/949/2023-24 dt. 30.09.2023 एवं PR 308240 Road (23-24):D को अपरिहाराय कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है। Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 309945 Road (23-24)_D

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-12 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने फिल्म तेजस रिलीज होन... पेज 10 पर

गागर में सागर

सरकारी स्कूलों की क्लास एक से आठ तक की बदलेंगी किताबें

रांची। राज्य के सरकारी स्कूलों के क्लास एक से आठ की किताबें अगले साल से बदल जाएंगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बच्चों को नई किताबें मिलेंगी। नई किताबों में कई बदलाव किये जा रहे हैं। कई नए चैप्टर भी जोड़े जाएंगे। एनसीईआरटी की अंग्रेजी में छपी किताबों (अंग्रेजी को छोड़कर) का हिंदी में अनुवाद करके बच्चों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि बच्चे हिंदी में पढ़ाई कर आसानी से विषय के बारे में समझ विकसित कर सकें। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम निर्माण और किताबों के अनुवाद का काम शुरू हो गया है।

बिरसा मुंडा की जयंती पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज करेंगे पीएम मोदी

रांची। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा को लांच करेंगे। इसके तहत 2500 आईईसी वैन रवाना किए जाएंगे, जो 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 3700 शहरी नगर निकायों में जाएगी। आदिवासी बहुल इलाके से यात्रा की शुरूआत होगी और यह दो महीने तक चलेगी। इस यात्रा का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना भी है। इस यात्रा के दौरान योजना से लाभन्वित व्यक्तियों की कहानियां बताई जाएंगी, लोग अपने अनुभव शेयर करेंगे, नुक्कड़ नाटक और क्विज के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाएगा। देश के उन राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत नहीं होगी, जहां चुनाव हो रहे हैं। छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा के चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसलिए इन राज्यों में अभी इस यात्रा की शुरूआत नहीं होगी। इन प्रदेशों में चुनाव संपन्न होने के बाद इस यात्रा की शुरूआत की जाएगी।

चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

रांची। चुनाव आयोग के द्वारा इन दिनों कराए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण में राज्य में करीब 9 लाख मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। 27 अक्टूबर को जारी हो रहे मतदाता सूची के प्रारूप के अनुसार, राज्य में मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 50 लाख 59 हजार 746 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 28 लाख 24 हजार नौ है। यदि बात करें महिला मतदाताओं की तो इनकी संख्या 1 करोड़ 22 लाख 35 हजार 359 है। 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित हुए अंतिम मतदाता सूची के आंकड़ों की तुलना में लगभग 2.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन प्राधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में कमी देखी जा रही है। जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या में आंशिक वृद्धि देखी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित होने के बाद इस पर 9 दिसंबर तक आपत्ति दर्ज की जा सकती है। जिसमें सुधार 26 दिसंबर तक किया जाएगा।

क्या केंद्र सरकार कतर में फांसी की सजा पाये 8 पूर्व भारतीय फौजियों को छुड़ाने के लिए अड़ेगी?

– कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। हमास को मदद कर रहे मुस्लिम देश कतर में भारत के 8 पूर्व नौसैनिक अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है। जो कि कतर की दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। जिसको ओमान एयरफोर्स के सेवानिवृत स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी ने शुरू किया। कंपनी के वेबसाइट पर बीते वर्ष अगस्त माह से इस बारे में कोई विवरण नहीं है। अगस्त 2022 में कतर की पुलिस ने इन 8 पूर्व भारतीय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

इंग्लैंड-156 /10 (33.2 ओवर)

श्रीलंका-160/2 (25.4 ओवर)

आज का मैच

पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रिका चेन्नई (2 बजे से)

वर्ल्ड कप-2023

रोहित-विराट के वर्चस्व को कड़ी चुनौती दे रहा है डीकॉक, क्लासन, मार्करम व मिशेल का 'पावर प्ले'

पहले हाफ में बल्ले का बोलबाला, अब गेंद बनायेगी अपना दबदबा?

81 की औसत व सर्वाधिक तीन शतकों के साथ सर्वाधिक 407 रन कूटे हैं क्विंटन डीकॉक ने अब तक खेले पांच मुकाबलों में। डीकॉक उच्चतम स्कोर, चौके व टोटल बाउंड्री के मामलों में भी (174-39-54) पहले नंबर पर हैं।

17 छक्के लगाकर अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी डीकॉक (15), क्लासेन (15) से आगे चल रहे हैं 'हिटमैन" रोहित शर्मा। एडम जंपा ने सर्वाधिक 13 विकेट लिए हैं, जबकि कीवी स्पिनर सेंटनर ने 12 व बुमराह ने 11 विकेट हासिल किए हैं।

आलोक रंजन झा 'दिनकर'

क्रिकेट वर्ल्ड कप ने अपने रोमांचक सफर का आधा पड़ाव पार कर लिया है। पहले हाफ में वह सबकुछ देखने को मिला, जिससे कोई भी वैश्विक खेल आयोजन बड़ा और यादगार बनता है। बुधवार तक खेले गए कुल 48 में से 24 मुकाबलों में कुछ बड़े उलटफेर भी हुए। चौकों-छक्कों की बारिश के बीच टुकड़ों में ही सही, विकेटों का पतझड़ भी देखने को मिला, लेकिन कुल मिलाकर बल्ला गेंद पर भारी पड़ा। 300 के आसपास या उससे ऊपर का स्कोर न केवल लगातार बनाया गया, बल्कि बड़े लक्ष्य को भी कई बार बड़ी ही आसानी से हासिल कर लिया गया। वहीं अफगानिस्तान और नीदरलैंड्स जैसी अपेक्षाकृत नई टीमों के कुछ शानदार प्रदर्शन की वजह से जहां सेमीफाइनल की लड़ाई रोचक हो गई है, वहीं शीर्ष खिलाड़ियों के बीच व्यक्तिगत प्रदर्शन में एक दूसरे को पीछे छोड़ने का तीखा मुकाबला रोमांच को चरम पर पहुंचा रहा है।

गेंदबाजी में भी शीर्ष पांच में बने रहना गेंदबाजों के लिए आसान नहीं

वहीं गेंदबाजी की बात की जाए, तो बल्लेबाजी में कोहराम मचाने वाले दक्षिण अफ्रीका भारत और न्यूजीलैंड की तुलना में थोड़ा कमजोर पड़ रहा है, खासकर कम रन खर्च करने के मामले में। हालांकि इस विभाग में भी शीर्ष पांच में जगह बनाए रखना गेंदबाजों के लिए मुश्किल हो रहा है। एडम जंपा (13-5.92) ने शीर्ष स्थान पर काबिज मिशेल सेंटनर को, जिन्होंने 4.25 की इकोनॉमी से सर्वाधिक 12 विकेट लिए हैं, को दूसरे स्थान पर धकेल दिया है। इस सूची में तीसरे नंबर पर चल रहे भारतीय आक्रमण के अगुवा जसप्रीत बुमराह (11-3.80) को शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए सबसे किफायती गेंदबाजी के साथ-साथ लगातार विकेट भी निकालने होंगे। जाहिर है कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ये सभी खिलाड़ी टॉप की चार टीमों भारत, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के हैं, जो इस वर्ल्ड कप टाइटल के प्रमुख एवं प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में दूसरा हाफ पहले के मुकाबले और अधिक रोमांचक होने की उम्मीद की जा रही है। सर्दी बढ़ने के साथ ही नई गेंद अपनी चमक बिखेर कर बल्ले के दबदबे को खत्म कर सकती है।

टॉप पांच बल्लेबाजों के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें, तो दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक, हेनरी क्लासन, एडन मार्करम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल अपने क्लासिक एवं विध्वंषक "पावर प्ले" से रोहित शर्मा और विराट कोहली के वर्चस्व को न केवल कड़ी चुनौती दे रहे हैं, बल्कि कई मामलों में दोनों भारतीय दिग्गजों को पीछे भी छोड़ रहे हैं। डेविड वार्नर ने भी शुरुआती नाकामियों को पीछे छोड़ कर लगातार दो शतक जड़ दिए हैं। डीकॉक ने पांच मुकाबलों में सर्वाधिक तीन शतकों के साथ 81 की औसत से सर्वाधिक 407 रन कूटे हैं। दूसरे नंबर पर विराट हैं, जिन्होंने इतने ही मैचों में 118 की बेहतरीन औसत से 354 रन ठोके हैं। रोहित के 62 की औसत से 311 रन हैं और उनको वार्नर ने 66.40 की औसत से 332 बनाकर पीछे छोड़ दिया है। उच्चतम स्कोर में भी डीकॉक (174) पहले नंबर पर हैं। डेविड वार्नर (163) दूसरे, डेविड कॉन्वे (152*) तीसरे और रोहित शर्मा (131) पांचवें पायदान पर काबिज हैं। चौके में भी डीकॉक (39), रोहित (33), वार्नर (33), मार्करम (32), कॉन्वे (30), कोहली (29) पर बढ़त बनाए हुए हैं। टोटल बाउंड्री में भी डीकॉक (54), रोहित (50), वार्नर (46), क्लासन (37), मार्करम (36), कोहली (36) से आगे चल रहे हैं। वहीं छक्कों की बात करें, तो हिटमैन कहे जाने वाले रोहित (17) नजदीकी प्रतिद्वंद्वी डीकॉक (15), क्लासेन (15) से आगे चल रहे हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि किसी भी मामले शीर्ष पांच बल्लेबाजों की सूची में किसी का स्थान सुरक्षित नहीं है। इस तरह बल्लेबाजी के माफिक माहौल में टीम के साथ ही व्यक्तिगत प्रदर्शन की लड़ाई भी काफी रोमांचक हो गई है।

आज से वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023

महासंग्राम का आगाज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में हॉकी का खुमार छाया हुआ है। देश में पहली बार झारखंड में आयोजित हो रहे एशियन वीमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की मेजबानी के लिए रांची पूरी तरह तैयार है। रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेले जाएंगे। जिसका शुभारंभ 27 अक्टूबर से हो जाएगा यानी शुक्रवार से 10 दिन तक हॉकी का महासंग्राम होगा। यह महामुकाबला 6 देशों की टीमों के बीच 5 नवंबर तक चलेगा। प्रत्येक दिन 3 मुकाबले खेले जाने हैं। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड ने खेलप्रेमियों के लिए फ्री इंट्री की घोषणा की है।

हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जारी किया मैच शेड्यूल : हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तरफ से शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के हिसाब से चैंपियनशिप में कुल 20 मैच जाएंगे। मैच में एशिया की टॉप 6 टीमें मेजबान भारत के साथ जापान,

चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड भाग ले रही हैं। पहले दिन शुक्रवार (27 अक्टूबर) को तीन मैच होंगे। पहला मुकाबला शाम 4 बजे से जापान और मलेशिया के बीच होगा। दूसरा मैच शाम 6:15 बजे चीन और कोरिया के बीच होगा। वहीं, तीसरा मैच रात 8:30 बजे भारत और थाईलैंड के बीच होगा। बता दें, 4 नवंबर को सेमीफइनल मुकाबला होगा जबकि 5 नवंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

ट्रैफिक रूट में किये गए बदलाव : झारखंड हॉकी चैंपियनशिप को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किये गए हैं। अतिरिक्त जवानों की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पार्टी की बैठक में सीएम का निर्देश, चुनाव की तैयारी में जुट जायें

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने बहुत उम्मीद के साथ हम पर विश्वास किया और अपना समर्थन दिया। जनता के इस विश्वास पर सरकार के साथ-साथ संगठन की भी जिम्मेदारी

बनती है कि वह खरा उतरे। सोरेन गुरुवार को रांची के हरमू सोहराई भवन में पार्टी के नेताओं के साथ हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी में जुटने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राजनीतिक दल हमेशा ही चुनाव की तैयारी करते हैं। अनवरत संगठन की तैयारी इसको लेकर चलते रहती है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

दुमका में पर्यटन की असीम संभानायें : कृषि मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

दुमका। झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने गुरूवार को दुमका परिसदन में पुरातत्तवविद् सह लेखक पंडित अनूप कुमार वाजपेयी से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुमका जिले में पर्यटन की सम्भावनाओं को देखते हुए विशेषकर जरमुंडी प्रखंड की झनकपुर पंचायत के बरमसिया गाँव में स्थित एक विशाल चट्टान के संरक्षण के कार्य किये

जायेंगे। इस चट्टान में जीवाश्मरूप में अनेक जीव-जन्तु समाहित हैं। इस जीवाश्म चट्टान के प्रति पर्यटन विभाग के संज्ञान में बात लायी गयी है। हैरानी की बात यह है इस चट्टान में एक साथ आदिमानवों की पद छापें, हिरण के खुर की छापों के अलावा गिलहरी, मछली आदि समाहित हैं। मंत्री ने कहा कि यह एकलौती ऐसी जीवाश्म - ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मिशन-2024: कई बड़ी सियासी हस्तियों को पार्टी में लाने में जुटी भाजपा

मधु कोड़ा व गीता कोड़ा पर नजर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में भाजपा की निगाह उन नेताओं पर भी है, जो पहले किन्हीं वजहों से पार्टी छोड़कर दूसरी जगह चले गए और सियासी मैदान में अपनी हस्ती का सिक्का जमाए रखा। ऐसे कई नेताओं को फिर से पार्टी में लौटाने की तैयारी चल रही है। पार्टी के भितरखाने इस बात की जोरदार चर्चा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनकी पत्नी सांसद गीता कोड़ा के अलावा निर्दलीय विधायक सरयू राय, अमित यादव, पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह

भाजपा में शामिल कराए जाएंगे। ऐसा होने पर आगामी चुनावों में कई सीटों पर मुकाबले के नए और दिलचस्प समीकरण विकसित हो सकते हैं। मधु कोड़ा और उनकी पत्नी गीता कोड़ा का कोल्हान इलाके में खासा सियासी प्रभाव है। मधु कोड़ा ने अपने सियासी करियर की शुरूआत भाजपा के साथ ही की थी। वह 2000 में भाजपा के टिकट पर जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। झारखंड में बाबूलाल मरांडी की पहली सरकार में मंत्री भी बने थे, लेकिन 2005 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। कोड़ा बागी हो गए और निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद पड़े। उनकी जीत भी हुई और बाद में वह झारखंड के सीएम भी बने। भ्रष्टाचार के मामलों में नाम सामने आने पर उन्हें जेल जाना पड़ा। कुछ मामलों में सजा भी हुई और उसकी वजह से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिए गए, लेकिन इसके बावजूद उनकी सक्रियता बरकरार रही। खास तौर पर पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां इलाके में उन्होंने अपना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



गागर में सागर

सम्मानित किये गये त्रिभुवन पांडेय

लातेहार। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर मंदिर समिति ने पंडित त्रिभुवन पांडेय को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने पांडेय को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट किया। बता दें कि त्रिभुवन पांडेय के पिता रामअवतार पांडेय वर्ष 1948 में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुगार्बाड़ी में मुख्य पुरोहित थे। उसके बाद वे लगतार यहां मुख्य पुरोहित के रूप में रहे। उनके निधन के बाद त्रिभुवन पांडेय मुख्य पुरोहित का कार्यभार संभाला। इस मौके पर संरक्षक विनोद कुमार साहु, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह के अलावा पंकज गुप्ता, दीपक विश्वकर्मा, संजय प्रसाद, राजेश पाठक व परितोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

गोली गांव में मंदिर निर्माण को लेकर किया गया भूमि पूजन, कमेटी का गठन

चंदवा। प्रखंड के लाधुप पंचायत के गोली गांव में भगवान बजरंग बली के मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन जितेंद्र पाठक के द्वारा कराया गया। वहीं मंदिर निर्माण के लिए गोली गांव के जनता ने सर्व सहमति से एक कमेटी का गठन किया जिसमें अध्यक्ष गोंदा पाहन,सचिव संतोष यादव,कोषाध्यक्ष रामकुमार महतो को बनाया गया वही सदस्य के रूप में दिपक कुमार रामकिशुन ठाकुर,प्रमोद पाल,विशेश्वर महतो,राजदेव ठाकुर,लालु अमरेन्द्र सिबीद, प्रकाश,मधु पप्पु अजय,विजेन्द्र देवेन्द्र,विरेन्द्र को बनाया गया भूमि पूजन में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

डिग्री कॉलेज शुरू करने को लेकर आजसू पार्टी का धरना 2 नवंबर को

लातेहार। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर अभी तक डिग्री कॉलेज का न खुलना छात्रों के साथ धोखा है। करोड़ों रुपये खर्च कर बिल्डिंग तो बन गयी पर छात्रों को डिग्री के लिए पलायन करना पड़ रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे और सरकार की मंशा को लोगों तक पहुचाने का काम करेंगे। 2 नवंबर को एकदिवसीय धरना दे कर उपायुक्त के माध्यम से सरकार को अल्टीमेटम देंगे कि अगर जल्द डिग्री कॉलेज नहीं खुला तो आजसू पार्टी उग्र आंदोलन को भी तैयार है।

पंचायत भवन में किसानों के साथ की गई बैठक, दी गई विभिन्न जानकारी

बारियातु। प्रखंड के फुलसु पंचायत भवन परिसर में पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव की अध्यक्षता में कृषकों के साथ बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के कई किसान शामिल हुए, जहां मुख्य रूप से जिला बीससूत्री सदस्य आफताब आलम, कृषि विभाग के राज्यस्तरीय तकनीकी सलाहकार डॉ. भीडीएस मुंडा, उप प्रमुख निशा शाहदेव, समाजसेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव, वार्ड सदस्य विजय सिंह, दीपक भोक्ता शामिल हुए। इस मौके पर भूमि संरक्षण जेई दिलशाद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिंकु आदि लोग उपस्थित थे।

अयोध्या आते ही व्यक्ति के भीतर का सारा युद्ध समाप्त हो जाता है, जो युद्ध रहित है वही अयोध्या है : रत्नेशप्रपन्नाचार्य

'उच्चतम मानवीय मूल्यों के अनुपालन में निहित है रामत्व'

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

जगद्गुरू रत्नेशप्रपन्नाचार्य ने कहा कि अयोध्या राम की ही जन्मभूमि नहीं अपितु मानव मात्र की जन्म भूमि है वाल्मीकीय रामायण के अनुसार मनु जी ने मानवीय सृष्टि का आरंभ अयोध्या से किया। भारत से विश्व के भाग्य की कपाट कोई नगरी खोलेगी तो वह 'अयोध्या' है। इसी से राष्ट्रोदय होगा, विश्व को नई दृष्टि मिलेगी, क्योंकि अयोध्या समाधान-मूलक है, व्यवस्था-मूलक है और धर्म की रक्षा करती है। भारत को राम जैसा आदर्श अयोध्या ने दिया है। अयोध्या भू वैकुंठ है। अयोध्या में आते ही व्यक्ति के भीतर का सारा युद्ध समाप्त हो जाता है। जो युद्ध रहित है वही अयोध्या है। अयोध्या को देवताओं की पुरी कहा गया है और अयोध्या वासियों को साक्षात जगन्नाथ का रूप। जगद्गुरू ने कहा कि भारत का प्रथम स्वर, अभिनंदन का स्वर, प्रणाम का स्वर, भारत की पहली गूंज, प्रतिज्ञा और शपथ का स्वर 'राम' हैं। ऐसा स्वर जिसमें भारत का व्यक्ति मुक्ति की कामना करता है। अथवा वह स्वर जो काशी में महादेव भोर से रात्रि तक अहर्निश दान कर रहे रहे हैं, वह राम मंत्र है। कोई देवाधिदेव महादेव के बारे में पूछे कि वह दिन-रात काशी में कर क्या रहे हैं? तो उनका उत्तर होगा कि 'राम नाम' मंत्र का दान कर रहा हूं! इसलिए, हम राम के गुणों को

आत्मसात करें। रामत्व की सार्थकता तो मनुष्य के रूप में अपनी मर्यादा के सम्यक निर्वहन और उच्चतम मानवीय मूल्यों के अनुपालन में निहित है। इसलिए उन्हें अपने हृदयस्थल में विराजमान कीजिए, उनके दिव्य चरित्र का अनुसरण कीजिए। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन काल में त्याग, तप और उच्चतम मानवीय मूल्यों को प्रतिस्थापित किया। भगवान श्रीराम प्रेम की मूर्ति हैं। श्रीकृष्ण का प्रेम समुद्र के समान है, जबकि राम का प्रेम मर्यादा में है। जो राष्ट्र का मंगल करे, वही राम हैं। जो लोकमंगल की कामना करे, वही राम हैं। सबसे आदर्श और मर्यादित व्यक्तित्व ही श्रीराम है। जहां नीति है, वहां धर्म है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन संघर्षमय रहा। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने मर्यादा नहीं छोड़ी और वानर-भालू को साथ लेकर लंकापति रावण का दमन किया। संसार में उनसे बड़ा आदर्श पुरुष दूसरा कोई नहीं हुआ। रावण का वह प्रभाव श्रीराम के स्वभाव से हार गया। श्रीराम का जो स्वभाव है, उसके पीछे गुरु सत्ता है। श्रीराम के इस लोक-कल्याणकारी स्वभाव में महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त, जमदाग्नि जैसे अनेक ऋषि-मुनियों का योगदान है। इसलिए जहां ज्ञान और विचार है, वहीं शांति और समाधान है।

जगद्गुरू रत्नेशप्रपन्नाचार्य ने कहा कि पूज्य 'आचार्यश्री' जी कहा करते हैं कि गाँव, खेत-खलिहान, हिम-पट्टिकाओं से लेकर उद्यमों और मठ-मंदिरों तक कोई स्वर गूंजता है तो वह 'राम' का ही नाम है। 'राम नाम' की महिमा अद्भुत, अकथनीय, अलौकिक और विलक्षण है ...।

महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा क्षेत्र, पूरे दिन शहर की सभी सड़कों पर रही जाम की स्थिति

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यज्ञ स्थल के चारों ओर सिर्फ श्रद्धालु ही नजर आ रहे थे। सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साधु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। यज्ञ स्थल पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन का दौर लगातार चल रहा है। प्रसाद वितरण केंद्र पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। यज्ञ समिति के वोलेंटियर और पुलिस बल के जवानों को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। देश के महान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ का समापन 28 अक्टूबर को होना है।

वाच टावर से निगरानी

महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस है। यज्ञ मंडप में निगरानी के लिए वाच टावर का निर्माण किया गया है, जहां से तमाम गतिविधियों पर पुलिस नजर रख रही है। वहीं सुरक्षा को लेकर 300 से अधिक पुलिस जवानों को लगाया गया है। साथ ही दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर नजर बनाए हुए हैं।

अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद आज राज्य के दो मंत्री भी रहेंगे मौजूद

शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन होगा। धर्म संसद में देश के प्रमुख संत हिस्सा लेंगे। धर्म संसद में कई निर्णय लिए जाएंगे। वहीं धर्म संसद में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के अलावा पीएचइडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। धर्म संसद का आयोजन 27 अक्टूबर को 12 से शाम 6 बजे तक होगा। धर्म संसद के बाद भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। भजन संध्या में देश के कई प्रमुख भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

विधायक व पूर्व विधायक ने भंडारे में की सेवा प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु ग्रहण कर रहे हैं प्रसाद

गौरतलब है कि प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ स्थल पर बने भंडारे में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वही बड़ी संख्या में लोग श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए सेवा में लगे हुए हैं। विधायक भानू प्रताप शाही और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय सहित सैकड़ों लोग भी श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। भानू रसोईघर में जाकर जहां सब्जी काटते दिखे वहीं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव लोगों को खुद खाना परोसा रहे थे। महिला, पुरुष व साधु संतों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। भंडारे में सभी भोजन शुद्ध घी में बनाया जा रहा है। 400 कारीगर व मजदूर खाना तैयार कर रहे हैं वहीं भोजन परोसने के लिए सैकड़ों की संख्या में वोलेंटियर को लगाया गया है।

सड़क पर बढ़े वाहन

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल होने बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्री बंशीधर नगर पहुंच रहे हैं। इसके कारण सड़क पर गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गयी है। पूरे दिन शहर की सभी सड़कों पर जाम की स्थिति रही। सबसे अधिक समस्या यज्ञ स्थल से बजरंग बली मोड़ तक रही, जहां पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। भवनाथपुर रोड, मेन रोड के अलावा गढ़वा की ओर जाने वाली वैकल्पिक अधौरा रोड में भी जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस द्वारा संभावित भीड़ को देखते हुए पहले से ही कई रूट को डाइवर्ट किया गया था। शहर के सभी चौक-चौराहों और रोड पर ट्रैफिक को लेकर पुलिस की व्यवस्था की गई है, लेकिन सभी सड़कों पर हेवी ट्रैफिक रही। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

मनरेगा लाभुकों को बड़ी राहत, बीडीओ ने पुरानी व्यवस्था को किया लागू

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

प्रखंड के नवनियुक्त बीडीओ राहुल कुमार सानू ने मनरेगा लाभुकों के लिए गुरुवार को एक बड़ा निर्णय लिया। उन्होंने नई व्यवस्था को रद्द करते हुए पुरानी व्यवस्था को पुनः लागू कर दिया है। बुधवार को जारी किए गए अपने पत्र में प्रखंड की सभी पंचायतों सचिवों को उन्होंने पंचायत स्तर पर ही मनरेगा योजना की मापी पुस्तिका निर्गत करने और उसका संधारण करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्हें सख्त लहजे में चेताते हुए कहा है कि मनरेगा की नई योजना संचालन के लिए माफी पुस्त निर्गत हेतु मास्टर रोल एवं अभिलेख के साथ संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव अद्धो हस्ताक्षरी के पास उपस्थापित करने का काम करेंगे। वहीं इसका

पंचायत स्तर पर ही योजना की मापी पुस्तिका निर्गत करने और उसका संधारण करने का निर्देश

उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी बात अपने पत्र में बीडीओ ने कही है। मामले की प्रतिलिपि उनके द्वारा प्रखंड के सभी रोजगार सेवक सभी मुखिया के साथ-साथ बीपीओ को भी देने का काम किया गया है। विदित हो कि वर्ष 2011 से संचालित होती आ रही मनरेगा योजना की माफी पुस्त पंचायत से ही निर्गत होते आ रहा था, लेकिन महज कुछ वर्षों से पंचायत के बदले प्रखंड कार्यालय से माफी पुस्त का निर्गत होना शुरू हो गया था। इसके कारण मनरेगा लाभुकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

गढ़वा सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ने किया पाठशाला का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा सीआरपीएफ के महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाला बूढ़ा पहाड़ स्थित सीआरपीएफ कैंप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बूढ़ा पहाड़ पर चलाई जा रही पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों से मिलकर उनसे संवाद किया। साथ ही उनके बीच सामग्री का भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के बारे में विभिन्न तरह की जानकारियां लीं। मौके पर सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेड नृपेंद्र कुमार सिंह ने पाठशाला को और बेहतर करने के लिए शाहिद व उनके परिजनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। महानिरीक्षक ने सीआरपीएफ द्वारा किए जा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कुलही सीआरपीएफ कैंप में चलाए जा रहे जन कल्याण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जनकल्याण केंद्र में ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कमांडेंट ने महानिरीक्षक से राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा और सीआरपीएफ की ओर से मिलने वाली सुविधा के बारे में की जानकारी दी। मौके पर उपमहानिरीक्षक पलामू पंकज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार, अभियान एसपी विवेकानंद, उप कमान अधिकारी दीपक कुमार, सहायक कमांडेंट नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

खरसोता में मां दुर्गा की विदाई के बाद सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरसोता में मां दुर्गा की विदाई के पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन डॉक्टर राज किशोर प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। नवरात्र में सक्रिय सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष एवं गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं मेडल देकर समाजसेवी डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं इसी दौरान भंडारा एवं महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन दुर्गा पूजा कमेटी के सचिव ओम प्रकाश मेहता, अध्यक्ष अच्छेबर प्रसाद की देखरेख में किया गया। समान समारोह के मुख्य अतिथि कैलाश राम उपस्थित थे। मौके पर मुखिया रीता देवी,

राघव चौधरी, कामेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष विनोद राम, कोषाध्यक्ष विपिन चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष संजय कमलापुरी, शिव महिमा केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजकिशोर प्रसाद, रामा मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, महावीर राम, वीरेंद्र यादव, रामाशंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

छठ पूजा के आयोजन को लेकर कमेटी की गई गठित

रमना। मुरती टोला बगौंधा में श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को छठ पूजा समिति एवं ग्रामीणों की बैठक सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में हुई। इसमें छठ पूजा के सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक विचार किया गया। सर्वसम्मति से गंगा तालाब छठ पूजा घाट परिसर में धूमधाम से छठ पूजा करने, सूर्य भगवान की प्रतिमा स्थापित करने, छठ व्रतियों के लिए टेंट, रौशनी, मोटर झरना लगाने, छठ घाट एवं हनुमान मंदिर को सजाने, परिसर की साफ सफाई करने, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति जागरण व धार्मिक झांकी प्रस्तुति कराने आदि का निर्णय लिया गया। वहीं चंदा संग्रह टीम का गठन किया गया, जिसमें नरेश साह, पपु बियार, कमलेश बियार, धर्मेंद्र बियार, बबलू बियार, जयप्रकाश बैठा, सुनील प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, ललू प्रजापति, संजय प्रजापति, अमित प्रजापति शामिल हैं। बैठक में रामलाल बियार, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मोती बियार, रामप्रीत बियार, जयराम वियार, सोमारू बियार, सुदामा बियार, अशोक साह, रामप्रवेश गुप्ता, सर्विस गुप्ता, जयप्रकाश यादव, मनोज गुप्ता, शंकर बैठा, रामजी बियार, रामनाथ बियार, घनश्याम गुप्ता, बिंदु बियार, दुर्गा बियार आदि उपस्थित थे।

प्रक्रिया खरौंधी में सीओ की पोस्टिंग पर झामुमो नेताओं ने सरकार को दी बधाई

खरौंधी में हुई सीओ सुनील की पदस्थापना

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बीडीओ गणेश महतो को स्थानांतरित खूंटी के अड़की में हो जाने से ब्लॉक, अंचल तथा एफसीआई गोदाम तीनों रिक्त हो गये थे। बीडीओ के चले जाने से ब्लॉक, अंचल तथा एफसीआई गोदाम का संचालन प्रभार के भरोसे होने की उम्मीद थी, जिससे आम अवाम को काफी परेशानी होती।

खरौंधी प्रखंड में सीओ बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गई थी, परंतु राज्य सरकार ने गुरुवार को सीओ पोस्टिंग का नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें सुनील कुमार झा.प्रा. सेवा को खरौंधी प्रखंड का

सीओ बनाया गया है। उनके पोस्टिंग से जनता में उम्मीद जग गयी है। कुछ माह पूर्व नीतीश रोशन खलखो को खरौंधी का सीओ बनाया गया था, लेकिन बाद में नीतीश रोशन खलखो ने भाग दौड़ करके अपना स्थानांतरण गुमला जिला के सिसई में करा लिया। वहीं बीडीओ गणेश महतो का कई दिनों पहले खूंटी के अड़की प्रखंड में पदस्थापना हो गयी थी, लेकिन खरौंधी में सीओ बीडीओ के पोस्टिंग नहीं होने से वे किसी को प्रभार नहीं दे पाए थे।

सहायक अध्यापक को दिया गया प्रभार

केतार। केतार प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत के गुरूड़ गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शकुंतला कुमारी ने गुरुवार को विद्यालय का संपूर्ण प्रभार विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रवेश कुमार को दे दियौ। शकुंतला कुमारी ने बताया कि 31 अक्टूबर को वो सेवानिवृत हो रही है। वहीं विद्यालय के नये प्रभारी प्रवेश कुमार ने कहा की 31 अक्टूबर को विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा।

खरौंधी में सीओ की पोस्टिंग करने पर झामुमो नेताओं ने राज्य सरकार को बधाई दी है। इसमें झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमो कार्यसमिति सदस्य बिनोद यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, शशि पासवान, सतेंद्र बैठा, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन, रामसुभाग राम, विष्णु बैठा, देवबश गुप्ता, अजित यादव शामिल हैं।

आठवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए एआरडी पब्लिक स्कूल के संस्थापक

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

अवध राज देवी ट्रस्ट की ओर से संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक सह निदेशक पीके दुबे के पिता स्व. रामधारी दुबे की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। धर्मपत्नी अवध राज देवी ने स्व. दुबे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत की। मौके पर स्व. दुबे के ज्येष्ठ पुत्र शिक्षक अरविंद कुमार दुबे ने अपने पिता के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं पीके दूबे ने कहा कि उनके पिताजी एक सीधे-साधे व धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान थे। प्राचार्या आणिमा पांडेय, संजीव कुमार दूबे, नवनीत कुमार मिश्र, आदर्श कुमार तिवारी, नवनीत कुमार चौबे आदि ने

भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन स्व. दुबे के छोटे पुत्र बैंककर्मी राजीव कुमार दुबे ने किया। मौके पर ओमप्रकाश चौबे, जमुना मिश्रा, संजीव कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार चौबे, नवनीत कुमार चौबे, आकर्ष कुमार तिवारी, अमित मिश्रा, ममता तिवारी, एकता कुमारी, नीतू दूबे, प्रियंका कुमारी, रीता देवी, साधना देवी, उज्जवल कुमार दुबे, प्रशांत कुमार दुबे, प्रतिमा विश्वकर्मा, निरंजन प्रसाद गुप्ता, अश्विनी कुमार, बिट्टू सिंह, नूरानी खातून, रंबीता पाल, रागिनी कुमारी, मिली चौधरी, दीक्षा रानी, दिव्यम राज, सक्षम, अंश, वैभव, देव, दामिनी, कृति, अनन्या, राजेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

गागर में सागर

अरविंद बने आयुक्त के सचिव

मेदिनीनगर। अरविंद कुमार (झा.प्र.से) को गुरूवार को आयुक्त के सचिव के पद पर पलामू प्रमंडल के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो थे, जिनसे वे पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार झारखंड प्रशासनिक सेवा के द्वितीय बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य होगा।

बाइकों की टक्कर में दो घायल

मेदिनीनगर। बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम घटित सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सरईडीह निवासी मोकेंद्र कुमार उम्र 40 वर्ष और रमेश मांझी उम्र 45 वर्ष बाइक से मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी बीच कुटमु मोड़ के पास एक दूसरे बाइक की टक्कर में दोनों घायल हो गए। समीप स्थित लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया।

मिलकर पर्व मनाना हमारी पहचान

मेदिनीनगर। दुगार्पूजा व दशहरा के उपलक्ष्य में यंग जागृति संघ कौड़िया के तत्वावधान में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि मिलकर पर्व मनाना सनातन संसकृति की पहचान है। सफल आयोजन के लिए उन्होंने ग्रामीणों की सराहना की। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए श्री देव ने बालिका शिक्षा पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में यंग जागृति संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। देर रात तक सभी ने जागरण का लुत्फ उठाया।

नेहरू युवा केंद्र ने किया मेरी माटी कार्यक्रम का आयोजन

मेदिनीनगर। नेहरू युवा केंद्र, पलामू के द्वारा एन.वाई.वी अमन कुमार के नेतृत्व में नौडीहा बाजार प्रखण्ड अंतर्गत सरईडीह में प्रखंड स्तरीय मेरी माट्टी- मेरी देश का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उच्च विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं संस्थान के संचालक दिलीप कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि संजीत कुमार, उच्च विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता एवं दीपक कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश उन वीर सपूतों को श्रद्धांजली है जिन्होने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप जिस क्षेत्र में भी रहें देश के लिए समर्पित रहें, मन राष्ट्र प्रथम की भावना को रखें। वहीं संजीत कुमार ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लोग सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

हार के डर से बौखला गये हैं पांकी विधायकः सन्नू

मेदिनीनगर। झामुमो ने पांकी विधायक शशिभूषण मेहता द्वारा दिए गए विवादित बयान की कड़ी निन्दा की है। पार्टी के जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी ने आरोप लगाया कि हार के डर से विधायक समाज को बांटने की साजिश में जुट गये हैं। जाति की राजनीति से इनका मन ऊब गया तो अब धर्म की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक जिस तरीके से निम्न स्तर की बयान बाजी कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि सभावित हार को सामने देख वे मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बातों से प्रतीत होता है कि भाजपा विधायक की बातों और हरकतों से लगता है कि पिछले दिनों घटित पांकी दंगे में कहीं न कहीं इनका भी हाथ था। उन्होंने इसकी गहन जांच कराये जाने की मांग की। जिला सचिव ने कहा कि पलामू की जनता गंगा जमुनी तहजीब को मानती है। पलामू के समाज को आपस में बाटना असंभव है। आम जनता पांकी के भाजपा विधायक को गांवों में घुसने नहीं देगी। उनकी जमानत तो जब्त कराएगी ही, पांकी विधानसभा में घुसने भी नहीं देगी।

अमृत भारत स्टेशन स्कीम में अपना डालटनगंज रेलवे स्टेशन

यहां प्रतिदिन 5000 से 6000 तक यात्रियों का आवागमन

स्वीटी कुमारी

मेदिनीनगर। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत डालटनगंज रेलवे स्टेशन को लिया गया है। इस स्टेशन से प्रतिदिन 5000 से 6000 तक यात्रियों का आवागमन होता है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन में ऐसे पांच प्लेटफार्म हैं। लेकिन केवल तीन प्लेटफार्म यात्रियों के ट्रेन के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से मुख्य प्लेटफार्म नंबर एक अप गाड़ियों के लिए हैं। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन डाउन गाड़ियों के लिए है। रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत है। इसलिए इसका मुख्य प्लेटफार्म नंबर 1 को 6 इंच और मोटा किया जा रहा है। जिसकी लंबाई 550 मीटर की होगी। इस 6 इंच के ढलाई से प्लेटफॉर्म ऊंचा होगा । जिससे यात्री ट्रेन में सीधे प्लेटफार्म से कोच के अंदर और कोच से प्लेटफार्म पर आ सकते हैं। इस समय 6 इंच के लिए ढलाई केवल प्लेटफार्म नंबर एक पर की जाएगी। जिसकी शुरूआत हो चुकी है। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन इन दोनों प्लेटफार्म के 550 मीटर लंबाई को अच्छे टाइल्स लगाया जाएगा । प्लेटफार्म नंबर एक पर 6 इंच की ढलाई और बचे हुए बचे हुए टाइल्स लगाया जाएगा।

पलामू में अलग-अलग जगहों पर दो को गोली मारी, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में अपराधी ने एक युवक को गोली मार दी। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पंडाल में पूजा के बाद रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ का प्रवचन चल रहा था। उसके बाद भक्ति जागरण कार्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी। इसी बीच वीरेंद्र नाम के युवक ने फायरिंग कर दी। जिससे शीतल कुमार चौधरी के पैर में गोली लग गई। आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोग शीतल को एमएमसीएच में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी युवक फरार हो गया है। चैनपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे ने बताया कि जख्मी युवक का फर्द बयान लेने के लिए पुलिस रांची जाएगी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। हालांकि फिलहाल जख्मी युवक के परिजनों की तरफ से कोई आवेदन पुलिस को नहीं दिया गया है। इसलिए अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। गुरूवार को डीएसपी सुरजीत कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंच ग्रामीणों से पूछताछ की। वहीं दूसरी घटना में के रेहला थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। गोली युवक के सिर और पीठ में लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्तगी में जुट गई है। रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा इलाके में गुरुवार की सुबह 10 बजे के करीब एक युवक का शव पड़ा देख ग्रामीण सन्न रह गये। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी रेहला थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार युवक रेहला का नहीं है। जिस इलाके से शव बरामद किया गया है। वह इलाका सुनसान है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कर रही छापामारी

31 अक्टूबर को पलामू में चार हजार युवाओं को ऑफर लेटर देंगे सीएम

कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन रेस

डीसी ने की पदाधिकारियों संग बैठक, सौंपे टास्क

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में प्रस्तावित कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर देंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन सक्रिय हैं। इसे लेकर उन्होंने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपा। 31 अक्टूबर के दिन सीएम पलामू प्रमंडल अंतर्गत कौशल विकास के तहत 4 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौंपेंगे, वहीं नियोजन विभाग के तहत 600 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावे नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का टास्क सौपा। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने रुट लाइनिंग, सेफ हाउस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, वाहन पार्किंग, विधि-व्यवस्था सहित अन्य बिंदु पर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम आज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के व्यापक रूप से प्रचार प्रसार एवं बीएलओ के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से 27 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे के मध्य विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष हैश टैग अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त पलामू ने जिले के आम नागरिकों, सभी पदाधिकारी, सभी कर्मी, समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों से अपील किया है कि उक्त अभियान के दौरान अपने सबंधित मतदान केंद्र पर जाकर वंहा उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी फोटो लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करें। साथ ही झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सभी सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम को टैग करेंगे।

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवादाता

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुंदरिया गांव के समीप दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर भी मौत हो गई। जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच उस रास्ते से पांकी विधायक शशि भूषण मेहता गुजर रहे थे। उन्होंने इस घटना को देखते हुए तुरंत अपना वाहन रोककर सभी घायलों को अपने वाहन से इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया जहां घायलों का इलाज चल रहा है।वही घटना की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजने दिया था। इस घटना के बाद घटना को देखने के लिए सैकड़ो स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। इस घटना के बाद पांकी स्थानीय विधायक शशि भूषण मेहता सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों घायलों को इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताते चले कि लाख प्रयास के बाद भी नाबालिक बिना हेलमेट वहां चला रहे हैं जिसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि बाइक दुर्घटना होने के बाद नाबालिकों की मौत हो रही है।

पलामू सीट पर आईएनडीआईए गठबंधन की आसान नहीं डगर

कांग्रेस, राजद के साथ झामुमो का भी झकझूमर

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा सीट बंटवारे को लेकर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन की डगर आसान नजर नहीं आ रही है। झारखंड के अहम सीट को लेकर प्रदेश में सत्तारूढ गठबंधन में शामिल झामुमो, कांग्रेस के साथ राजद की भी इस सीट पर नजर है। पलामू संसदीय सीट कभी कांग्रेस का अभेद किला रही थी। किंतु 1991 के भगवा लहर पर सवार रामदेव राम ने कांग्रेस की कमला कुमारी को परास्त कर पार्टी का वर्चस्व समाप्त कर दिया। रामदेव राम के बाद बृजमोहन राम भी बीजेपी के टिकट पर पलामू का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उसके बाद से कांग्रेस पार्टी इस सीट पर कभी वापसी नहीं कर पाई है। बीच में राजद के जोरावर राम, घूरन राम व मनोज भूईयां के साथ झामुमो के कामेश्वर बैठा ने पलामू से लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने में सफलता प्राप्त की है। किंतु देश में मोदी मैजिक शुरू होने के बाद से ही बीडी राम लगातार दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव में मोदी लहर पर सवार एनडीए गठबंधन को केंद्र की सत्ता से पदच्युत करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने गठबंधन किया है। इसमें प्रदेश में सत्तारूढ झामुमो, कांग्रेस व राजद भी शामिल हैं। पुराना गढ होने के कारण जहां कांग्रेस किसी भी कीमत पर इस सीट को नहीं छोडना चाह रही है। वहीं पूर्व में प्रतिनिधित्व करने वाले राजद व झामुमो भी इस सीट से अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। भाजपा के अंदर खाने में जारी है खींचतान अंदर-बाहर के मुद्दे पर इस बार भाजपा के अंदर भी रार मचने की चर्चा जोरों पर है। बाहरी होने की बात कहकर जहां कतिपय भाजपा कार्यकर्ता सांसद बीडी राम की दावेदारी का विरोध कर रहे हैं। वहीं कई अन्य दावेदार भी टिकट के लिए एडी-चोटी का जोर लगाये हुए हैं। राजद से भाजपा में आये पाटन विधायक पुष्पा कुमारी के पति पूर्व सांसद मनोज कुमार, महिला नेत्री ममता भुईयां सहित कई नामों की चर्चा जोरों पर है।

भांजे को मामी से हुआ प्यार तो मामा ने करा दी शादी

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के पकरी गांव निवासी मामी व भांजे प्यार की भनक लगने पर मामा ने राजी खुशी दोनों की शादी करा दी।जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के पकरी गांव निवासी सुबई भुइयां की शादी रीता देवी के साथ हुई थी। काम-धंधे को लेकर सुबई ज्यादातर बाहर ही रहता है। बताया जाता है कि पत्नी के साथ उसका संबंध भी अच्छा नहीं था। पत्नी के असामान्य व्यवहार को लेकर वह परेशान भी रहता था। बाद में पता चला कि उसके भांजे प्रिंस के साथ उसकी पत्नी का प्रेम संबंध है। इसके बाद उसकी रजामंदी से ग्रामीण प्रेमी युगल को लेकर किशुनपुर ओपी पहुंचे। जहां दोनों ने प्रेम संबंध स्वीकार करते हुए शादी करने की ख्वाहिश जताई। उसके बाद सर्व सम्मति से डिहरिया स्थित यज्ञ स्थल पर दोनों की शादी करा दी गई।

आपसी सौहार्द व एकता की मिसाल है कौड़िया पंचायत : भीष्म

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के तीनकोनिया टोला में दुर्गा पूजा के मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया के प्रतिनिधि भीष्म चौरसिया, जिला परिषद बासो देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, बीस सूत्री सदस्य प्रेमप्रकाश ठाकुर, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, रामनवमी पूजा कमिटी के अध्यक्ष टाईगर कुमार, पूजा कमिटी के अध्यक्ष सुबोध कुमार, ललन चौधरी, अनूप सिंह, एएसआई समाल अहमद, अनिल कुमार विश्वकर्मा, अवधेश विश्वकर्मा, पूर्व जिला पार्षद अर्जुन सिंह, उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह, मुकेश पांडेय,अजय चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूजा समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति की। कलाकार सूरज तहलका, प्रियंका सिंह की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कौड़िया पंचायत सांप्रदायिक सौहार्द, एकता व भाईचारे की मिसाल है। मौके पर राजेश सिंह, अविनाश गुप्ता, हरिनंदन सिंह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता मौजूद थे।

प्रदूषण रूपी रावण का दहन करने की है जरूरत : कौशल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल व उनका परिवार ने नवरात्र के समापन पर डाली बाजार में भक्ति जागरण का शुभारंभ फीता काटकर किया। कार्यक्रम में जिला पार्षद व मुखिया ने क्षेत्र के सम्मानित लोगों को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला पार्षद ने अपने क्षेत्र में 27 अक्टूबर को करीब तीन करोड़ की लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 से इस मैदान में मेरे पिता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा मेला व रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि रावण का पुतला दहन के बाद लोगों को अपने अंदर की रावण रूपी अहंकार को जलाने की जरूरत है तभी हम समाज में एकरूपता और शांति सौहार्द का वातावरण कायम कर सकते हैं। मौके पर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम प्रसाद सचिव श्रवण जायसवाल, कोषा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद , संरक्षक रामजन्म यादव, कौशल नगर में मेला व संस्कृत भक्ति जागरण कमेटी के अध्यक्ष पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिव जुबेर अंसारी, कोषाध्यक्ष बाबूराम उपाध्यक्ष गुलाम गौस, संरक्षक, सूचित जायसवाल, राम लालू प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, के अलावे प्रमुख लोगों में संजय यादव, मनोज यादव ,देवराज विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सुमित जायसवाल, रॉकी कुमार, अमन कुमार, मनोज विश्वकर्मा, श्याम नारायण सिंह , ईश्वर यादव, रामजन्म यादव, दीनानाथ प्रसाद, डॉक्टर महेंद्र राम, विनोद यादव, धर्मदेव यादव, शिवनाथ राम, अवधेश राम, विनोद राम, कैलाश यादव, बिजय सिंह, विशु देव सिंह, मुन्तजिर अनसारी समेत हजारों की संख्या में हिंदू मुस्लिम उपस्थित थे।

सहयोग भाजपा के 'मेरी माटी मेरा देश का प्रखंड स्तरीय समापन

वीर शहीदों को सम्मान मोदी सरकार ही दे सकती है : शशि भूषण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री महावीर मंदिर चैनपुर बाजार के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का प्रखंड स्तरीय समापन किया गया। इसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास ने किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे के साथ भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि प्रखंड में मिट्टी संग्रह बूथ स्तर से लेकर पंचायत एवं प्रखंड के कार्यकताओं द्वारा किया गया है। इस चैनपुर प्रखंड के पावन धरती की मिट्टी प्रदेश होते हुए दिल्ली भेजी जायेगी। मनोज दास ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही लक्ष्य है कि अपने देश के वीर शहीदों के सम्मान मे जन-जन की भागीदारी हो। कुछ सालों पहले इसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लौह संग्रह का कार्यक्रम चलाया गया था, तब एक-एक गांव के कार्यकर्ता लोहा संग्रह किया था और महापुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा बनाने में जन-जन का सहयोग रहा। आज हम लोग जब गुजरात शहर के नर्मदा तट पर जाते हैं तो अपने आप से गर्व महसूस करते हैं कि हमारे घर का भी लोहा प्रतिमा में लगा है। मौके पर भाजपा के महामंत्री मनीष पांडे,रूपेश कुमार,संयोजक राजेश सिंह, मोर्चा अध्यक्ष विनोद बैठा, मुखिया दीनानाथ मांझी, लवलेश प्रजापति,उपाध्यक्ष ईश्वरि प्रसाद, मंत्री रामलाल प्रसाद,कोषाध्यक्ष सुजीत पासवान,लाला पासवान, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल, लाल बाबू पासवान, धर्मदेव सिंह, केदार राम, महेंद्र प्रसाद, अमन मालाकार, दिनेश कश्यप, दिनेश प्रजापति,म-हेंद्र सिंह व मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गागर में सागर

कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी की मौत पर कुडू प्रखंड में छाया शोक

कुडू। कराटे की गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी आशी आदिति केरकेट्टा के आकस्मिक निधन से कुडू प्रखंड के खेल प्रेमियों में शोक छाया है। गुरुवार को प्रखंड परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, कोच अमित कुमार सिंह, आदिति के अभिभावक और सभी खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रख नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। मौके पर सीओ ने कहा कि अत्यंत दुःखद क्षण है। हमने एक प्रतिभावान खिलाड़ी को खो दिया है। उन्होंने कहा कि आज कल के बच्चों को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक रूप से भी मजबूत होने की जरूरत है।

युवती ने जहर खाकर की खुदकुशी

गुमला। खोरा ग्राम निवासी एक युवती ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया गया, जिसकी इलाज के लिये रांची रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। गुमला सदर थाना स्थित भकुआ टोली निवासी 19 वर्षीय पाचो कुमारी ने घरेलू विवाद के कारण बुधवार की रात्रि में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस से उसे रांची रिम्स अस्पताल भेजा गया, परंतु पाचो कुमारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

नये समाहरणलय भवन का निरीक्षण

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को चंदाली स्थित निमार्णाधीन नए समाहरणलय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण में उपयोग किए जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता जांच की और समाहरणालय भवन के डिजाइन को भी देखा। उन्होंने स्वयं सभी कमरों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बदलाव एवं त्रुटियों में सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कुछ कमरों के निर्माण में आवश्यकता अनुसार बदलाव भी करने के निर्देश दिए।

ठेका प्रथा का विरोध, प्रतिवाद दिवस कल

लोहरदगा। नगर परिषद लोहरदगा में ठेका प्रथा के विरोध में प्रतिवाद दिवस 28 अक्टूबर को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी महेश कुमार सिंह ने दी। सिंह ने कहा कि सफाई के मामले में नगर परिषद लोहरदगा दो-दो बार पारितोषिक पा चुका है। इससे साफ दृष्टिगोचर होता है कि लोहरदगा नगर परिषद के सभी सफाई कर्मी अपने कार्य के प्रति ईमानदार एवं लगनशील हैं। वर्तमान में नगर परिषद लोहरदगा में ठेका प्रथा से सफाई कार्य कराने की साजिश की जा रही है। पूर्व में भी एक बार ठेका प्रथा से सफाई कार्य शुरू किया गया था, जो फेल हो गया था। तब से नगर परिषद प्रशासन स्वंय सफाई कार्य करा रहा है तथा इससे आम जनता को भी राहत मिली है तथा फिर दूसरी बार सफाई कार्य में लोहरदगा नगर परिषद को पारितोषिक मिला। ठेका प्रथा से सफाई कार्य कराने में पैसे का बंदरबांट होता है।

विद्यार्थियों ने सीखे वैज्ञानिक प्रयोग

लोहरदगा। विद्या भारती में बालिका शिक्षा विभाग के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर

सेन्हा के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग सीखे। यात्रा में 11 छात्र-छात्राओं के एक दल ने मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं में संबंधित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा न सिर्फ प्रयोग उपकरणों से परिचय कराया गया बल्कि कई वैज्ञानिक प्रयोग भी कराए गए। जीव विज्ञान की आचार्या यशोदा कुमारी ने माइक्रोस्कोप देखना व स्लाइड बनाना सिखाया। भौतिकी की आचार्या ऋद्धि मिश्रा ने उत्तल लेंस, अवतल लेंस, प्रिज्म आदि के बारे में जानकारी दी और रासायन की आचार्या स्नेहा शर्मा ने एसिड और बेस का ढल मापना और उपकरणों के बारे में जानकारी दी। भैया-बहनों में सुभद्रा कुमारी, अर्चना कुमारी, संतोषी कुमारी, संध्या कुमारी, दिव्या उरांव, अर्पण कुजूर, नीतीश कुमार, आदित्य कुमार, राहुल बैठा, अक्षत ईश्वर सहाय, सुरजीत उरांव और संरक्षक आचार्यो में राजकिशोर उरांव और डोली कविता उपस्थित थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सेन्हा विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

एसडीओ अरविंद लाल को दी गई विदाई, नए एसडीओ अमित कुमार का हुआ स्वागत

'जिले में शांति-व्यवस्था बनाये रखने में लाल का रहा अहम योगदान'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
अनुमण्डल दंडाधिकारी अरविंद कुमार लाल के प्रोन्नति व स्थानांतरण को लेकर समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि निवर्तमान एसडीएम अरविंद कुमार लाल ने अपने सहयोगियों के दिलों में जगह बनायी। लोहरदगा जिले में शांति-व्यवस्था बनाये रखनें में इनका अहम योगदान रहा। इनके अंदर एक शिक्षक और प्रशासनिक पदाधिकारी दोनों का गुण है जिसके कारण प्रशासनिक कार्यों एवं विधि-व्यवस्था में ये काफी सफल रहे। किसी भी चुनौती के समय इनके कदम नहीं डगमगाये। लोगों से मिलने-जुलने में ये काफी सौम्य व सहज रहे लेकिन विधि-व्यवस्था संधारण में हमेशा कड़े निर्णय लिये। इनकी वजह से अन्य वरीय पदाधिकारी बिल्कुल सहज रहे। शिक्षा के क्षेत्र में भी लाल ने बेहतर कार्य किया। वर्तमान में प्रत्येक प्रखंडों में पुस्तकालयों का गठन हो, चाहे जिला स्तर पर पुस्तकालयों में पठन-पाठन का कार्य हो, हमेशा इन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान किया। लोहरदगा जिला से आगे भी ये जुड़े रहें, यही अपेक्षा है। लोहरदगा जिला में पुस्तकालय व यहां आने वाले छात्रों के लिए आपका योगदान कभी भुलाया नहीं जायेगा। अभी जो नई जिम्मेवारियां मिली हैं, उम्मीद है कि आप उसमें भी बेहतर साबित होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने इस मौके पर कहा कि लाल के कार्यों से पता चलता है कि लोहरदगा जिला के नब्ज पर इनकी काफी अच्छी पकड़ है। बीते दिनों कई

त्योहारों में साथ काम करने का मौका मिला तो पता चला कि ये कितने बेहतर प्रशासनिक पदाधिकारी हैं। इनकी प्रशासनिक क्षमता और लोगों से मिलजुल कर अपनी बात रखने का इनका तरीका बेहद अलग था जो काफी प्रभावी था। ऐसे पदाधिकारी का यहां से स्थानांतरण लोहरदगा जिला के लिए नुकसान है। इन्होंने सद्भावना मंच और शांति समितियों की बैठक के जरिये बेहतर कार्य किये जो व्यवस्था आगे भी चलती रहेगी। वहीं उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता ने लाल के साथ अपने अनुभव को साझा किया और बेहद भावुक हो गये।

वहीं लाल ने कहा कि लोहरदगा जिला में रहते हुए अनुमंडल कार्यालय के साथ-साथ कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व का भी कार्य देखने का मौका मिला। शुरू से ही अध्यापन कार्य में मन लगता था। प्रशासनिक नौकरी करने की इच्छा नहीं थी लेकिन नौकरी मिलने पर पहला पदस्थापन पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा में हुआ। वहां कुछ दिनों तक रहा तो अनुभव हुआ कि प्रशासनिक नौकरी के जरिये कई चीजों को ठीक किया जा सकता है। लोहरदगा जिले में बेहतर प्रशासनिक पदाधिकारियों व कर्मियों का साथ मिला। वहीं नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पाकुड़ में मतगणना कार्यों के दौरान लाल से मुलाकात हुई थी। उस समय उनके दिये गये निदेर्शों के कारण बहुत अच्छे तरीके से मतगणना कार्य सफल हुआ था। उनके कार्य करने का तरीका और व्यक्तित्व बेहतरीन है। उनके द्वारा लोहरदगा जिले में जो बेहतर कार्य किये गये हैं उन्हें आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डीडीएमो विभाकर और प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने अपने विचार व्यक्त किये।आज के कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के कर्मीगण उपस्थित थे। लाल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

दो सड़क दुघर्टनाओं में तीन की मौत

चार लोग घायल, पहली घटना में बोलेरो की दो बाइक के साथ सीधी टक्कर, दूसरे हादसे में दूध वाहन की चपेट में आए दो बाइक सवार

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
जिले के घाघरा थाना स्थित चपका बजरंगबली मंदिर के समक्ष हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में एक बोलेरो की दो बाइक के साथ सीधी टक्कर में एक की की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रॉकी ग्राम निवासी दिनेश उरांव, पाकर टोली घाघरा निवासी बबलू उरांव एवं निशांत उरांव एक बाइक पर सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर देवाकी कुसुम टोली निवासी जायमुनी कुमारी और रॉकी ग्राम निवासी वासील उरांव सवार थे। पांचों व्यक्तियों को इलाज के लिए घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल दिनेश उरांव और बबलू उरांव को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। वहीं डॉक्टर ने वासिल उरांव को मृत घोषित कर दिया। घाघरा

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचकर उक्त घायलों का इलाज करवाने के बाद मृतक वासिल उरांव के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद वासिलके शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

वहीं जिले के पालकोट थाना स्थित बंगारू गांव स्थित श्री बजरंगबली मंदिर के समक्ष हुई दूसरी सड़क दुर्घटना में दूध वाहन की चपेट में आने के कारण दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि बिलिंग बीरा पंचायत के केलेकेरा ग्राम निवासी गंगा खड़िया और सूदन खड़िया की सड़क हादसे में घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजा। पोस्टमार्टम के बाद उक्त दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त दोनों युवक अपनी बाइक पर सवार होकर पालकोट से बनईडेगा ग्राम जा रहे थे। इसी क्रम में पालकोट थाना स्थित बंगारू ग्राम के श्री बजरंगबली मंदिर के समक्ष मुख्य राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर मेधा दूध वाहन से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

उल्लास के बीच संपन्न हुआ चट्टी का ऐतिहासिक जतरा

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

लोहरदगा, रांची और गुमला जिले के सीमांत स्थित चट्टी का ऐतिहासिक जतरा गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में लोग जतरा में शामिल हुए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इससे पहले जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि जतरा सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आपसी दूरियां को पाटने में जतरा की हमेशा बड़ी भूमिका रही है। जतरा में आयोजित पारंपरिक गीत नृत्य में झारखंड का इतिहास छुपा है। विरासत में मिली इस संस्कृति को जिंदा रखना जरूरी है। इस दौरान आजसू के विधानसभा प्रभारी नीरू शांति एक्का, आजसू के केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, सदस्य अंजू देवी, स्थानीय मुखिया कैली उरांव, उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली, दर्जन भर गांव के ग्राम प्रधान, पहान, जतरा आयोजन कमेटी के दूबराज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजदीप तिवारी, कृष्णा तिवारी, मुकेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, लक्की तिवारी, आकाश तिवारी आदि उपस्थित थे। जतरा का मुख्य आकर्षण कमेटी द्वारा आयोजित नागपुरी नृत्य कार्यक्रम और लापुंग से आये सांस्कृतिक खोडहा नृत्य दल था। इसके अलावे विभिन्न गावों से आये खोड़हा नृत्य समूह ने लोगों का जमकर मनोरंजन किया। कमेटी की ओर से सभी को पुरस्कृत किया गया। पूरा जतरा प्रांगण मांदर और नगाड़ों की आवाज से गुंजायमान था। बच्चों और युवाओं ने झूला व अन्य मनोरंजक स्टॉलों का आनंद लिया। मिठाई और अन्य दुकानों में भी भीड़ थी। शांति व्यवस्था में थाना प्रभारी गौतम कुमार, पुलिस के अन्य जवान, पदाधिकारी और कमेटी के लोग अपने दलबल के साथ जुटे थे। जतरा में बड़े वाहनों के प्रवेश रोकने के लिये चट्टी रांची मुख्य सड़क और चट्टी कैरो सड़क पर बैरीकेटिंग की व्यवस्था की गई थी।

दुर्गा पूजा के दौरान काट डाले सैकड़ों हरे पेड़

नवीन मेल संवाददाता। कुडू
एक ओर तो प्रशासन पर्यावरण सरंक्षण करने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर हरियाली महोत्सव मनाता है। लाखों पौधे लगाने के संकल्प लिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर धड़ल्ले से वनों का सत्यानाश किया जा रहा है। युकिल्प्ट्स के पेड़ों के नियमपूर्वक कटाई करने के सरकारी आदेश के बाद जैसे लोहरदगा जिले में वन तशकरो की चांदी सी हो गयी है। इस क्रम में कुडू थाना क्षेत्र के कुंदगढ़ा गांव में बंदोबस्ती की जमीन जो अनाबाद बिहार सरकार के खाते की है, पर लगे यूकिलिप्टस के हरे पेड़ों का कटान धड़ल्ले से किया जा रहा है।

ताज्जुब की बात तो यह है कि इसकी जानकारी वन समिति के अध्यक्ष सचिव को तो क्या वहां के गार्ड तक को नही दी गयी। सूचना पर पहुंचे गार्ड बिपिन टोप्पो ने जब पेड़ काटने का आदेश मांगा तो बोखौफ वन तस्करो ने उन्हें अपने अधिकारियों से बात करने को कह दिया और दो वाहनों में लकड़ी का बोटा भरकर

चलते बने। हालांकि दूसरे दिन फिर से हाइड्रा, ट्रक और लाओ लश्कर के साथ पेड़ काटने पहुंचे तो भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा के नेतृत्व में पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने पेड़ काट रहे लोगों को बिना आदेश दिखाए पेड़ नही काटने की हिदायत देते हुए बैरंग लौटा दिया। सवाल उठता है कि जब पेड़ काटने वालों के पास विभाग का आदेश था तब दिखाया क्यों नही। या वन तस्कर और वन कर्मियों का गठजोड़ इतना मजबूत है कि वो बिना किसी वैध दस्तावेज के ही बेखौफ होकर अपना काम कर रहे है। निष्पक्ष जांच होने पर के तथ्य सामने आयेंगे। बता दें कि किसी भी सूखे पेड़ को भी काटने से पूर्व विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। मामले में स्थानीय निवासी लाल दिगंबर नाथ शाहदेव ने बताया कि वन कर्मचारियों की मिली भगत से जंगल के हरे-भरे पेड़ कटवाए जा रहे हैं। इससे हमारे क्षेत्र का घना जंगल अब मैदान नजर आ रहा है। किसी का ध्यान इस ओर नही जाए इसलिए जब पूरा क्षेत्र दुर्गा पूजा मना रहा था तब माफियाओं ने सैकड़ों पेड़ काट डाले। इसकी शिकायत हम लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग मतदाता सूची को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि उक्त अवधि में बीएलओ द्वारा छूटे हुए मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान दावा आपत्तियां ली जाएंगी व उनका निराकरण भी किया जाएगा। इस वर्ष प्रथम चरण के अभियान में काफी अच्छी संख्या में नये मतदाताओं का जोड़ा गया। इस अभियान से जो मतदाता सूची तैयारी होगी उसमें फिर संशोधन नहीं होगा। आप भी अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर आश्वस्त हो लें कि किसी मतदाता का नाम छूटा तो नहीं है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में जो प्री फील्ड फॉर्म-6 दिये गये हैं उन्हें पूर्ण रूप से भर कर सभी प्रखंड मुख्यालयों में जल्द भेजा जाय ताकि तय समय में कार्य पूर्ण हो सके।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा प्रथम चरण के अभियान में जोड़े गये मतदाता, अपने मतदान केंद्र में बीएलओ के साथ सेल्फी लेने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को इस संबंध में मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष 28 नवंबर आदिम जनजाति समूह, 29 नवंबर को गृहविहीन व्यक्तियों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष की उम्र से अधिक एव वरिष्ठ नागरिकों के लिए अभियान चलाया जाएगा। 2 दिसंबर को तृतीय लिंग एवं यौन कर्मियों के लिए अभियान चलाया जाएगा। वहीं 3 दिसंबर को

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए फोकस अभियान दिवस संचालित किया जाएगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, राजनीतिक दलों की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नीशीथ जायसवाल, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बालमुकुंद लोहरा, भाजपा के अनिल उरांव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के दिलीप कुमार वर्मा, आजसू पार्टी के विलियम कुजूर और राजद के सुनील कुमार मेहता समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को सभी प्रखंड विकास पदाधकारी, अंचल अधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बीडीओ की अगुवाई में बीएलओ की हुई बैठक

भंडरा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक संपन्न हुई। इसमें आगामी 2024 चुनाव को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चरण-दो के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्य तेज करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार की प्रयोग से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ वह पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए छूटे हुए युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम जोड़े। मौके पर अनीता उरांव, नीलम कुमारी, सुमित्रा टोप्पो, प्रभात कुजुर सहित बीएलओ मौजूद थी। वहीं सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने भी बीएलओ के साथ बैठक की।

डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। इसमें प्रसव पूर्व जांच, पहली तिमाही में प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिला की एनीमिया जांच, गर्भवती महिला में हिमोग्लोबिन की कमी की जांच, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट द्वारा प्रसव कराना, जन्म के पहले एक घंटे में बच्चों को स्तनपान कराया जाना, अल्पवजन वाले जन्मे बच्चों की संख्या, डायरिया पीड़ित बच्चों का ईलाज, टीकाकरण, टीबी, कुष्ठ व मलेरिया के मिले मरीजों व उनके इलाज की स्थिति, आयुष्मान भवः अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रत्येक माह लगनेवाले स्वास्थ्य मेला, ग्राम स्तर लगाये गये स्वास्थ्य मेलों की संख्या, स्वास्थ्य उपकेद्रों के निर्माण आदि की स्थिति की समीक्षा विस्तारपूर्वक की गई। उपायुक्त ने नियमित रूप से प्रसव पूर्व जांच का कवरेज बढ़ाये जाने, संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने, नियमित रूप से गर्भवती महिला की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये।

पहल परिसर आए सांसद, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक ने बताया प्रेरणादायक

समिति के 'इसरो कैंपस' की लोगों ने की प्रशंसा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
थाना रोड स्थित तेतरतर दुर्गा पूजा समिति, चंद्रशेखर आजाद चौक में समिति द्वारा 'इसरो कैंपस' में परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद, भारत के महान वैज्ञानिक, वर्तमान चंद्रयान 3 के वैज्ञानिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई व मिसाइल में एपीजी कलाम के प्रयास से पोखरण परमाणु परीक्षण, 95000 पाकिस्तानी सैनिकों का भारतीय सैन्य अधिकारी के समक्ष सरेंडर, जल, थल ,नभ के आईएनएस विक्रांत, सुखोई, अग्नि 5, अर्जुन टैंक, अपाचे हेलीकॉप्टर जैसे आयुध का कट आउट देख व पढ़कर आमजन व विशेष कर विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी तथा मुक्त कंठ से प्रशंसा की! वहीं परिसर में ही ध्वनि प्रदूषण, वायु, जल प्रदूषण, पर्यावरण ,पैसे की खातिर क्रिकेट व फिल्म स्टार द्वारा

जुआ व गुटका का विज्ञापन करते स्टारों का बॉयकॉट की अपील, जंक फूड व शराब के दुष्परिणाम, दहेज, शहर की सफाई, सिविक सेंस, पॉलिथिन, रोड सेफ्टी के रूल्स आदि के होर्डिंग तथा एस्ट्रोनॉट्स व चंद्रयान-3 मॉडल के सेल्फी प्वाइंट को भी लोगों ने जमकर सराहा!

परिसर में आए लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने कहा कि युवाओं के लिए यह काफी प्रेरणादायक है तथा इसका मैसेज दूर-दूर तक जाएगा! लोहरदगा हटिया गार्डन निवासी व एनडीए क्वालीफाइंग किए व वर्तमान में लेह में एक यूनिट का कमांड कर रहे कमांडिंग ऑफिसर अरविंद कुमार ने कहा कि ज्ञान बढ़ाने व देश प्रेम जगाने का यह सराहनीय प्रयास है तथा हम इसे पूरे यूनिट को बताएंगे! रिटायर्ड आर्मी अधिकारी अशोक यादव व जुगल किशोर विनायक तथा सीआरपीएफ 158 के अधिकारीयों ने कहा कि यहां तो ₹भक्ति और शक्ति₹ दोनों प्राप्त हुए! विद्या मंदिर विद्यार्थी वह इसरो सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त युवा वैज्ञानिक शौर्यम राज ने कहा कि यह अद्भुत है। सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि परमवीर चक्र से सम्मानित शहीदों को यहां सच्ची श्रद्धांजलि देना प्रशंसनीय है। साइंस फॉर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद व शिक्षाविद् मदन मोहन पांडे ने कहा कि यह प्रेरणादायक तथा अनुकरणीय है व भविष्य में भी हो ऐसी उम्मीद है। समिति के सदस्य तथा थीम के प्लानर, डिजाइनर व आकार देने वाले संजय बर्म्मन ने कहा कि मैसेज देने के लिए धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक आयोजन एक बड़ा प्लेटफार्म होता है तथा हमने इसका पूरा सदुपयोग किया तथा आगे भी किया जाएगा।

गागर में सागर

प्याज की कीमतों में दिसंबर तक राहत के कोई आसार नहीं

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्याज की कीमतों में 25-50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और कीमतों 50 से 70 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। सबसे अच्छी क्वालिटी के प्यात की कीमत बुधवार को दिल्ली में 50 रुपये प्रति किलो को छू गई। महाराष्ट्र के बाजार में भी अच्छी क्वालिटी के प्याज लगभग इसी भाव पर बिक रहे हैं। कहीं-कहीं प्याज की कीमतें 60 से 70 रुपये प्रति किलोग्राम पर भी पहुंच गईं हैं। बाजार में खरीफ की फसल आने यानी दिसंबर महीने तक प्याज की कीमतों में उछाल जारी रहने की आशंका है। खरीफ सीजन में उगाया जाने वाला प्याज, जिसकी कटाई आमतौर पर अक्टूबर-नवंबर महीने में होती है, इस साल सितंबर के मध्य में आना शुरू हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार महाराष्ट्र में बुवाई क्षेत्र 36 प्रतिशत घटकर करीब 58,000 हेक्टेयर रह गई है जिसके कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। जानकारों के अनुसार दक्षिणी राज्यों कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में खरीफ प्याज की बुआई कम हुई है क्योंकि पिछले दो साल में किसानों को नुकसान हुआ है।

अमेजन.इन के साथ उत्सव की तैयारी करें

रांची। अमेजन.इन के साथ उत्सव की तैयारी करें। शानदार ऑफर पर उपहार और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी करें। साथ ही रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर 60% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक कूपन, कॉम्बो ऑफर और लाइटनिंग डील्स के माध्यम से अपनी बचत को अधिकतम कर सकते हैं, साथ ही 500 रुपये मूल्य की कार्ट बनाते समय सामर्थ्य बढ़ाने के लिए 120 रुपये या उससे ऊपर तक के ए-पे कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं। घरेलू आपूर्ति से लेकर पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, चॉकलेट और फिटनेस सप्लीमेंट्स पर ऑफर मिल रहा है। हल्दीराम के नागपुर रॉयल के इस विशेष दिवाली कॉम्बो में सोन पापड़ी, गुलाब जामुन, मठरी, ड्राई फ्रूट मिक्स और स्वादिष्ट रसगुल्ला शामिल हैं। इसे 885 रुपये में खरीदें। ड्राई फ्रूट्स उपहार बॉक्स पर 975 रुपये में खरीदें। प्रीमियम दिवाली गिफ्ट हैम्पर 549 रुपये में खरीदें।

एयरटेल एक्सट्रीम प्ले की पेड-सब्सक्राइबर्स की संख्या 5 मिलियन के पार पहुंची

रांची। भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) की वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, एयरटेल एक्सट्रीम प्ले के पेड सब्सक्राइबर्स की संख्या अक्टूबर महीने में पाँच मिलियन (50 लाख) के आंकड़े को पार कर गई है। इसके साथ ही यह देश में अभी भी सबसे तेजी से बढ़ रहा ओटीटी एग्रीगेटर बना हुआ है। कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी। एयरटेल एक्सट्रीम प्ले एक सिंगल ऐप पर संग्रहित ओटीटी कंटेंट का भारत का सबसे बड़ा संकलन प्रदान करता है। इसके ग्राहकों को सोनी लिव, लायंसगेट प्ले, चौपाल, होईचोई, फैनकोड, मनोरमा मैक्स, शेमारू मी, ऑल्ट बालाजी, अल्ट्रा, इरोज नाउ , एपिकऑन, डॉक्यूबे, प्लेफ्लिक्स आदि जैसे पार्टनर्स के उत्कृष्ट कंटेंट प्राप्त होते हैं। वे एयरटेल एक्सट्रीम ऐप पर न्यूनतम 148 रुपये के रिचार्ज के द्वारा 20 कंटेंट पार्टनर्स के 40,000 से अधिक मूवी टाइटल्स और शोज देख सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में एयरटेल डिजिटल के सीईओ, आदर्श नायर ने कहा कि, हालांकि भारत में 40 से अधिक ओटीटी ऐप्स और प्रीमियम वीडियो कंटेंट का व्यापक संग्रह उपलब्ध है, पर इसे खोजना और फिर भुगतान करना मुश्किल होता है। हमने हाल में ऑल्ट बालाजी, फैनकोड और प्लेफ्लिक्स को भी शामिल किया है जिससे हम शानदार कंटेंट के सबसे व्यापक सेलेक्शन और बीस मिलियन (2 करोड़) सब्सक्राइबर्स के आंकड़ें तक पहुंचने की अपनी महत्वाकांक्षा के और करीब पहुंच गए हैं।

केंद्र ने पिछले तीन वर्षों में कबाड़ से 776 करोड़ रुपये कमाए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि तीन हफ्तों में लगभग 86 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित 'स्वच्छता' अभियान ने 'कचरे से धन' की अवधारणा के बारे में जागरुकता पैदा की है। केंद्र ने पिछले तीन साल में देश भर के सभी सरकारी कार्यालयों द्वारा चलाए गए तीन विशेष स्वच्छता अभियानों के तहत कबाड़ के निपटान से 776 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने विगत बुधवार को दी थी।

लगातार छह दिन से स्टॉक मार्केट में कमजोरी का माहौल छाया

बाजार में 22 लाख करोड़ डूबे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार की गुरुवार की स्थिति बेहद मुश्किल लग रही है और लगातार छह दिन से स्टॉक मार्केट में कमजोरी का माहौल देखा जा रहा है। घरेलू शेयर बाजार के सभी सेक्टर्स में बिकवाली देखी जा रही है और बाजार की ओपनिंग के समय से ही ट्रेडिंग सुस्त है। बाजार लगातार छह दिन से गिर रहा है और इसमें त्योहारी सीजन भी उत्साह नहीं भर पा रहा है। ग्लोबल कारणों के साथ-साथ घरेलू कारण भी इसकी वजह बन रहे हैं। आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 857.53 अंक या 1.34 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 63,191 के लेवल पर है और इंट्राडे में इसमें 63,119 के निचले लेवल देखे जा चुके हैं। वहीं एनएसई का निफ्टी 243.80 अंक या 1.27 फीसदी की गिरावट के साथ 18,878 के लेवल पर कारोबार कर रहा है और इंट्राडे में इसमें 18,849 तक के निचले लेवल देखे जा चुके हैं। आज निफ्टी मिडकैप इंडेक्स



करीब 1।88 फीसदी की भारी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है और स्मॉलकैप इंडेक्स 2।57 फीसदी की जोरदार गिरावट के साथ कारोबार करते देखे जा सकते हैं। घरेलू बाजार में बाजार का समय आगे बढ़ने के साथ-साथ गिरावट गहराती जा रही है और बीएसई का मार्केट कैप 5.78 लाख करोड़ रुपये गिर चुका है। बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन को देखें तो ढाई घंटे में ही निवेशकों की संपत्ति साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा स्वाहा हो चुकी है। इसके 2-3 कारण समझ आ रहे हैं जिसमें से पहल कारण है इजरायल-हमास युद्ध के चलते इंवेस्टर सेंटीमेंट खराब होना। भारतीय शेयर बाजार में एफआईआई लगातार निवेश निकाल रहे हैं। बीते ट्रेडिंग सेशन यानी बुधवार के कारोबार में एफआईआई ने कुल 4,237 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। ग्लोबल बाजारों से घरेलू मार्केट को कोई सपोर्ट नहीं मिल पा रहा है और एशियाई बाजार तो टूट ही रहे हैं, अमेरिकी बाजारों की कमजोरी का असर भी भारत के इक्विटी मार्केट पर देखा जा रहा है। यूएस में ट्रेजरी यील्ड के लगातार बढ़ने का असर भी भारत के बॉन्ड मार्केट पर देखा जा रहा है और विदेशी निवेशक इससे खिंच रहे हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल के दामों में लगातार उछाल आता जा रहा है और ये 90 डॉलर प्रति बैरल के रेट पर आ चुका है। कच्चे तेल के दाम बढ़ने का असर भारत के इंपोर्ट बिल पर नकारात्मक रहता है और ये बढ़ जाता है। इस खबर के असर से भी इंडियन इक्विटी मार्केट में निराशा देखी जा रही है। पिछले छह ट्रेडिंग सेशन में बीएसई के मार्केट कैप में 22 लाख करोड़ रुपये या 22 ट्रिलियन रुपये की गिरावट आई है। वहीं आज का कारोबार देखें तो बीएससी मार्केट कैपिटलाइजेशन 303.44 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है और इसके हिसाब से कल से लेकर आज तक मार्केट कैप में 5.78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। विगत बुधवार को मार्केट कैप 309.22 लाख करोड़ रुपये पर था।

वी ने सी-डॉट के साथ साझेदारी कर आईओटी लैब की स्थापना की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

वी ने सी-डॉट के साथ साझेदारी में वन एम2एम स्टैंडर्ड के अनुसार डिवाइस टेस्टिंग एवं सर्टिफिकेशन के लिए आधुनिक आईओटी लैब की स्थापना की है। इंटर ऑपरेबिलिटी के लिए वन एम2एम एवं 3 जीपीपी स्टैंडर्ड्स के अनुसार 50 से अधिक आईओटी डिवाइसेज की टेस्टिंग पूरी कर इन्हें सर्टिफाय किया। सेंटर ऑफ इनोवेशन की स्थापना की जो स्टार्ट-अप्स को आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड (बीआईएस) ने आईओटी डिवाइसेज की इंटरऑपरेबिलिटी के लिए नेशनल आईओटी स्टैंडर्ड के रूप में वन एम2एम को अनिवार्य किया है। कुल मिलाकर, यह आईओटी लैब न सिर्फ डिवाइस के अनुसार नेटवर्क परफोर्मेन्स को सत्यापित करती है बल्कि सोल्युशन इंटरऑपरेबिलिटी को भी प्रमाणित करती है। वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस की ओर से यह लैब-ऐज-अ सर्विस पहल

आईओटी लैब न सिर्फ डिवाइस के अनुसार नेटवर्क परफोर्मेन्स को सत्यापित करती है बल्कि सोल्युशन को भी प्रमाणित करती है

175 से अधिक परिवेशों की जांच में सक्षम है, जिसमें नेटवर्क एवं फंक्शनल टेस्टिंग, फील्ड टेस्टिंग, ऐप्लीकेशन टेस्टिंग, कम्पेटिबिलिटी टेस्टिंग, वन एम2एम स्टैण्डर्ड टेस्टिंग आदि शामिल हैं। यह विभिन्न उद्योगों जैसे एएमआई, कनेक्टेड कार, पीओएस, वीटीएस आदि में 30 से अधिक विभिन्न यूज केसेज की जांच में सक्षम है। इस लैब में विभिन्न अवयवों जैसे डिवाइस, मोड्यूल्स, एसआईएम, ऐप्लीकेशन, फर्मवेयर आदि के व्यापक स्पैक्ट्रम को जांच करने की क्षमता है। वी आगामी इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस में सी डॉट के साथ साझेदारी में वी आईओटी लैब सर्विस का प्रदर्शन करेगा, जिसका आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 से 29 अक्टूबर 2023 के बीच होना है।

जोमैटो का डिलीवरी पार्टनर्स के लिए नई पहल

महिला को मिलेगा मैटरनिटी इंश्योरेंस प्लान का फायदा

एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश के बड़े ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपने महिला डिलीवरी पार्टनर्स को गिफ्ट देते हुए मैटरनिटी इंश्योरेंस प्लान की सुविधा शुरू की है। कंपनी ने प्लान पेश करते हुए दावा किया है कि इस बीमा योजना के जरिए वह अपनी फीमेल डिलीवरी साथियों को प्रेगनेंसी, बच्चे के जन्म और उससे संबंधित खर्च को उठाएगी। इससे उन्हें पूरी गर्भावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। जोमैटो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश रंजन ने इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि इस तरह का प्लान पेश करके हम गिग वर्कर्स को गर्भावस्था के दौरान वित्तीय मदद प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे बिजनेस को आगे बढ़ाने में हमारे डिलीवरी पार्टनर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में हम अपनी महिला पार्टनरों को इस बीमा का



लाभ देकर उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं। मैटरनिटी इंश्योरेंस प्लान के जरिए महिला डिलीवरी पार्टनर को लाभ देने के लिए जोमैटो ने अउङड के साथ साझेदारी की है। इस इंश्योरेंस का लाभ उन महिला डिलीवरी पार्टनरों को मिलेगा जिन्हें प्लेटफॉर्म से जुड़े 60 दिन से अधिक का वक्त हो गया है और जिन्होंने 1000 से अधिक डिलीवरी के आंकड़े को पूरा कर लिया है। इस इंश्योरेंस प्लान के जरिए कंपनी दो बच्चों के सामान्य या सिजेरियन डिलीवरी के खर्च को कवर करेगी।

कोटक महिंद्रा बैंक ने दिया ग्राहकों को तोहफा, एफडी पर बढ़ाई ब्याज दरें

नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट्स बढ़ा दिए हैं। यह बढ़ोतरी कुछ दो करोड़ रुपए से कम डिपॉजिट पर कुछ टेन्योर के लिए की गई है। बढ़ी हुई दरें आज से लागू हो गई हैं। बैंक आम लोगों को 2.75 फीसदी से लेकर 7.25 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। सीनियर सिटीजन्स को 3.25 फीसदी से 7.75 फीसदी तक ब्याज दिया जा रहा है। बैंक ने दो साल से लेकर तीन साल से कम अवधि के लिए ब्याज दर 10 बीपीएस बढ़ाकर 7.10 फीसदी कर दिया है। इसी तरह 23 महीने एक दिन से लेकर दो साल से कम अवधि के लिए इसे 7.20 फीसदी से बढ़ाकर 7.25 फीसदी कर दिया गया है। बैंक सीनियर सिटीजन्स के लिए एफडी पर 3.5 फीसदी से 7.75 फीसदी इंटरेस्ट दे रहा है। यह सात दिन से 10 साल की अवधि के लिए है।

रबी सत्र में पीएंडके उर्वरक पर सरकार देगी 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने चालू रबी सत्र के लिए फॉस्फोरिक एवं पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों के लिए 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि किसानों को मृदा पोषक तत्व-डीएपी 1,350 रुपये प्रति बैग की दर से मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सत्र 2023-24 (1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को

मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी सरकार, किसानों को सस्ती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि चर्ष 2023-24 के रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी के रूप में 22,303 करोड़ रुपये खर्च होंगे।" मई में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023-24 के खरीफ सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 38,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी थी। मंत्री ने कहा कि किसानों को डीएपी (डाइ-अमोनियम फॉस्फेट) 1,350 रुपये प्रति बैग (50 किलो प्रत्येक) की पुरानी दर पर मिलता रहेगा। ठाकुर ने कहा कि इसी तरह, एनपीके अपनी पुरानी दर 1,470 रुपये प्रति बैग और एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) लगभग 500 रुपये प्रति बैग पर उपलब्ध होगा।

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला पंचायत शाखा)

इच्छा की अभिव्यक्ति अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

गढ़वा जिलान्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) एवं प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्रीय कल्याण योजना (PMKKKY)मद में उपलब्ध राशि से दिनांक– 24.05.2023 को सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) अन्तर्गत शासी परिषद् मेंलिए गए निर्णय के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत चयनित पंचायतों में पुस्तकालय अधिष्ठापन हेतु विभिन्न पुस्तकों एवं उपस्करों का दर निर्धारण हेतु निम्नवत् मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. निविदा सं0 01/2023–24 : पुस्तकालय अधिष्ठापन हेतु विभिन्न पुस्तकों एवं उपस्करों का कय हेतु

उपरोक्त विवरण के निविदा की प्राप्ति हेतु दिनांक 11.11..2023 को 01:30 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराह्न तक इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जिला पंचायत राज कार्यालय में विहित शर्तों के अधीन अपना मुहरबन्द निविदा जमाकर सकते है।

निर्धारित समय तक प्राप्त सभी निविदाएँ दिनांक 11.11..2023 को 03:00 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराहन निविदा वारजिलास्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित शर्त एवं विस्तृत जानकारी, सामग्रियों की सूची का अवलोकन गढ़वा जिला के वेबसाईट http//garhwa.nic.in पर कर सकते हैं अथवा जिला पंचायत राज कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
जिला पंचायत राज पदाधिकारी,गढ़वा

PR 309908 Panchayati Raj(23-24).D

विदेश

कनाडा में बढ़ती महंगाई से जीना हुआ मुहाल, लोगों को खाने के पड़े लाले

एजेंसी। बीजिंग

कनाडा में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी से महंगाई का संकट बढ़ता जा रहा है। पूरे कनाडा में दो माता-पिता वाले परिवार अपना भरण पोषण करने के लिए खाद्य बैंकों से खाना मांगने को मजबूर हो रहे हैं। फूड बैंक्स कनाडा एक धर्मार्थ संगठन है जो पूरे कनाडा में फूड बैंक समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। 1987 में स्थापित, फूड बैंक्स कनाडा का नेटवर्क 10 प्रांतीय संघों और 500 से अधिक स्थानीय फूड बैंकों से बना है।

फूड बैंक्स कनाडा द्वारा प्रकाशित 2023 हंगर काउंट से पता चलता है कि मार्च 2023 में देश भर में सभी प्रांतों और क्षेत्रों के फूड बैंक डेटा के साथ फूड बैंक का उपयोग कितना बढ़ गया है। इस वर्ष खाद्य बैंक का लगभग दो-अभिभावक परिवारों द्वारा 21 प्रतिशत उपयोग किया गया, जो 2022 में 19.3 प्रतिशत और 2019 में

18.8 प्रतिशत था। एकल-अभिभावक परिवार 2023 में लगभग 17.3 प्रतिशत खाद्य बैंक उपयोगकताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 2022 (17.9 प्रतिशत) और 2019 (18.3 प्रतिशत) से मामूली कमी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक फूड बैंक के लगभग एक तिहाई ग्राहक - 642,257 - बच्चे हैं। महामारी से पहले से ही यह दर स्थिर रही है, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बच्चे सामान्य आबादी का केवल 20 प्रतिशत हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य बैंकरों ने बताया कि बच्चों वाले परिवार बच्चों की देखभाल और अन्य बच्चों की जरूरतों के अलावा उच्च आवास, भोजन और ईंधन की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिस कारणखाद्य बैंक का उपयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। मार्च 2023 में अभूतपूर्व 1.9 मिलियन लोगों ने खाद्य बैंकों का दौरा किया। यह 2022 से 32 प्रतिशत की वृद्धि है और महामारी से पहले की तुलना में 78 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ आर्थिक स्तर पर निचले स्तर के लोग ही पीड़ित नहीं हैं फूड बैंक में ऐसे बहुत से लोग भी आते हैं जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें फूड बैंक में जाने की जरूरत पड़ेगी। इस वर्ष खाद्य बैंक के लगभग 17 प्रतिशत ग्राहकों ने रोजगार की सूचना दी, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 12 प्रतिशत था। हालांकि, खाद्य बैंक उपयोगकर्ताओं में से अधिकांश (42.4 प्रतिशत) सामाजिक सहायता पर जीवन यापन करने वाले लोग हैं।

समाहरणालय,गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com

–::मतदाताओं के लिए आम–सूचना ::–

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 29.05.2023 एवं पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 25.09.2023 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4090 दिनांक 05.10.2023 के द्वारा दिनांक 01.01.2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई है:–

क0	पुनरीक्षण का कार्यक्रम	निर्धारित अवधि
1	एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन	दिनांक 27.10.2023 (शुक्रवार)
2	मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानान्तरित करने हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त करना	दिनांक 27.10.2023 (शुक्रवार) से दिनांक 09.12.2023 (शनिवार)
3	विशेष अभियान दिवस	दिनांक 28.10.2023 (शनिवार) दिनांक 29.10.2023 (रविवार) दिनांक 04.11.2023 (शनिवार) दिनांक 05.11.2023 (रविवार)
4	दावा/आपत्ति का निष्पादन	दिनांक 26.12.2023 (मंगलवार) तक
5	• मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना • डाटाबेस को अपडेट करना और सप्लीमेंट्स की छपाई	01.01.2024 (सोमवार) तक
6	**मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**	**05.01.2024 (शुक्रवार)**

* 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर की अहर्त्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु **प्रपत्र–6** में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं।
* प्रवासी भारतीय मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु **प्रपत्र–6क** में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु **प्रपत्र–7** में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची में प्रविष्टियों में सुधार, मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अंदर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु **प्रपत्र–8** में आवेदन कर सकते हैं।
* दावा एवं आपत्ति आवेदन यथा प्रपत्र–6, प्रपत्र–6क, प्रपत्र–7 एवं प्रपत्र–8 BLO/AERO/ERO कार्यालय में दिनांक 30.11.2023 तक समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
* विभाग द्वारा निर्धारित तिथि (दो शनिवार एवं दो रविवार) को सभी मतदान केन्द्रों पर विशष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों को मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।
* सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **Voter Help Line App** एवं voterserviceportal के माध्यम से किया जा सकता है।
* सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
* प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
* मतदाता सूची में पंजीकरण/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इस आम सूचना से सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुरूप योग्य नागरिक अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी0एल0ओ0/ए0ई0आर0ओ0/ई0आर0ओ0 कार्यायल से विहित प्रपत्र प्राप्त कर मतदाता सूची में निबंधन/संशोधन हेतु अपना आवेदन समर्पित करें।

सभी राजनीतिक दल, गढ़वा जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदाता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

ह0/
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 309880 Election(23-24).D

घर वापसी

पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे 17 लाख प्रवासी

पाक की सख्ती के बाद 60 हजार अफगानी लौटे देश

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के लिए निर्वासन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन प्रवासियों में तकरीबन 17 लाख अफगानिस्तान के नागरिक हैं। पंजीकरण या दस्तावेजों के बिना विदेशी नागरिकों को देश से बाहर करने की आधिकारिक कार्रवाई में यह नवीनतम घटनाक्रम है। देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को आगामी बुधवार से गिरफ्तार कर निर्वासन केंद्र भेजा जाएगा। दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता जान अचकजई ने बताया कि तीन निर्वासन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जिसमें से एक प्रांतीय राजधानी क्वेटा में होगा। उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खान ने बताया कि इस क्षेत्र में तीन निर्वासन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने

बताया कि सख्त कार्रवाई की घोषणा के बाद से करीब 60,000 अफगान नागरिक अपने देश लौट गए हैं। खान ने कहा कि देश में अनधिकृत ढंग से रह रहे प्रवासी गिरफ्तारी से बचने के लिए मंगलवार तक यहां से चले जाएं। पाकिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज बुगती ने कहा है कि प्रवासियों के लिए तय की गयी समयसीमा नहीं बढ़ाई जाएगी। पाकिस्तान में लाखों अफगान नागरिक निवास करते हैं जो वर्ष 1979 से 1989 के सोवियत कब्जे के दौरान अपना देश छोड़कर आ गए थे। यह संख्या अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद और बढ़ गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन 14 लाख अफगान नागरिकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है जो पंजीकृत शरणार्थी हैं। पाकिस्तान की सरकार ने अफगानिस्तान के नागरिकों को निशाना बनाने के आरोप से इनकार करते हुए कहा कि यह कार्रवाई देश में अवैध प्रवासियों के खिलाफ हो रही है, चाहे वे किसी भी देश के नागरिक हों। अवैध प्रवासियों को निकालने

पाकिस्तान में लाखों अफगान नागरिक निवास करते हैं जो वर्ष 1979 से 1989 के सोवियत कब्जे के दौरान अपना देश छोड़कर आ गए थे

की इस कार्रवाई का व्यापक स्तर पर विरोध हो रहा है। पूर्व अमेरिकी राजनयिकों और पुनर्वास संगठनों के प्रतिनिधियों के एक समूह ने बीते सप्ताह पाकिस्तान से उन अफगान नागरिकों को निर्वासित नहीं करने का आग्रह किया था जो तालिबान शासन के बाद अमेरिका के वीजा का इंतजार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसी तरह की अपील करते हुए कहा कि इस कार्रवाई से परिवारों के अलग होने सहित मानवाधिकारों का उल्लंघन हो सकता है।

कैसे होगा सुधार...

झारखंड में सरकारी अस्पतालों की स्थिति अच्छी नहीं है। यह राज्य के लिए दुखद पहलू है। राजधानी का सबसे बड़ा हॉस्पिटल रिम्स खुद बीमार है। ऐसे में यहां कैसे होगा मरीजों का इलाज। यह सोचने वाली बात है। यहां इलाज कराने वाले मरीज कुव्यवस्था से दुखी होकर अस्पताल छोड़ने को विवश हैं। ऐसा ही वाक्या पिछले दिनों देखने को मिला। एक दंपती यहां की व्यवस्था देखकर अन्य जगह जाने को विवश हुआ। हद तो तब हो गयी,जब इसे जाते वक्त ट्राली नहीं मिली। मां की गोद में लेटे उस बच्चे को अन्य जगह पर ले जाया गया। ऑक्सीजन सिलिंडर उस बच्चे के पिता को अपने कंधे पर ले जाना पड़ा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य के इतने बड़े हॉस्पिटल का जब यह हाल है तो अन्य अस्पतालों की स्थिति क्या होगी। ऐसी बात भी नहीं है कि यह स्थिति संसाधनों की कमी की वजह से है। कमी व्यवस्था और प्रबंधकीय क्षमता की भी है। बार-बार कोर्ट की चेतावनी के बाद भी यहां की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जब कि इस अस्पताल में राज्य के साथ -साथ कई जगहों से मरीज आते हैं। यहां मरीजों को बेड नहीं मिलता है। जीवन रक्षक दवा की भी भारी कमी है। बुनियादी सुविधाओं में पानी, बिजली की कमी भी यहां देखने को मिलती है। इसके अलावे इस हॉस्पिटल में दलालों का भी कब्जा है। उपर से मनमानी और भ्रष्टाचार के कारण यह हॉस्पिटल अपनी विश्वनीयता खोता जा रहा है। कमोवेश स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाये तो राज्य के अधिकांश जिलों में सरकारी अस्पतालों की स्थिति अच्छी नहीं है। झारखंड के पलामू में स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सिर्फ नाम का रह गया है। यहां भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। पिछले दिनों यहां खून की कमी से एक युवक की जान जा चुकी है। साथ ही खून बेचने का धंधा भी बदस्तूर जारी है। यहां का लिफ्ट खराब है। जिस कारण मरीज को उपर सीढ़ी के माध्यम से ले जाया जाता है। पानी की सप्लाई भी समय पर नहीं होती है। ग्रामीण क्षेत्र से आये बीमार व्यक्ति के साथ अच्छे व्यवहार नहीं किये जाते हैं। जिस कारण यहां कोई नहीं आना चाहता है। भरोसे के आकाश में कई छिद्र उभर आये हैं। कमोवेश हरेक जगह की स्थिति एक समान है। जीवन जीने के लिए अहम अस्पताल जब खुद बीमार हों,तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी कितना सुरक्षित है। ऐसे में कोरोना काल के बाद भी अस्पतालों की स्थिति में सुधार का नहीं होना यह बतलाता है कि हमारी संवेदनायें मर गयी हैं। तभी तो ऐसी स्थिति है। इसके लिए सुधार की दिशा में आगे आने की जरूरत है। साथ ही सरकार को इस अहम जरूरी चीज पर ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर लोगों का विश्वास अस्पतालों से उठ जायेगा। जिसका सीधा फायदा प्राइवेट अस्पताल उठायेगें। बल्कि कहा जाये तो उठा भी रहे हैं। यह जगह जीवन देने का है। इसलिए असहाय और बीमार व्यक्ति को जीवन मिले। इसके लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।

कमोवेश स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाये तो राज्य के अधिकांश जिलों में सरकारी अस्पतालों की स्थिति अच्छी नहीं है। झारखंड के पलामू में स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सिर्फ नाम का रह गया है। यहां भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। पिछले दिनों यहां खून की कमी से एक युवक की जान जा चुकी है।

भारत में भी तैयार है गाजापट्टी जैसा उन्माद फटने को

ललित गर्ग

समूची दुनिया मजहबी कट्टरता, अमानवीय अत्याचार एवं उन्मादी आतंकवाद के चलते विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। हमास के आतंकवादियों ने किस तरह की हैवानियत की थी, छोटे छोटे बच्चों एवं महिलाओं के साथ घर में घुसकर हिंसा, अनाचार किया, गोली मारी, जिंदा जला दिया। पकड़े गये सैनिकों को बारूद में लपेट कर जीवित जला देना, अपने ही हिमायती लोगों को अपने लिए मानव ढाल बनने के लिए मजबूर करना, उन्हें युद्ध क्षेत्र में रोकना, जिससे अधिक से अधिक लोगों की जान जा सके यह किसी युद्ध की स्थिति नहीं है, यह इस्लामी कट्टरवादी सोच है। यह सारी मानवता को चुनौती है, विश्वशांति को खतरा है, उसके लिए अस्तित्व रक्षा का प्रश्न है। अब सवाल ये है कि गाजा के आम लोगों का इसमें क्या कसूर? क्या हमास की दरिंदगी का बदला गाजा के आम लोगों के खून से चुकाया जायेगा? आखिर कब तक निर्दोष, मासूम एवं आमजन उन्माद एवं आतंक की भेंट चढ़ते रहेंगे? इस्लामी कट्टरता एवं उन्माद के काले दंश केवल गाजापट्टी में ही नहीं, भारत में भी कहर बरपाते रहे हैं, लम्बे समय से जम्मू-कश्मीर हो या, हाल ही में मणिपुर-मेवात में हुई हिंसा, उन्माद एवं वहशियाना हरकतें चिन्ता का सबब बनती रही है। इस्लामी आतंकवाद खतरनाक है, मानवता पर कुठाराघात है। इस तरह के आतंक से दुनिया को डराना एवं भयभीत करना मुख्य लक्ष्य है। हमास के आतंकवादियों ने जब इजरायल के मासूम नागरिकों पर बेरहमी से हमला किया तो वो हथियारों के साथ-साथ कैमरों से भी लैस थे, अपनी वहशियाना हरकतों को कैमरे में कैद कर रहे थे। आज जब इसके सबूत सामने आये तो साफ हो गया कि इरादा सिर्फ मारकाट मचाना नहीं था। इरादा सिर्फ इजरायल को नुकसान पहुंचाने का भी नहीं था इरादा तो ये था कि ये हैवानियत दुनिया को दिखाई जाये। दुनिया को इस्लाम एवं उसकी आतंकी सोच के सामने झूकने को विवश करना इरादा था, इरादा इजरायल के आत्मसम्मान पर चोट पहुंचाना भी था। इजरायल दुनिया को हमास के जुल्मों की तस्वीरें दिखाकर पूछ रहा है कि इस पर दुनिया के इस्लामिक देश खामोश क्यों हैं? जो आज इजरायल से जंग रोकने के लिए कह रहे हैं उन्होंने हमास की अमानवीय कार्रवाई की निंदा क्यों नहीं की? अगर कैमरों पर सबूत न होते तो कुछ लोग शायद ये कह देते कि इजरायल की फौज और मोसाद ने खुद ही अपने लोगों को मरवाया ताकि उन्हें हमास पर हमला करने का बहाना मिल सके। लेकिन इस बात के पुख्ता सबूत हैं और दावे भी कि हमास के आतंकवादियों ने मासूम और बेकसूर लोगों के साथ वहशियाना तरीके से जुल्म किया, हत्या की और आज भी अगवा किये गये लोगों को इंसानी ढाल बनाकर अपने आप को बचाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन फिलिस्तीन का समर्थन एवं मानवाधिकार की बातें करने वाले इन हरकतों को नजरअंदाज करने में लगे हैं। दुनिया के कई मुल्कों में प्रदर्शन हुए हैं, लोग इजरायल पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि वो गाजा पर किये जा रहे हमलों को रोके। इजरायल के कड़े रुख को देखते हुए अब हमारे देश में भी फिलिस्तीन और हमास के समर्थन में मुस्लिम संगठनों और मुस्लिम नेताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिये हैं। ये वे ही लोग एवं संगठन हैं जो भारत में होने वाली आतंकवादी घटनाओं, उन्मादी सोच एवं हिंसा एवं पाकिस्तानी हरकतों का समर्थन करने से बाज नहीं आते। हमास के दहशतगर्दों ने महिलाओं के कपड़े उतारकर उन पर जुल्म करके, उनकी नुमाइश करते वक्त कैमरों के सामने अल्लाहु अकबर के नारे लगाये। गौर करने की बात ये भी है कि सऊदी अरब और यूनिइटेड अरब अमीरत के मुल्कों में कोई विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर नहीं उतरा लेकिन हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके बारे में कुछ लोग कह रहे हैं-बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। असदुद्दीन ओवैसी खुलकर इजरायल का विरोध कर रहे हैं। इजरायल का समर्थन करने के भारत सरकार के फैसले को गलत बता रहे हैं। पिछले दिनों मेवात में बरपी इस्लामिक कट्टरता में भी गाजापट्टी जैसे ही दृश्य देखने को मिले। जिहादियों ने हिन्दुओं पर हमला करने की पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। यहां तक कि उन्होंने मन्दिर में फंसे हिन्दू महिलाओं, बच्चों एवं निर्दोषों को निकालने के लिये गुरुग्राम से आने वाले पुलिसकर्मियों पर भी हमले किये। पुलिस थाने को भी जला दिया गया, ताकि पुलिसकर्मी रक्षा एवं बचाव कार्य न कर सके। उस समय मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया था। मेवात में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का कब्रिस्तान बनाने का एक षडयंत्र एवं साजिश थी। मेवात के सभी सैकड़ों गांव हिन्दू-विहीन हो चुके हैं। मेवात के हालात आज के गाजा पट्टी जैसे ही बने हुए थे। भारत में ऐसे अनेक गाजापट्टी हैं, जहां इस्लामिक उन्माद चाहे जब फट सकता है। पूरे देश में इस्लामिक कट्टरता एवं जिहादी सोच के चलते मानवीय मूल्यों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का ह्रास हुआ है। हिंसा, आतंक, उन्माद पनपे हैं। इस्लामिक कट्टरता एवं उन्माद से जुड़ी समस्याओं ने नये सन्दर्भों में पंख फैलाये हैं। मानवीय संबंधों के बीच एकता, अखण्डता, सहयोगिता, सह-अस्तित्व, प्रेम, आपसी सौहार्द, करुणा, अहिंसा एवं उदारता की पहचान घटी है। कहना गलत न होगा कि हमास द्वारा इजरायल के निर्दोषों का नरसंहार भारत के कथित धर्मनिरपेक्ष तत्वों को दिखाई नहीं दिया, वे तथा सत्ता विरोधी गठबंधन से जुड़े दल मुस्लिम वोटों की संकीर्ण राजनीति के चलते आतंकियों के विरुद्ध एक भी शब्द बोलने की हिम्मत नहीं जुटा सके, आतंक के विरोध में बोलना उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जो ठहरा। विश्व भर में मानवाधिकारों की बात करने वाले भी आतंकी हमलों का विरोध न करके चुप्पी साथ गये। यही नहीं, आतंकियों के समर्थन में भारत भर में सत्ता के विरोध का वातावरण बनाया गया।

असदुद्दीन ओवैसी खुलकर इजरायल का विरोध कर रहे हैं। इजरायल का समर्थन करने के भारत सरकार के फैसले को गलत बता रहे हैं। पिछले दिनों मेवात में बरपी इस्लामिक कट्टरता में भी गाजापट्टी जैसे ही दृश्य देखने को मिले।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने छठ पूजा की पौराणिक कथा

हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक छठ महाव्रत मनाया जाता है। इसमें भगवान सूर्यदेव की पूजा होती छठ व्रत खासतौर पर पुत्र प्राप्ति के लिए किया जाता है। छठ पर छठी मैया के जयकारे के साथ आराधना की जाती है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों में यह प्रमुख तौर पर मनाया जाता है...

छठ व्रत कथा : दिवाली के 6 दिन बाद छठ मनाया जाता है। छठ के महाव्रत को करना अत्यंत पुण्यदायक है। छठ व्रत सबसे महत्त्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि को होता है। सूर्योपासना का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। छठ पर्व के लिए कई कथाएं प्रचलित हैं, किन्तु पौराणिक शास्त्रों में इसे देवी द्रोपदी से जोड़कर देखा जाता है। मान्यता है कि जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हार गये, तब द्रौपदी ने छठ का व्रत रखा था। द्रोपदी के व्रत के फल से पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था। इसी तरह छठ का व्रत करने से लोगों के घरों में समृद्धि और सुख आता है। छठ मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित कई क्षेत्रों में छठ का महत्व है। छठ पूजा या सूर्य षष्ठी या छठ व्रत में सूर्य भगवान की पूजा होती है और धरती पर लोगों के सुखी जीवन के लिए सूर्य देव के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। सूर्य देव को ऊर्जा और जीवन शक्ति का देवता माना जाता है। इसलिए छठ पर्व पर समृद्धि के लिए पूजा की जाती है। सूर्य की पूजा से विभिन्न बीमारियों का इलाज संभव है। सूर्य पूजा के साथ स्नान किया जाता है। इससे कुष्ठ रोग जैसी गंभीर रोग भी दूर हो जाते हैं। छठ पर्व परिवार के सदस्यों और मित्रों की लंबी उम्र और समृद्धि के लिए भी मनाया जाता है।

(क्रमशः)

प्रदूषण से मुक्ति के लिए गंभीरता की दरकार

डॉ. अनिल कुमार निगम

दिल्ली और एनसीआर की हवा में एक बार फिर जहर घुल गया है। दीपोत्सव का त्योहार अभी दूर है लेकिन देश की राजधानी की हवा की गुणवत्ता का इंडेक्स (एक्यूआई) 300 के पार चला गया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। हर वर्ष प्रदूषण का कारण दिवाली में आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण, पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जलाई जाने वाली पराली को मानकर कुछ चंद उपाय कर लोगों को प्रदूषण के दंश को झेलने के लिए छोड़ दिया जाता है। पिछले लगभग एक दशक में अक्टूबर से जनवरी के बीच हर साल यह समस्या गहरा जाती है। दिल्ली सरकार भी 'जब आग लगे तो खोदो कुआं' वाली कहावत चरितार्थ करते हुए प्रदूषण कम करने के चंद उपाय करती है जिससे कुछ तात्कालिक राहत भी मिल जाती है, लेकिन इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले जाने के बारे में गंभीर प्रयास देखने को नहीं मिलते। प्रदूषण की गंभीरता को यहां से समझना चाहिए कि अक्टूबर आते ही सांस और दमा के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इसीलिए उच्चतम न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाये जा रहे कदमों पर रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली-एनसीआर में हर साल अक्टूबर से नवंबर में प्रदूषण स्तर बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। प्रदूषण बढ़ने का प्रमुख कारण सर्दियों में हवा का घनत्व बढ़ना और तापमान का गिरना है। इसके चलते प्रदूषण नीचे ही रह जाता है और स्मॉग के तौर पर दिखता है। यही स्मॉग कोहरे के साथ मिलकर प्रदूषण और तरह-तरह की गैस एक घातक मिश्रण को जन्म देती है। सर्दियों में हवा भी काफी कम चलती है, ऐसे में प्रदूषण लगातार बढ़ता रहता है। गर्मियों में तापमान अधिक होने से हवा में घनत्व काफी कम हो जाता है और प्रदूषण आसानी से छंट जाता है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने के अन्य कारण भी हैं। दिल्ली की आबादी पिछले एक दशक में बहुत तेजी से बढ़ी है। यहां की आबादी 3 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इसी तरह एनसीआर की आबादी लगभग साढ़े 4 करोड़ से अधिक है। आबादी का ग्रोथ रेट काफी अधिक है। आबादी बढ़ने के साथ ही दिल्ली एवं एनसीआर में वाहनों का दबाव भी तेजी से बढ़ा रहा है। दिल्ली का विश्व में सबसे अधिक वाहनों वाला शहर माना जाता है। यहां के निवासी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का इस्तेमाल करने की जगह निजी वाहनों का प्रयोग अधिक करते हैं। विकास के नाम पर दिल्ली एवं एनसीआर में निर्माण कार्य भी बेतरतीब तरीके से होता रहता है। इससे धूल के कण हवा में जहर घोलने का काम करते हैं। इसके अलावा खेतों में पराली जलना भी प्रदूषण का बड़ा कारण है। हरियाणा और पंजाब समेत कई राज्यों में किसान इन महीनों में पराली जलाते हैं, जिससे स्मॉग की समस्या बढ़ जाती है। प्रदेश सरकारें आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल सकी हैं। सरकारें किसानों को यह चेतावनी देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती हैं कि अगर किसानों ने पराली जलाई तो उनको जुर्माना देना होगा, लेकिन सरकारें भी यह बात अच्छी तरीके से जानती हैं कि किसान के पास पराली को डिस्पोज करने का कोई विकल्प नहीं है। पराली का डिस्पोजल इतना महंगा है कि किसान सरकार के सहयोग के बिना उसे कर ही नहीं सकते है। दिल्ली में हवा अत्यधिक खराब होने के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अधिकारियों को ग्रेडेड रिस्पांस के चरण दो को लागू करने का निर्देश दिया है। ग्रेप-2 के नियमों के तहत केंद्र सरकार दिल्ली और एनसीआर में पार्किंग शुल्क बढ़ा देगी, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए। सरकार मेट्रो और इलेक्ट्रिक बसों के फेरे भी बढ़ायेगी।

दिल्ली-एनसीआर में हर साल अक्टूबर से नवंबर में प्रदूषण स्तर बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। प्रदूषण बढ़ने का प्रमुख कारण सर्दियों में हवा का घनत्व बढ़ना और तापमान का गिरना है।

प्रदूषण

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



भाजपा के गढ़ में क्या कुछ कर पायेगा इंडिया एलायंस?

यशोदा श्रीवास्तव

लोकसभा चुनाव में इंडिया एलायंस का यूपी में कैसा परफॉर्मेंस रहेगा, इसके कयास लगाये जाने लगे हैं। कांग्रेस फिलहाल यहां उम्मीदवारों के टोटे से गुजर रही है। जाहिर है यहां एलायंस में सपा कांग्रेस और आरएलडी ही चुनाव लड़ेंगे। कुछ नितांत क्षेत्रीय दलों से भी एकाध सीट पर समझौता संभव है। बसपा के तेवर से लग रहा है कि वह एलायंस में शामिल होने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस इस बात को लेकर मुत्मइन है कि जिन पांच प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं वहां उसे जीत मिलना तय है और तब यूपी और सारे देश में एलांयस के पक्ष में हवा बनेगी जिसमें वह मुख्य भूमिका में होगी। वहीं राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि एमपी के विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जो तल्खी पैदा हुई है वह यदि और बढ़ा तो यूपी में भाजपा का तनिक भी नुकसान कर पाना संभव नहीं है। यूपी का लोकसभा चुनाव वैसे भी सपा और कांग्रेस के लिए बहुत आसान नहीं रह गया। यहां राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की चर्चा तो है लेकिन इसका चुनावी फायदा मिल रहा है, ऐसा नहीं जान पड़ रहा। भाजपा से नाराज वोटर ही विपक्ष की झोली में जायेंगे। अब इनकी संख्या कितनी है इसका आकलन करना मुश्किल है। हां मुस्लिम वोटर एलायंस उम्मीदवार के लिए प्लस हो सकते हैं लेकिन इसका लाभ विपक्ष को तब मिलेगा जब उसका भी अपना कुछ हो। सपा का तो फिर भी कुछ है लेकिन कांग्रेस का अभी भी यहां कुछ नहीं है। लोकसभा चुनाव के निकट आने के बावजूद यूपी में कांग्रेस सुस्त पड़ी है तो इसकी वजह उनका असमंजस में होना है। असमंजस इस बात को लेकर है कि एलायंस में कितनी सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी और उम्मीदवार कौन होगा। कांग्रेस में सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि ब्लाक लेवल का कार्यकर्ता भी विधानसभा और लोकसभा के टिकट का ख्वाहिशमंद होता है। टिकट नहीं मिलने पर वह कांग्रेस और उसके उम्मीदवार की ऐसी-तैसी करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। जिन पांच प्रदेशों में विधानसभा का चुनाव चल रहा है, वहां जिस कांग्रेसी को टिकट नहीं मिला उसके तेवर और दशा देखकर ऐसा लगता है कि कांग्रेस की यह बीमारी राष्ट्रीय स्तर पर है। कांग्रेस को इस बार यूपी में मुस्लिम वोटरों पर ज्यादा भरोसा है। मुस्लिम समाज के बातों से ऐसा लग भी रहा है लेकिन यूपी में कांग्रेस कितने सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करेगी, यह तय नहीं है। साथ ही उसे स्वयं कितनी सीटों पर लड़ना है यह भी सुनिश्चित नहीं है। जितनी सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी उसी में से उसे मुस्लिम उम्मीदवार तय करने है। इधर जनाब इमरान मसूद भी खरामा खरामा कांग्रेस में फिर दाखिल हुए हैं तो जाहिर उनकी मंशा टिकट की ही है। सहारनपुर से उनके टिकट मिलने की संभावना भी है। इसके अलावा यूपी के ही डुमरियागंज सीट से मो.मुकीम और जौनपुर से नदीम जावेद भी टिकट के दावेदार हैं। जफर अली नकवी, सलमान खुर्शीद भी चुनाव लड़ना चाहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के दावे के इतर यूपी में कांग्रेस के 20 से 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है इसमें 21 वे सीटें हैं जिनपर 2009 में उसे जीत मिली थी। लेकिन तब जीती हुई उन सीटों पर जो उम्मीदवार थे उसमें अधिकांश कांग्रेस में है ही नहीं। पूर्वी यूपी के पडरौना सीट से कांग्रेस सांसद रहे आरपीएन सिंह अब भाजपा में हैं। डुमरियागंज के कांग्रेस सांसद जगदंबिका पाल भी अब भाजपा के सांसद हैं, धौरहरा के जतीन प्रसाद, उन्नाव की अनु टंडन, सुल्तान पुर के डा. संजय सिंह, प्रतापगढ़ की रत्ना सिंह भी अब भाजपा में हैं। बहराइच के सांसद रहे कमल किशोर कमांडो हैं तो कांग्रेस में ही लेकिन उनका बहराइच से कोई रिश्ता रह नहीं गया। कैशर गंज, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, बरेली, आदि सीटों पर भी कांग्रेस निष्क्रिय है।

कांग्रेस फिलहाल यहां उम्मीदवारों के टोटे से गुजर रही है। जाहिर है यहां एलायंस में सपा कांग्रेस और आरएलडी ही चुनाव लड़ेंगे। कुछ नितांत क्षेत्रीय दलों से भी एकाध सीट पर समझौता संभव है।

चुनाव

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

गागर में सागर

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक

लातेहार। उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट एनवायर्नमेंट प्लान के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा आदि के प्रबंधन को लेकर जानकारी देते हुए जिला स्तरीय पर्यावरण समिति के सदस्यों को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों से पुनः अवगत कराया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट आदि के नगर पंचायत लातेहार में किये जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। उपायुक्त ने ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोग जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट को अलग -अलग रंग के डस्टबिन में रखें, ताकि उन दोंनो तरह के कचरे का अलगझअलग निपटान हो सकें। बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम एवं जिले में कचरे के उठाव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने घरों, सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा खदान से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो का सही तरीके से निपटान सुनिश्चित कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

गौतम धर्म कांटा का किया गया उद्घाटन

बालूमाथ। पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग बरनी ग्राम के पास धर्म कांटा का पूर्व विधायक प्रकाश राम ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर राम ने बताया कि कोलवरी क्षेत्र होने के नाते इस तरह के प्रतिष्ठान की बहुत ही जरूरत थी। अब कांटा के लिए बालूमाथ से निकलने वाले भारी वाहन भटकेंगे नहीं। मौके पर गौतम धर्म कांटा के मालिक गोपाल सिंह के अलावे राजकुमार पाठक, लव कुश सिंह,अरबिंद सिंह, लव सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष बारियातु, मो सलीम, पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा, मो इमरान, रवि सिंह, कैलाश यादव, रंजीत लाल, पुचुन ठाकुर, दयाल यादव, मो. जावेद, पुटुन साव, रंजय सिंह आदि उपस्थित थे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीडीओ हरिनाथ महतो ने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को बीडीओ ने फार्म 6, 7 व 8 भरने पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर से 5 सितंबर तक नए मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने व मृत का नाम हटाने एवं अशुद्धियों को दूर कर मतदाता सूची को स्वच्छ बनाएं। आगे बीडीओ ने कहा कि पोषक क्षेत्र के बूथ अंतर्गत कोई भी 18 वर्ष के ऊपर वाले मतदाताओं का नाम नहीं छूटे और पुनरीक्षण कार्य अहर्ता तिथि मानते हुए फॉर्म 6 के तहत अधिक से अधिक का नाम जोड़े। प्रशिक्षण में पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, बीएलओ पर्यवेक्षक उज्जवल सिंह, बीपीओ रामकुमार सिंह सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

युवक ने विषपान कर की आत्महत्या

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के द्वारी पंचायत के सीमान पर स्थित पिपरा कोनी टोला में एक युवक ने विषपान कर आत्महत्या कर लिया। युवक पिपरा कोनी टोला निवासी गुलजारी साव का 21 वर्षीय पुत्र शंकर साव है। इस मामले में मृतक की पत्नी आरती कुमारी ने गांव के ही ज्ञानी यादव के पुत्र विजय यादव के विरुद्ध आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि मेरी सास राधा देवी और विजय यादव के साथ अवैध संबंध था। जिससे मेरे पति ने देख लिया था। जिसपर आरोपी ने किसी को नहीं बताने की धमकी दे कहा था कि अगर किसी को इसकी जानकारी हुई तो तुम्हें जान से मार देंगे। यह सदमा सह नहीं पाए और विषपान कर आत्महत्या कर लिया। वहीं थिना प्रभारी गुलाम सरवर ने घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले अंतियपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिए। साथ ही प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुटी है।

लातेहार पुलिस को मानव तस्करों के खिलाफ मिल रही है लगातार सफलता

रेस्क्यू कर नौ बच्चियों को किया बरामद, एक आरोपी को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
पुलिस को मानव तस्करों के खिलाफ लगातार सफलता हाथ लग रही है। पुलिस ने रेस्क्यू कर 9 बच्चियों को बरामद किया है, मानव तस्कर मनोज यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रेस वार्ता कर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि झारखंड एव छत्तीसगढ़ के ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में गरीबी एवं अशिक्षा को ढाल बनाकर मानव तस्करों द्वारा ग्रामीणों को बहला फुसलाकर तथा रुपये का लालच देकर बच्चियों और बच्चों को महानगरों में घरेलू कार्य के लिए पहुंचाते हैं। इस तरह की घटना को लेकर लातेहार जिला के विभिन्न थानों में मामला दर्ज किया गया है। इसी संदर्भ में महुआडाड़ थाना कांड सं0 - 5 95 /202 को तस्करों द्वारा महानगर दिल्ली, चंडीगढ़ एवं पानीपत राज्य से बाहर भेजा गया था। बच्चियों की बरामदगी हेतु एक स्पेशल इंवेस्टिवेगेशन टीम का गठन कर टीम को बच्चियों के रेस्क्यू हेतु दिल्ली, चंडीगढ़ एवं पानीपत भेजा गया, जहां से 9 बच्चियों को रेस्क्यू कर वापस लाया गया है। ये सभी बच्चियां लातेहार जिला एवं छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला की रहने वाली हैं।

अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आयी है कि मानव तस्करों की एक श्रृंखला है जो कि इन सूदूरवर्ती क्षेत्रों से महानगरों को जोड़ती है। इस श्रृंखला की पहली कड़ी एजेंट हैं जो अपने आसपास के गांव से आदिम जनजाति के गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पैसा एवं काम दिलाने का लालच देती है। दूसरी कड़ी फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तक फ्लाइट, ट्रेन, बस के माध्यम से पहुंचाने का काम करते हैं। बच्चियों को प्लेसमेंट एजेंसीज में ले जाकर एक दो हफ्ते रखा जाता है। इस दौरान बच्चियों को काम के बारे में सिखाया जाता है अथवा उसके पुराने पहचान पत्र एवं मोबाइल फोन को वहां जमा करवा लिया जाता है ताकि वह अपने परिजनों के संपर्क में ना रह सके। इसी दौरान बच्चियों का नाम-पता बदलकर एक फर्जी पहचान पत्र बनवा दिया जाता है, जिससे लड़कियों को पहचानने में मुश्किल हो। श्रृंखला की तीसरी कड़ी प्लेसर्स बच्चियों को क्लाइंट के पास भेजते हैं एवं इसके एवज में कमीशन के तौर पर मोटी रकम लेते हैं। श्रृंखला की अंतिम कड़ी क्लाइंट जहां बच्चियों को बिना वेतन दिये एवं बच्चियों को बिना सत्यापन किये काम पर रख लेते हैं। ज्यादातर यह देखा गया है कि बच्चियों से दिन भर घर के सारे काम कराये जाते हैं, ठीक से खाना या कपड़ा भी नहीं दिया जाता है तथा इनके साथ क्लाइंट, सेठ, मैडम मारपीट एवं दुर्व्यवहार भी करते हैं। कई बार एक मानव तस्कर पीड़ित को दूसरे मानव तस्कर के पास सप्लाई भी कर देते हैं।

आगे अंजन ने बताया कि पीड़ित के पास मोबाइल फोन या किसी तरह से संपर्क करने के साधन नहीं होते थे। क्लाइंट एवं प्लेसमेंट एजेंट यह सुनिश्चित करती थी कि पीड़ित किसी से बात न कर पाये एवं खुद के विषय में किसी को कुछ न बता पाए। मानव तस्करों से बच्चों को बचाने हेतु तथा इस तरह के मामलों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस द्वारा टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्रमीणों में नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न तरीको से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सभी कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए रेस्क्यू किये गए सभी बच्चियों एवं बच्चों को शिक्षा एवं पुनर्वास की व्यवस्था लातेहार प्रशासन द्वारा की जा रही है। इस छापामारी अभियान में पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि कुमार सुमित यादव, थाना प्रभारी पुअनि आशुतोष यादव, महुआडांड़ थाना प्रभारी, पुअनि अजय कुमार दास, महुआडांड़ थाना पुअनि रुपलाल प्रसाद, हेरहंज थाना, पुअनि मो. शाहरुख, लातेहार थाना, आरक्षी पंकज कुमार, मआ मुगी सोरेन, मआ गोदलिवा कुजूर शामिल थे।

विस्थापित-प्रभावितों की समस्याओं को लेकर श्रम मंत्री से मिला शिष्टमंडल

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना से विस्थापित प्रभावित लोगों की समस्याओं को लेकर भूरैयत नेता आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में आधा दर्जन लोगों का एक शिष्टमंडल गुरुवार को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिला। मिश्रा ने बताया कि स्थानीय समस्याओं में जमीन के बदले मुआवजा भुगतान में व्यवधान, बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिलने से व्याप्त असंतोष व हो रहे पलायन, भारी प्रदूषण से आम जन-जीवन को हो रही भारी परेशानियां समेत ट्रक परिचालन में उत्पन्न व्यवधान को प्रमुखता से रखा गया। उन्होंने आगे बताया कि मंत्रीने सभी मामलों पर गंभीरता दिखाते हुवे शीघ्र समाधान कराने का भरोषा दिलाया है।

रैयत विस्थापित मोर्चा 27 को देगा धरना

टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल प्रबंधन से हक अधिकार व रोजगार की मांग को लेकर गुरुवार को रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष निरंजन राणा की अध्यक्षता मेंहुई। जिसमें 27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सफल बनाने पर रणनीति बनाई गई। रोजगार की मांग को लेकर रैयतों ने एक स्वर में आर पार लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई साथ ही रैयत विस्थापित मोर्चा जिंदाबाद फागु बेसरा जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद के नारे से रैयतों ने अपनी आवाज बुलंद किया। बैठक में सिमरिया विस के झामुमो नेता मनोज चंद्रा, केंद्रीय सचिव गुरु दयाल साव, केंद्रीय सदस्य रामचंद्र उरांव, पूर्व मुखिया राम लखन प्रसाद, वर्तमान मुखिया गोपाल महतो, जागेश्वर दास, गोकुल नारायण दास, राम लखन साहू, रूपलाल साहू, अनिरुद्ध साव, रोहित ओझा, दिलेश्वर यादव, दीपक साव, गोलू यादव, सुदन गंझू, सुखलाल भूइयां, जयराम उरांव, रामलाल उरांव, किशन पासवान, अतवा भूइयां, तारा देवी, गंगा देवी, सरस्वती देवी, संजू देवी, हैवंती देवी, कबूतरी देवी, गीता देवी, सरिता आदि उपस्थित थे।

टंडवा में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मारपीट में दो अलग-अलग मामले दर्ज

थाना प्रभारी विजय सिंह ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, कहा- सभी फरारों को पकड़ने के लिये हर संभावित जगहों में सघन छापेमारी की जा रही

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)
प्रखंड मुख्यालय के जोड़ा पोखर के समीप बुधवार देर शाम मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर स्थानीय थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज कराये गये हैं। गुरुवार को पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक ठाकुर के आवेदन पर 10 नामजद समेत 20 अज्ञात आरोपी बनाये गये हैं। इनमें से एक को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं गुरुवार को प्रशासन की ओर से जुलूस में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जितेन्द्र सिंह के साथ सीओ राजेन्द्र दास ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। बता दें कि बुधवार देर शाम लगभग 15-20 लोगों ने संगठित होकर प्रतिमा विसर्जन के दौरान मौजूद सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस को भी कुछ देर तक काफी परेशानी हुई। वहीं घटना को अंजाम देकर भाग रहे एक आरोपी को पुलिस मौके से ही गिरफ्तार करने में सफल रही। हालांकि उपद्रवियों द्वारा मारपीट की घटना में चट्टी गाडिलौंग निवासी बाली गुप्ता को गंभीर चोट लगने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया, जिसकी हालात फिलहाल नाजुक बनी हुई है। इंस्पेक्टर सिंह ने बताया कि शिकायत के आलोक में गहन जांच पड़ताल की जा रही है। घटना में संलिप्ततों को चिन्हित किया जा चुका है। सभी फरार है और धर-पकड़ के लिये हर संभावित जगहों में सघन छापेमारी की जा रही है।

फूफा की प्रताड़ना के कारण भागी थी किशोरी

फूफा स्कूल जाने से भी करते थे मना, कहते थे- ज्यादा बदमाशी करोगी तो शादी करा देंगे

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के चर्चित नाबालिग किशारी के अपहरण मामले की गुत्थी सुलझा लिया है। दरअसल उस नाबालिग किशोरी का अपहरण नहीं किया गया था, बल्कि वह अपने फूफा की प्रताड़ना से तंग आ कर अपने घर से भाग गयी थी।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय मे आयोजित एक प्रेसवार्ता में बताया कि बीती 7 अक्टूबर को बालूमाथ के शहनवाज खान ने बालूमाथ थाना मे उनकी नाबालिग पुत्री को एक किशोर और उसके दोस्तों के द्वारा छेड़छाड़ करने और उसका अपहरण कर लिये जाने का आरोप लगा कर मामला दर्ज कराया था। बालूमाथ थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र भी मौजूद थे। बता दें कि उक्त किशोरी के अपहरण को लेकर परिजनों ने बालूमाथ में दो दिन सड़क जाम किया था। इस दौरान एनएच-22 रांची-चतरा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। एक दिन तो रात के 11 बजे के बाद सड़क जाम हटा था।

फूफा करता था मारपीट

अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आयी कि उक्त किशोरी का फूफा उसके साथ हमेशा मारपीट करता था। उसे स्कूल जाने से मना करता था। उसके परिजन हमेशा कहा करते थे कि ज्यादा बदमाशी करोगी तो तुम्हारी शादी करा देंगे। इससे प्रताड़ित हो कर वह अपनी एक सहेली की मदद से बालूमाथ से ऑटो पकड़ कर मकईयाटांड़ गयी। वहां से बस में बैठ कर वह रांची चली गयी। रांची में वह आईटीआई देवी मंडप के पास कामेश्वर प्रजापति (50) के घर में छुप कर रह रही थी। पुलिस ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त किशोरी को कामेश्वर प्रजापति के घर से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने कामेश्वर प्रजापति को किशोरी को अपने घर में छुपा कर रखने और उसे संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी को उसके परिजनो को सौंप दिया गया। छापेमारी टीम में बालूमाथ एसडीपीओ दिल्लू लोहरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार साव, पुलिस निरीक्षक शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, पुअनि कैलाश बाड़ा, धीरज कुमार, नीतीश कुमार, कुबेर साव, दुति कृष्ण महतो और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

बाइक से गिरकर एक व्यक्ति की हुई मौत

बारियातु। थाना क्षेत्र अंतर्गत परियोजना पल्स टु उच्च विद्यालय के समीप एनएच 22 पर बुधवार की रात्रि मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरछिया ग्राम निवासी जगेश्वर उरांव (45), पिता धांसी उरांव अपनी बाइक पर सवार होकर टोंटी पंचायत स्थित इटके ग्राम के कटहल टोला अपने ससुराल गया था। बुधवार की संध्या अपने घर बरछिया लौटने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश चौधरी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर धुर्व कुमार ने जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट -2 का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)
प्रखंड के राहम में स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का उद्घाटन मैच मिश्रौल एवं पेटो के बीच खेला गया। इस मुकाबले का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय व जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुभाष यादव ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने राहम निवासी रौशन पांडेय को सम्मानित किया और आयोजन कमेटी को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

मौके पर मंजूर अंसारी, कामेश्वर पांडेय, विजय पांडेय, इजाजुल अंसारी, राहम पंचायत समिति सदस्य विकाश पांडेय, अरविंद पांडेय, समसुल अंसारी, मो हसन साथ ही टूर्नामेंट के अध्यक्ष एवं सिद्धू कान्हू के प्रखड अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, सचिव मजहर अंसारी, कोषाअध्यक्ष मो. नुरुल अंसारी, संचालक मो हातिम हेमंत यादव, मो.असलम व आशीष पांडेय आदि मौजूद थे।

अवैध सखुआ बोट्टा लदा 12 चक्का ट्रक किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
डीएफओ मुकेश कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी तस्करों के विरुद्ध वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेंजर सूर्यभूषन कुमार के नेतृत्व में चतरा-गया मार्ग पर चेकनाका नंबर 2 पर वाहन चेकिंग अभियान के द्वारा अवैध सखुआ बोटा लदे 12 चक्का ट्रक को जब्त किया है। टीम ने तस्करी में शामिल चालक को गिरफ्तार किया है। रेंजर सूर्यभूषन कुमार ने बताया कि डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला से लकड़ी तस्कर 12 चक्का ट्रक में सखुआ का बोटा लेकर चतरा होते हुए बिहार के पटना जा रहा है।

अवैध लकड़ी तस्करों के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने चतरा-गया मार्ग पर चेकनाका नम्बर 2 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ट्रक को जब्त करने के साथ चालक टिकेंद्र यादव बड़कागांव के महुगाई निवासी को गिरफ्तार किया गया। वाहन मालिक सुखदेव महतो चरही का रहने वाला है। रेंजर ने तस्करों को कड़ा संदेश दिया है कि लकड़ी तस्करी के धंधे में शामिल लोग सुधर जाए। नहीं तो गिरफ्तार के लिए तैयार रहें।

कवायद पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कुंदा व प्रतापपुर में चलाया जनसंपर्क अभियान, कहा

जनसमर्थन मिला तो लड़ेंगे चतरा सीट से चुनाव

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा/प्रतापपुर(चतरा)
झारखंड के पूर्व मंत्री व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके कृष्णानंद त्रिपाठी चतरा लोकसभा सीट से चुनाव की तैयारी को लेकर गुरुवार को जिले के प्रतापपुर व कुंदा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया।

त्रिपाठी ने कहा कि चतरा लोकसभा का पिछले 30-40 वर्षों में चतरा, पलामू व लातेहार तीनों जिला से बाहर के लोगों ने प्रतिनिधित्व किया है। इसके कारण यहां का हिस्सा जो भारत सरकार में है वह नहीं लाया जा सका या उसके प्रति उन लोगों ने रुचि नहीं दिखाई है। बाहरी लोगों ने चतरा को कभी अपना नहीं समझा, जिसके चलते आज भी चतरा का समुचित विकास नहीं हो पाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पलामू आरक्षित क्षेत्र में आता है, जिसके कारण यहां पर चुनाव रोटेशन बेसिस पर होना चाहिए, जिससे दलित समेत सभी लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता, जो नहीं हुआ है। कहा कि हम इसी लोकसभा के जन्मे व्यक्ति हैं और एयरफोर्स की नौकरी छोड़ने के बाद 1990 में राजनीतिक जीवन में प्रवेश किया था। इसके नाते यहां का हिस्सा दिलाना उसका कर्तव्य है। इसी को लेकर मैं चतरा लोकसभा के 336 पंचायत के लोगों की रायशुमारी कर रहा हूं। यदि सभी पंचायत के लोगों की रायशुमारी एक होगी तो फिर मैं अपनी पार्टी से टिकट मांगूंगा और चुनाव लड़ूंगा। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि 2024 के आम चुनाव में अगर आपकी सरकार बनती है तो प्रधानमंत्री कौन होगा, जबाब में उन्होंने कहा कि गठबंधन में जिसकी ज्यादा सीटें आएंगी, प्रधानमंत्री वहीं से होगा।

इस दौरान ब्रमदेव सिंह कुशवाहा, कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष मोती पासवान, कुंदा मुखिया मनोज साहू, संजय भुइंया, अखलेश यादव, बिनोद साव, स्वयं सेवक संघ के जिला सचिव दिलीप साव, स्वयंसेवक अनुज साहू, कमलेश यादव, कृष्ण यादव, संतोष भोक्ता, अमलेश यादव, नवीन यादव, रूपेश यादव, रिंकू रजक आदि शामिल थे।

'लापरवाह पैक्स पर करें कार्रवाई, धान अधिप्राप्ति में अनियमितता बरतने वालों पर कराएं प्रथिमिकी'

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी व शिक्षा विभाग से संबंधित शिक्षा पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति को लेकर 8 पैक्स के द्वारा किसानों से क्रय किए गए धान को अभी तक मिलर को नहीं भेजे जाने की जानकारी आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा दी गई।

इसपर उपायुक्त ने सख्त शब्द में कहा कि जिन पैक्स द्वारा अभी तक मिल में किसान द्वारा क्रय किए गए धान को नहीं भेजा गया है और अंतिम मौका देने के पश्चात भी लापरवाही बरती गई है, उसपर सख्त कार्रवाई करें। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि कुल 11 पैक्स द्वारा धान मिलर को नहीं भेजा गया था पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में तीन पैक्स द्वारा धान अथवा समतुल्य राशि जमा कर दिया गया है शेष 8 पैक्स द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अगर भौतिक सत्यापन में संबंधित पैक्सों के पास धान की मात्रा शून्य पायी गई है, तो अविलंब समतुल्य राशि जमा करायेंगे। यदि समतुल्य राशि जमा नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी जाय। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रतिवेदन के माध्यम से जानकारी दिया कि माह अगस्त 2023 से विभाग से पैक्सों का धान की मात्रा के संबंध में भौतिक सत्यापन हेतु पत्र प्राप्त हो रहें हैं, लेकिन इस संदर्भ में लापरवाही देखी जा रही है और खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2022-23 में कई कर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा धान अधिप्राप्ति में अनियमित्ता देखी गई है। इसपर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनियमितता में संलिप्तता जिन अधिकारियों व कर्मियों का पाया जाता है उसपर सख्त कार्रवाई करें। बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट आदि उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

भारत श्रीअन्न उत्पादन में अहम भूमिका निभा सकता है : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय बीज सहकारिता समिति कृषि क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगी। इस समिति की शुरूआत बीज संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया गया है। यह समिति देश के पारंपरिक बीजों का संरक्षण करेगी और दुनिया के किसानों को उपलब्ध कराएगी। हमारे देश के बीज प्रकृति के बेहद करीब हैं। हम चाहते हैं कि इसका लाभ दुनिया को मिले और हमारे किसानों की आय बढ़े।

अमित शाह विज्ञान भवन में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से आयोजित सहकारी क्षेत्र में उन्नत एवं पारंपरिक बीजोत्पादन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें बीज निर्यात की दिशा में अपने हिस्सेदारी को बढ़ाना है। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड दुनिया के देशों तक उन्नतशील बीज पहुंचाएगी और यह समिति बीजों पर शोध का कार्य भी करेगी। कई निजी कंपनियां बीज निर्माण के क्षेत्र में हैं लेकिन इससे किसानों को लाभ नहीं होता। यह समिति किसानों को लाभ पहुंचाएगी। हमारा लक्ष्य है कि अन्न का उत्पादन बढ़े और लोगों को पोषक अनाज उपलब्ध हो। यह समिति उस दिशा में भी काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश के किसानों को हर वर्ष 465 लाख कुंतल बीजों की जरूरत है। यह आपूर्ति अगर सहकारिता के माध्यम से किया जाए तो किसानों को अधिक लाभ होगा।

शाह ने कहा कि बीजों का निर्यात हमें बढ़ाना है। अभी हम इस कार्य में बहुत पीछे हैं। भारतीय बीज सहकारिता समिति इस विषय पर भी काम करेगी। हमारे मीठे अनाज को दुनिया तक पहुंचाने का कार्य यह सहकारी समिति करेगी। हमारा लक्ष्य प्रमाणित बीजों के अधिक उत्पादन और भारतीय बीजों को दुनिया तक पहुंचाना है, जिससे हमारे किसानों की आय बढ़े और दुनिया को पौष्टिक अनाज मिल सके। शाह ने कहा कि भारतीय बीज सहकारिता समिति हमारे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। इसका सबसे बड़ा फायदा छोटे किसानों को होने वाला है। वह उन्नतशील बीज का उत्पादन कर सकेंगे। इस कार्य में भारतीय बीज सहकारिता समिति उनको मदद करेगी। अब देश का छोटा किसान बीज उत्पादक बन सकेगा। इन किसानों को अब ब्रांड की चिंता करने की जरूरत नहीं है। भारतीय बीज सहकारिता समिति इन कार्यों में किसानों की मदद करेगी।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि गांव में किसानों के पास पारंपरिक बीज उपलब्ध है लेकिन वह सीमित किसानों तक ही पहुंच पा रहा है। अब यह सहकारी समिति इन बीजों को खोजकर जरूरी संशोधन व शोधन कर किसानों को उपलब्ध कराएगी। शाह ने कहा कि हम श्रीअन्न उत्पादन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। दुनिया श्रीअन्न के बीज के लिए भारत पर निर्भर है। हमें इस दिशा में व्यापक शोध की जरूरत है। इस दिशा में भी हमें मिलकर काम करने की जरूरत है।

समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है पीएम-स्वनिधि

वंचित समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से बनाया सशक्त : पीएम मोदी

अब तक 9,152 करोड़ रुपये के ऋण वितरित

एजेंसी। नई दिल्ली

रेहड़ी-पटरी वालों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सूक्ष्म-ऋण योजना- पीएम स्वनिधि ने 'समावेशी उद्यमिता' को बढ़ावा देने में मदद की है और महिला-पुरुष समानता लाने वाली साबित हुई है। पीएम-स्वनिधि का आशय पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कोविड 19 महामारी के दौरान 1 जून, 2020 को शुरू की गई यह योजना पात्र स्ट्रीट वेंडरों के लिए वृद्धिशील किश्तों में 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करती है। यह तीन किस्तों में ऋण प्रदान करती है, - पहली किश्त 10,000 रुपये की, दूसरी किश्त 20,000 रुपये की, पहली किश्त के पुनर्भुगतान के अधीन, और तीसरी किश्त 50,000 रुपये की दूसरे ऋण के पुनर्भुगतान के अधीन। एसबीआई की ओर से हाल ही में किए गए एक अध्ययन में इस योजना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया है कि 43 प्रतिशत लाभार्थी महिला स्ट्रीट वेंडर हैं। इसके अलावा पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में से 44 प्रतिशत ओबीसी श्रेणी के, जबकि 22 प्रतिशत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हैं। पीएम ने अपने ब्लॉग पर इस रिपोर्ट को साझा करते हुए योजना के परिवर्तनकारी स्वरूप की सराहना की है। उन्होंने कहा, भारतीय स्टेट बैंक के सौम्य कांति घोष का यह गहन अनुसंधान पीएम स्वनिधि के परिवर्तनकारी प्रभाव की बहुत स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता है। यह इस योजना के समावेशी स्वरूप पर गौर करता है और इस बात पर प्रकाश डालता है कि इसने वंचित समुदाय के लोगों को किस प्रकार वित्तीय रूप से सशक्त बनाया है। इस योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन पर प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक का कैशबैक दिया जाता है। पीएम-स्वनिधि योजना के डैशबोर्ड के अनुसार, 26 अक्टूबर, 2023 तक पहली किश्त के रूप में 57.20 लाख, दूसरी किश्त के रूप में 15.92 लाख और तीसरी किश्त के रूप में 1.94 लाख ऋण स्वीकृत किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 10,000 रुपये का पहला ऋण चुकाने और 20,000 रुपये का दूसरा ऋण लेने वाले लोगों का अनुपात 68 प्रतिशत है। इसी तरह, 20,000 रुपये का दूसरा ऋण चुकाने और 50,000 रुपये का तीसरा ऋण लेने वाले लोगों का अनुपात 75 प्रतिशत है, जो छोटे और सीमांत स्ट्रीट वेंडरों के बीच वित्तीय अनुशासन मौजूद होने को इंगित करता है। अब तक बैंकों ने योजना के तहत 9,152 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं। ऋण स्वीकृत करने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अग्रणी रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने इस योजना के तहत कुल ऋणों का 31 प्रतिशत वितरण किया है, उसके बाद क्रमशः बैंक ऑफ बड़ौदा (31प्रतिशत), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (10 प्रतिशत), और पंजाब नेशनल बैंक ने (8प्रतिशत) ऋण वितरित किए हैं।

पीएम स्वनिधि ने समावेशी उद्यमिता सुनिश्चित की है

- पीएम स्वनिधि ने सामुदायिक बाधाओं को तोड़कर हाशिए पर मौजूद शहरी माइक्रो उद्यमियों को निर्बाध रूप से जोड़ा है।
- लगभग 75 प्रतिशत ऋण लाभार्थी गैर-सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं, जो परिवर्तनकारी बदलाव लाने के उद्देश्य वाली नीतिगत योजनाओं की सहज शक्ति का प्रमाण हैं।
- कुल संवितरण में ओबीसी का हिस्सा 44 प्रतिशत, जबकि एससी/एसटी का हिस्सा 22 प्रतिशत है।
- कुल लाभार्थियों में से 43प्रतिशत महिलाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है: महिला हिस्सेदारी शहरी महिलाओं की उद्यमशील क्षमताओं के सशक्तिकरण की ओर इंगित करती है, जिससे स्वनिधि को महिला-पुरुष समानता लाने वाली योजना का टैग मिलता है।
- स्थायित्व अनुपात (दूसरा ऋण/ चुकता किया गया पहला ऋण) बढ़ रहा है जो पीएम स्वनिधि योजना की आवश्यकता और लोकप्रियता को दर्शाता है और उन लोगों को भी प्रोत्साहित कर रहा है जो और ऋण लेने के लिए, पिछले ऋण का भुगतान कर रहे हैं और एक बेहतर माध्यम के रूप में कार्य कर रहे हैं।
- इस योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन पर प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक का कैशबैक दिया जाता है।
- अब तक तीनों किस्तों में लगभग 70 लाख ऋण वितरित किए गए हैं, जिससे 53 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर लाभान्वित हुए हैं, जिनका कुल मूल्य 9,100 करोड़ रुपये है।
- आय निजी उपभोग की प्रमुख प्रेरक रही है और आय में वृद्धि उपभोग/खर्च में वृद्धि को दर्शाती है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक उत्थान के उद्देश्य वाली पीएम स्वनिधि इस मामले में एक बड़ी सफलता है। अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि 10,000 रुपये से शुरू हुआ छोटा सा ऋण पीएम स्वनिधि खाताधारकों की काफी मदद करता है।
- वित्त वर्ष 2011 की तुलना में वित्त वर्ष 2013 में पीएम स्वनिधि खाताधारकों का औसत डेबिट कार्ड खर्च 50 प्रतिशत बढ़कर 80,000 रुपये हो गया।
- अनौपचारिक शहरी उद्यमियों को काफी कम मात्रा में शुरूआती पूंजी दिए जाने से महज 2 वर्षों में ही उनके प्रतिवर्ष औसत खर्च में 28,000 रुपये की वृद्धि हुई।

गागर में सागर

भारतीय सीमा में घुसपैठ कर आए दो आतंकी ढेर, अभियान जारी

कुपवाड़ा। कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा के साथ सटे मच्छल सेक्टर में पाकिस्तानी सीमा से भारतीय सीमा में घुसपैठ कर आए दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया है। अभियान फिलहाल जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट इनपुट के आधार पर मच्छल सेक्टर में अभियान शुरू किया था।

पीएम आज करेंगे भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 के 7वें संस्करण का उद्घाटन

नई दिल्ली। पीएम आज सुबह 9:45 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल कांग्रेस 2023 के 7वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को 100 5जी यूज केस लैब्स का पुरस्कार देंगे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है। यह 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की अविश्वसनीय प्रगति को उजागर करने और महत्वपूर्ण बातें सामने लाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू की बिगड़ी तबीयत आईजीएमसी में कराया गया भर्ती

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की तबीयत बिगड़ने पर आईजीएमसी अस्पताल में भर्ती किया गया है। सरकारी आवास पर बुधवार रात करीब एक बजे के बाद अचानक पेट दर्द की शिकायत के बाद मुख्यमंत्री को तुरंत आईजीएमसी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य सामान्य है। आईजीएमसी में अल्ट्रासाउंट समेत अन्य टेस्ट किए गए। जांच में पेट से संबंधित संक्रमण पाया गया है। उन्हें आईजीएमसी के स्पेशल वार्ड में भर्ती किया गया है और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं। आईजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल राव ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की सेहत में सुधार है और वह कुछ दिन डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से उनके समर्थक व चाहने वालों में चिंता का माहौल बन गया।

देश की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों पर फोकस करने की जरूरत : राजनाथ

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हवाई युद्धनीति के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। सिंह ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से देश के वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। दिल्ली में गुरुवार को शुरू हुई दो दिवसीय एयरफोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में राजनाथ ने यह बात कही। सत्र के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने रक्षा मंत्री को भारतीय वायुसेना की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। कमांडरों को संबोधित करते हुये राजनाथ सिंह ने परिचालन तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और



तीनों सेवाओं द्वारा संयुक्त योजना और संचालन के कार्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वायुसेना कमांडरों से तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने और भारतीय संदर्भ में उनका आकलन करने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने कहा, वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। सिंह ने हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हाल के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशनों के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा निभाई गई शानदार भूमिका की सराहना की। उन्होंने प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और एयर डिस्प्ले के सफल आयोजन के लिए भी भारतीय वायुसेना को बधाई दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि द्विवार्षिक रूप से आयोजित सम्मेलन में वर्तमान भू-राजनीतिक वातावरण और तकनीकी अनिवार्यताओं को देखते हुए एलएएफ के आगे का मार्ग तैयार करने पर चर्चा शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की निपुण हस्तियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

कर्नाटक में टाटा सूमो और टैंकर की भिड़ंत, 13 की मौत

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक के चिकबल्लापुर जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके चित्रावती पुलिस थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे एक टाटा सूमो और टैंकर की टक्कर में एक बच्चे सहित 13 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग टाटा सूमो में सवार थे, जो आंध्र प्रदेश से बेंगलुरु जा रहे थे। मृतकों में 8 पुरुष व 5 महिलाएं हैं। चिकबल्लापुर के कांग्रेस विधायक प्रदीप ईश्वर ने अस्पताल का दौरा किया और घायलों के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीएम को फोन पर इस हादसे से अवगत कराया। उन्होंने मीडियाकर्मियों को बताया कि सीएम ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

छह शवों की हुई पहचान

मृतकों में से छह लोगों के शवों की पहचान कर ली गई है। इनमें डोड्डाबल्लापुर की अरुणा और उनके बेटे रुत्विक, आंध्र प्रदेश के कोट्टाचेरू निवासी पेरुमल पवन कुमार, बेंगलुरु के कामाक्षीपाल्या की सुब्बम्मा, बागेपल्ली तालुक के मार्गनुकुंते की नरसिम्हामूर्ति और आंध्र प्रदेश के कालीगेरे के मूल निवासी नरसिम्हाप्पा हैं। शेष सात मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में डॉक्टर समेत 10 लोगों की मौत

मुंबई। बीड जिले में बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई। पहले एंबुलेंस और ट्रक की टक्कर हुई जिसमें डॉक्टर समेत चार लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल है। एक अन्य हादसे में सागर ट्रैवल्स नाम की प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में 9 लोग घायल हुए हैं। घायलों को बीड़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात बीड धामनगांव से अहमदनगर जाने वाली सड़क पर दौलावडगांव के पास बैंकॉक कंपनी की ओर मुड़ते समय ट्रक और एम्बुलेंस में जोरदार टक्कर हो गई।

FILMY हलचल

कंगना रनौत ने फिल्म तेजस रिलीज होने से पहले श्रीराम लला के किए दर्शन

अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी फिल्म तेजस रिलीज होने से एक दिन पहले गुरुवार को अयोध्या में श्रीराम लला की पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीराम लला से अपनी फिल्म की सफलता की कामना भी की। लखनऊ से कार द्वारा अयोध्या पहुंचीं कंगना रनौत ने दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से कहा कि श्रीराम जन्मभूमि का मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा तीर्थ स्थल बनेगा। उन्होंने कहा कि ईसाइयों के लिए वेटिकन सिटी का जो महत्व है, वैसे ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थान बनेगा। कंगना ने रामलला के दर्शन की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। कंगना ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का दिव्य मंदिर बन रहा है। यह हमारे लिए गौरव और हर्ष की बात है। आज मैं यहां पर दर्शन-पूजन कर धन्य हो गई। मैं श्रीहरि विष्णु की कृपापात्र हूं, उनकी भक्त हूं और आज मुझ पर उनकी इतनी कृपा हुई कि मुझे श्रीहरि विष्णु अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मभूमि के दर्शन करने का सौभाग्य मिला।



अभिनेता सोनू सूद ने पूरी की फिल्म 'फतेह' की शूटिंग



अभिनेता सोनू सूद ने अपनी आगामी फिल्म 'फतेह' की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए शूटिंग के पर्दे के पीछे की कुछ तस्वीरें साझा कीं। सोनू ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं और अपनी सह-कलाकार जैकलीन फर्नांडीज के प्रति आभार व्यक्त किया। तस्वीर में दोनों कलाकरों के बीच बेहतर केमिस्ट्री दिख रही है जिसने दर्शकों में इस परियोजना के लिए उत्सुकता पैदा कर दी है। तस्वीरें फिल्म के निर्माण की एक रोमांचक झलक प्रदान करती हैं। पोस्ट को कैप्शन दिया गया था, फतेह एक जादुई यात्रा की शुरूआत है। मैं वादा करता हूं कि यह आपकी सबसे यादगार यात्रा होगी।

'अपूर्वा' का ट्रेलर हुआ रिलीज, फिल्म 15 नवंबर को डिज्नी हॉटस्टार पर होगी रिलीज

स्टार स्टूडियो और सिने1 की पेशकश अपूर्वा का पावर-पैक ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया और फिल्म 15 नवंबर को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज की जाएगी। अपूर्वा को डायरेक्ट किया है निखिल नागेश भट ने और इसमें तारा सुतारिया, अभिषेक बनर्जी, धैर्य करवा और राजपाल यादव जैसे शानदार कलाकार हैं। फिल्म, भारत की सबसे खतरनाक जगहों में से एक, चंबल में सेट है, और

यह बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी को परदे पर उतारती है। फिल्म तारा के उस शक्तिशाली परिवर्तन की कहानी है, जो जिंदा रहने और जीने के लिए अपने अंदर की ताकत का इस्तेमाल करती है। जब जिन्दगी का एक सामान्य क्षण अचानक बहुत खतरनाक स्थिति में बदल जाता है तब अपूर्वा जिंदा रहने के लिए क्या करेगी, यही इस फिल्म की कहानी है। तारा सुतारिया इस अनूठे प्रोजेक्ट पर कहती हैं, हमारे पहले लुक को मिले प्यार और प्रशंसा से मैं अभिभूत हूं। परफोर्मेंस के मामले में "अपूर्वा" मेरे लिए अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है।

कार्यक्रम

राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' को लेकर देश में खुशी की लहर

सनातन संस्कृति का भव्य प्रतीक बनेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हरी झंडी मिलने के बाद बड़ी संख्या में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केपी मौर्य का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी, 2024 को एक राम भक्त के रूप में, एक सैनिक के रूप में अयोध्या पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 22 जनवरी का दिन सभी राम भक्तों के लिए गौरव का दिन होगा।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि राम लला मंदिर का भव्य उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हम सभी इस खबर

से खुश हैं। हम मंदिर में मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अयोध्या में अभिनेत्री कंगना रनौत का कहा है कि आखिरकार राम लला का मंदिर बन गया है। यह हिंदुओं का सदियों पुराना संघर्ष है और हमारी पीढ़ी इस दिन को देख पा रही है। यह मोदी सरकार और सीएम योगी आदित्यनाथ की वजह से संभव हो पा रहा है। ये हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा तीर्थ स्थल होगा। ये दुनिया के सामने देश और सनातन संस्कृति का भव्य प्रतीक बनेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों की ओर से श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रण मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर्ष व्यक्त करने के साथ एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि निमंत्रण पाकर मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। उन्होंने लिखा है कि यह मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक चौपाई जासु बिरह सोचहु दिन राती। रटहु निरंतर गुन गन पाती।। रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता।। आयउ कुसल देव मुनि त्राता ।। के साथ एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। योगी आदित्यनाथ ने लिखा है कि सनातन आस्था के अवलंब प्रभु श्री राम की प्राणप्रिय नगरी श्री अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण के फलस्वरूप श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का उल्लास, आह्लाद, गौरव एवं आत्मसंतोष का चिरप्रतीक्षित आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से कोटि-कोटि रामभक्तों की भावनाओं का प्रतिबिंब बनेगा।

गागर में सागर

गीताश्री उरांव फिर थामेंगी कांग्रेस का दामन, कल होगा घर वापसी कार्यक्रम

रांची। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव एक बार फिर कांग्रेस में शामिल होने जा रही है। झारखंड प्रदेश कमेटी द्वारा चलाये जा रहे ह्य आ अब लौट चले ह्य अभियान के तहत उनकी यह घर वापसी हो रही है। एक प्रेस वक्तव्य के माध्यम से गीताश्री उरांव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि 28 अक्टूबर को वह कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में फिर कांग्रेस का दामन थामेंगी। घर वापसी का यह कार्यक्रम आगामी 28 अक्टूबर को इटकी रोड स्थित मेजर कोठी के समीप आगमन बैंक्वेट हॉल में दोपहर तीन बजे आयोजित होगा। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि गीताश्री उरांव ने हाल के दिनों में व्यक्तिगत कारणों से कांग्रेस से किनारा कर लिया था।

मॉब लिंचिंग की एक भी घटना से मुख्यमंत्री कर रहे हैं इनकार : मरांडी

रांची। श्भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका के हंसडीहा मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर हेमंत सरकार पर हमला किया है। बाबूलाल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झूठ बोलने की आदत से मजबूर हैं। कहते हैं कि उनके शासन में प्रदेश में मॉब लिंचिंग की एक भी घटना नहीं हुई है जबकि उनके जिले में ही आदिवासी युवक की सरेराह हत्या कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सिर्फ अपने घोटालों को छिपाने के लिए आदिवासी समाज को ढाल बना रहे हैं जबकि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को समझकर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस घटना में संलिप्त दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जाये। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर को हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के पास चरवाहों ने एक आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वह पोडैय़ाहाट स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में दसवीं का छात्र था। वह फुटबॉल मैच देखकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक से भैंस को ठोकर लग गयी। इतनी छोटी से बात के लिए वहां मौजूद चरवाहों ने छात्र को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। झारखंड में अब यह देखने को मिल रहा है कि सुरक्षा नाम की कोई चीज अब नहीं बच पायी है। यहां की जनता इतनी डरी सहमी है कि कब किसके साथ कुछ भी हो सकता है। राज्य अपराधियों को बालबाला हो गया है। इसपर भी अंकुश लगाना बहुत ही जरूरी है।

खलारी में भूत जतरा मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया

संस्कृति व भाईचारे को बचाए रखने के लिए मेला का आयोजन जरूरी : जोगिंद्र उरांव

जतरा मेला आयोजन कमिटी ने बताया 200 वर्षों से भी अधिक समय से एकादशी के शुभ अवसर पर लगाया जाता आ रहा है

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, हेसालौंग, मैकलुस्कीगंज खलारी के तत्वावधान में आयोजित भूत जतरा मेला (एकादशी मेला) का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह प्रभारी आजसू (कांके प्रखंड) जोगेंद्र उरांव ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि मुखिया पुतुल देवी, जिला परिषद सरस्वती देवी, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, एस.आई. हेसालौंग सुमित भगत, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम कुमार साहू, बसंत कुमार पंकज, मोती चौरसिया, जितेन्द्र गिरी, धीरेंद्र सहित उत्तम तिवारी, अमन तिवारी एवं दानिश अहमद खान, अमित ओझा, अरविंद सिंह, राजू साहू, नंदकिशोर साहू, तबारक खान, अश्विनी कुमार, दीपक कुमार साहू, शेखर बोस, लखन साव आदि समाजसेवी एवं आजसू पार्टी के नेता रॉक बाउंसर ग्रुप के सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के पूर्व सभी गण्यमान अतिथियों का पूजा समिति के संरक्षक शिव पूजन साहू, अध्यक्ष कुलदीप प्रसाद साहू, सचिव पवन कुमार साहू, उप सचिव राहुल कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, मोनू राज, राजेश साहू, रविंद्र साहू, गुप्तेश्वर कुमार, रुपेश कुमार, प्रहलाद कुमार एवं क्षेत्र के लोगों ने ढोल नगाड़े, नृत्य गान पारंपरिक रीति रिवाज से एवं चुनरी भेंटकर जोरदर स्वागत किया और माता दुर्गा जी का दर्शन व भूतनाथ जतरा मेला का भ्रमण कराया।

जतरा मेला का लोगों को काफी इंतजार रहता है। यहां बच्चों के लिए झूला, मौत का कुंआ, गुड़ियां डांस और नाच गाने का भरपूर मनोरंजन के साधन रहते हैं। लोग इस काफी दिलचस्पी से देखने को आते हैं और मेले का भरपुर मजा लेते हैं। मौके पर मुख्य अतिथि जोगिंद्र उरांव ने कहा कि संस्कृति एवं भाईचारे को बचाए रखने के लिए मेला का आयोजन प्रत्येक क्षेत्र में होना चाहिए। मैं दुर्गा पूजा एवं जतरा आयोजन कमिटी के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। जतरा मेला आयोजन कमिटी ने बताया 200 वर्षों से भी अधिक समय से एकादशी के शुभ अवसर पर हेसालौंग में भूतनाथ मेला लगते आ रहा है। इस मेल में तरह तरह की मिठाईयां, खिलौना, श्रृंगार आदि की दुकानों सजती हैं और यहां दूर-दराज के ग्रामीण आते हैं और मेले मजा लेते हैं और सामानों की खरीदारी भी करते हैं। लोग मेले में भरपूर नृत्य गान कर महाउत्सव मनाते हैं।

एचईसी के आवासीय भवन की स्थिति हो रही है जर्जर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एचइसी की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण एचइसी आवासीय परिसर की सुंदरता भी धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। रखरखाव के अभाव में एचइसी के 170 से अधिक क्वार्टर जर्जर हो गये हैं। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बी टाइप में 50 आवास, धुर्वा में 70 एसटी/डीटी आवास व सेक्टर तीन में वेलनेस सेंटर के पास 50 आवास को कंडम घोषित कर दिया गया है। इन क्वार्टरों में न तो दरवाजे हैं और न ही खिड़की। हालांकि, कुछ क्वार्टरों में लोग अनधिकृत रूप से रह रहे हैं। ऐसे में हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं प्रबंधन को भी मालूम नहीं है कि किस तरह के लोग इन क्वार्टरों में रहते हैं। वहीं, जो क्वार्टर लीज जोन में नहीं हैं, उनकी हालत भी खराब है। एचइसी प्रबंधन इन क्वार्टरों की मरम्मत करीब 30 वर्षों से नहीं करा रहा है। इसमें रहने वाले लोग खुद अपने पैसे से मरम्मत कराते हैं। एचइसी के क्वार्टरों का निर्माण 60 के दशक में हुआ था। उस समय स्थायी और अस्थायी क्वार्टर बने थे। शुरूआत में नियमित रूप से क्वार्टरों का रखरखाव किया जाता था। लेकिन, आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण 80 के दशक के बाद से क्वार्टरों की मरम्मत का काम पूरी तरह बंद कर दिया गया। वहीं, प्रबंधन द्वारा क्वार्टरों में जलापूर्ति, नालियों की सफाई और बिजली संबंधी कार्य भी नहीं कराया जाता है। एचइसी के करीब सात हजार क्वार्टर को कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों को लीज पर दिया गया है। इन क्वार्टरों से प्रबंधन हर साल रखरखाव शुल्क लेता है। इसके बावजूद मेंटेनेंस नहीं कराता है। इन क्वार्टरों को 99 साल के लिए लीज पर दिया गया है। हर 30 साल बाद इसका नवीकरण किया जाना है। अभी तक सभी का लीज एग्रीमेंट नहीं किया गया है। लीज एग्रीमेंट नहीं किये जाने से भी क्वार्टर लेने वाले परेशान हैं।

झारखंड राज्य में खुलेंगे 1500 किसान समृद्धि केंद्र, किसानों को मिलेगा लाभ

रांची। भारत सरकार गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज बेचनेवाली दुकानों को ह्यकिसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। किसानों को एक ही छत के नीचे खेती-बाड़ी से जुड़ी जानकारियां और सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। झारखंड के विभिन्न जिलों में 1500 ह्यकिसान समृद्धि केंद्रह्ल खोलने की योजना है। अब तक यहां 400 से अधिक केंद्र चयनित किये जा चुके हैं। शेष की तलाश जारी है। ह्यकिसान समृद्धि केंद्रह्ल गांव से लेकर जिलास्तर खोले जायेंगे। जिलास्तर पर इसके लिए कम से कम 2000 वर्गफीट की दुकान होनी चाहिए। जबकि, प्रखंड स्तर पर 200 और गांव स्तर पर 50 वर्गफीट में केंद्र शुरू किया जा सकेगा। गांवस्तर के केंद्र पर किसानों के बैठने की व्यवस्था होगी। उत्पाद डिस्प्ले होगा। पॉस मशीन, क्यूआर कोड स्कैन, स्कैनर, स्टॉक देखने की व्यवस्था, उत्पादों का एमआरपी, फसलों से संबंधित लिटरेचर, भूमि की गुणवत्ता संबंधी नक्शा, सरकार का अधिकृत मैसेज मिलता रहेगा। 200 वर्ग मीटर परिसर वाले क्षेत्रफल में इंटरनेट कनेक्शन के साथ स्मार्ट टीवी, हेल्प डेस्क, कॉमन सर्विस सेंटर के साथ लिंकेज, मिट्टी जांच की सुविधा, बीज-खाद जांच की सुविधा भी रहेगी। जिलास्तर के सेंटर पर सभी सुविधा बड़े पैमाने की होगी। झारखंड में जिला द्वारा चयनित कृषि केंद्र को टीवी के माध्यम से खेती-बाड़ी की जानकारी मिलेगी। जो किसान वहां आयेंगे, वह टीवी पर फसल संबंधी कार्यक्रम देखेंगे।

फसल राहत योजना को लेकर झारखंड के अन्नदाताओं में उदासीनता

13 लाख किसानों ने ही कराया निबंधन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में साल 2022 की तरह इस साल भी मानसून ने किसानों को धोखा दे दिया है। जब राज्य के किसानों को खरीफ फसल के लिए पानी की जरूरत थी, तब बारिश नहीं हुई, लिहाजा खेतीबाड़ी पर खराब असर पड़ा है। राज्य के लगभग 28 लाख हेक्टेयर जमीन में से 10 लाख हेक्टेयर जमीन खाली रह गयी। वहीं जिन किसानों ने किसी तरह धान और अन्य खरीफ की फसल लगायी, उनकी उपज कैसी होगी, उस पर ग्रहण लगा हुआ है। इस परिस्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने झारखंड फसल राहत योजना को इस वर्ष भी चालू रखा है। लेकिन हैरत की बात यह है कि बेहद खस्ताहाल स्थिति में होने के बावजूद किसान इस योजना के तहत निबंधन नहीं करा रहे हैं। राज्य में करीब 45 लाख से अधिक किसानों में से 13 लाख से कुछ ही ज्यादा किसानों ने निबंधन कराया है। ऐसे में कृषि विभाग ने इस योजना का लाभ लेने के लिए निबंधन की तिथि 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। किसानों में योजना के लिए क्यों नहीं दिख रहा उत्साहः अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद किसानों में फसल राहत योजना के प्रति उत्साह नहीं दिखने की वजह जानने के लिए ईटीवी भारत ने किसानों से बात की। नगड़ी प्रखंड के युवा किसान मोहम्मद निसार ने बताया कि पिछले वर्ष भी वह और उनके जैसे गांव के कई किसानों ने फसल राहत योजना के लिए निबंधन कराया था, लेकिन मिला कुछ भी नहीं। इसलिए इस वर्ष उन्होंने निबंधन नहीं कराया। पिछले वर्ष बड़ी संख्या में किसानों के आवेदन हुए रिजेक्टः झारखंड राज्य सहकारिता विभाग के विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि राज्य में पिछले वर्ष बड़ी संख्या में किसानों ने आवेदन तो किया था लेकिन उनमें से 06 लाख 46 हजार आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए। वहीं 03 लाख 23 हजार आवेदन को कुछ अन्य डॉक्यूमेंट्स के अभाव के कारण वापस कर दिए गए। क्योकि नियमानुसार हल्का, सीआई या अंचलाधिकारी के वेरिफिकेशन में आवेदन में कुछ कमी पाई गई।सभी अहर्ता पूरा करने वाले किसानों को मिलेगा लाभः राज्य के सहकारिता निदेशक सूरज कुमार ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना के लिए निबंधन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर करने की जानकारी देते हुए कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से जिन योग्य किसानों को पिछले वर्ष की राहत राशि नहीं मिली है, जल्द उनके खाते में 35 सौ रुपये पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों में जल्द जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। क्योंकि इस योजना में किसानों को प्रज्ञा केंद्र से निबंधन कराने पर सिर्फ 10 रुपया और एङ उ कराने पर 40 रुपया खर्च होता है। ऐसे में किसानों को जल्द निबंधन करा लेना चाहिए।

झारखंड के 36 अंचल अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर-पोस्टिंग

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित और प्रस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है। राज्य सरकार ने 36 अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार विकास आनंद को धनबाद के पुटकी का सीओ के पद पर पद स्थापित किया गया है। मनोज कुमार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) का सीओ, दीपक प्रसाद को सरायकेला खरसावां के इचागढ़ का सीओ , रवि कुमार को धनबाद के टुंडी का सीओ, खगेन महतो को गोड्डा के महगामा का सीओ, अनिल कुमार को चतरा सदर का सीओ, तृप्ति विजया कुजूर को लातेहार के बालूमाथ का सीओ, शशि भूषण सिंह को हजारीबाग के सदर का सीओ बनाया गया है। इसी तरह अनूप कच्छप को सिमडेगा के कोलेबिरा का सीओ, पुष्पक रजक को गोड्डा के पौड़ेयाहाट का सीओ, आलोक वरन केसरी को गोड्डा के ठाकुरगंगटी का सीओ, राजेश डुंगडुंग को गिरिडीह के बेंगाबाद का सीओ, सुनील कुमार गढ़वा के नगर ऊंटरी का सीओ, यामुन रविदास को पलामू के हरिहरगंज का सीओ, रविंद्र कुमार पांडे को कोडरमा के डोमचांच का सीओ, शंभू राम को चतरा के कुंदा का सीओ, संजय पांडे को गिरिडीह के जमुआ का सीओ बनाया गया है। इनके अलावा राकेश भूषण सिंह को गढ़वा के भंडारिया का सीओ, कमल किशोर सिंह को कोडरमा के सदर का सीओ, अमृता कुमारी को पलामू के सतबरवा का सीओ, प्रताप मिंज को रांची के बेड़ो का सीओ, सुनील कुमार को गढ़वा के खरौंदी का सीओ, पंकज कुमार को लोहरदगा के पेशारार का सीओ, मधु श्री मिश्रा को सिमडेगा के जलडेगा का सीओ, राकेश सहाय को चतरा के गिद्धौर का सीओ बनाया गया है। इसके अलावा धनंजय गुप्ता को पलामू के हुसैनाबाद का सीओ, संतोष कुमार शुक्ला को पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा का सीओ, अशोक कुमार सिन्हा को साहिबगंज के राजमहल का सीओ, विकास कुमार को दुमका के कांठी कुंड का सीओ, सुदीप एक्का को धनबाद के बलियापुर का सीओ, रणवीर कुमार को पलामू के मोहम्मद गंज का सीओ, आफताब आलम को गढ़वा के कांडी का सीओ, केदारनाथ सिंह को गोड्डा के बोआरीजोर का सीओ, कमलेश उरांव को सिमडेगा के ठेठई टांगर का सीओ और समीर कश्यप को सिमडेगा के बांसजोर का सीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है।

रांची सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर का काम प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता। रांची
सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर के लिए मुआवजा भुगतान में परेशानी हो रही है। क्योंकि, अभी तक जिला भू-अर्जन कार्यालय को रैयतों की संरचना से संबंधित गिफ्ट एरिया का डिटेल नहीं मिल रहा है। अपार्टमेंट, कॉमर्शियल स्ट्रक्चर आदि के लिए छोड़े गये गिफ्ट एरिया की विवरणी नहीं होने के कारण कितनी जमीन का भुगतान किया जाये, यह तय नहीं हो पा रहा है। रैयतों से भी इस बाबत पूरा विवरण मांगा गया है। वहीं, फ्लाइओवर का काम भी प्रभावित हो गया है। इधर, भू-अर्जन कार्यालय ने पूर्व में शहर के अंदर नक्शा पास करने वाली एजेंसी आरआरडीए और नगर निगम दोनों से इसका विवरण मांगा है, ताकि गिफ्ट एरिया को छोड़ कर शेष जमीन का मुआवजा भुगतान किया जा सके। लेकिन, दोनों जगहों से अभी तक विवरण नहीं मिल सका है। रैयतों ने भी डिटेल

पृष्ठ एक के शेष

पार्टी की बैठक में सीएम का निर्देश...
16 नवम्बर से फिर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू हो रहा है। इसमें भी पार्टी-संगठन के लोगों को जुटने की जरूरत है। बैठक के बाद संवाददाताओं से पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आज की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण रही क्योंकि, इसमें खुद पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शामिल हुए। बैठक में पूरे राज्य से जिला और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए थे। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सरकार की योजनाओं को जनता के बीच बेहतर ढंग से ले जाने और उसका लाभ उन्हें पहुंचाने का निर्देश दिया गया। पार्टी नेताओं को सदस्यता अभियान मजबूती से चलाने और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बैठक सरकार और पार्टी स्तर पर कई तरह के कार्यक्रम तय किए गये हैं, जिसे पार्टी जल्द ही बारी-बारी से जारी करेगी। पांडेय ने कहा कि झामुमो और हेमंत सोरेन आइएनडीआईए गठबंधन के महत्वपूर्ण अंग हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। इसमें कई आदिवासी बहुल सीटें हैं। झामुमो ने वहां उम्मीदवार तो नहीं दिया है लेकिन गठबंधन की ओर से मांग हुई तो निश्चित रूप से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में जाएंगे। अभी तक इसकी मांग गठबंधन की ओर से नहीं आयी है। पांडेय ने कहा कि यह सभी जानते हैं कि गत चुनाव में झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति बदल चुकी है। गठबंधन में शामिल सभी दल जानते हैं कि झामुमो यहां पर बड़े भाई की भूमिका में है। हमारे कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आईएनडीआईए गठबंधन कोर संयोजक कमेटी के सदस्य भी हैं। जब इंडिया गठबंधन की बैठक होगी तो हेमंत सोरेन अपनी बात रखेंगे। इसके लिए वे अधिकृत किए जा चुके हैं। वे जो भी निर्णय करेंगे, पार्टी-संगठन के लिए वह मान्य होगा।

महासंग्राम का...
तैनाती हुई है। खुद ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव कमान संभालेंगे। राजकीय अतिथिशाला से ऑक्सीजन पार्क वाली सड़क सामान्य रहेंगी। वहीं, डीसी आवास मोरहाबादी गांधी प्रतिमा वाला रोड को रिजर्व रखा गया है। करम टोली और एसएसपी आवास के पास डीसी आवास होते हुए हॉकी स्टेडियम के तरफ प्रवेश बंद रहेगा। इस सड़क से टीम की बसें, मीडियाकर्मी और पासधारी वाहन को ही इंट्री मिलेगी।

सभी 6 टीमें पहुंची रांची : एशियन हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सभी 6 टीमें रांची पहुंच चुकी है। स्टेडियम में डेढ़-डेढ़ घंटे तक स्टेडियम में प्रैक्टिस मैच कर रहे हैं। बता दें, 22 अक्टूबर को जापान और भारत की टीम रांची पहुंची, 23 अक्टूबर को कोरिया, 24 अक्टूबर को मलेशिया रांची पहुंची। वहीं, 25 अक्टूबर को चीन की टीम रांची पहुंच गई। सभी टीमों का एयरपोर्ट में पारंपरिक तरीके से ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया गया।

दुमका में पर्यटन की असीम...
चट्टान है जो विश्व के शोधार्थियों को आमन्त्रित करती हुई जीवसृष्टि और सभ्यता के विकास के रहस्यों को खोलती दिखती है। इस चट्टान के संरक्षण, घेराबन्दी, पार्क निर्माण आदि के लिये पर्यटन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है। मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि इस जीवाश्म चट्टान की सुरक्षा एवं इससे जुड़े क्षेत्र के विकास के लिये कृत संकल्प हूं। जो भी बन पड़ेगा करूँगा। इस चट्टान के खोजकर्ता पंडित वाजपेयी को बधाई देते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब यहाँ सुदूर क्षेत्र के शोधार्थी आयेंगे। वार्ता के दौरान पंडित वाजपेयी ने मंत्री बादल पत्रलेख को अपनी पुस्तकें सप्रेम भेंट कीं। यह जानकारी महेश राम चन्द्रवंशी अध्यक्ष दुमका जिला कांग्रेस ने दी। मौके पर कांग्रेस नेता श्यामल किशोर सिंह, महेश राम चन्द्रवंशी, भरत कापरी, अरविंद कुमार, सत्यनारायण यादव, सौरभ यादव आदि मौजूद थे।

क्या केन्द्र सरकार कतर में फांसी की सजा पाये...
नौसैनिक अधिकारियों को इजराइल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया । तब से वह जेल में थे। मामला वहां की अदालत में चल रहा था । जिसने इन सभी आठ भारतीयों को मौत की सजा सुना दी। ये सभी पूर्व भारतीय नौसैनिक अफसर हिन्दू हैं, कतर की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। इन सबके परिवार वाले बीते एक वर्ष से केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री से लेकर विदेश मंत्री तक को लिख - लिख कर हताश हो गये हैं। मामला संसद में भी उठा था। संसद में जैसा हर मामले में जवाब आता है वैसा आया। समय बीतता गया। और अब कतर की कोर्ट ने मौत की सजा सुना दी। इसके बाद अब सवाल होने लगा है कि क्या केन्द्र सरकार कतर सरकार पर दबाव बना या कतर के बादशाह से अपनी तथाकथित दोस्ती के बदौलत इन आठ भारतीय पूर्व नौसेना अफसरों को माफी दिलवा भारत ला सकती है? कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टेन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया। ये दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी में काम करते थे जो कतर के नौसैनिकों को ट्रेनिंग देती थी। 8 भारतीयों की गिरफ्तारी के बाद से दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी की वेबसाइट अब मौजूद नहीं है। नई वेबसाइट में कंपनी का नाम दाहरा ग्लोबल है। इसमें कंपनी से क्यूयूएनएफ का कोई कनेक्शन नहीं दिखाया गया है, न ही नेवी के पूर्व अफसरों की चर्चा है।जेल में बंद कमांडर पूर्णेन्दु को कतर में प्रवासी भारतीय सम्मान मिल चुका है । दाहरा कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर रिटायर्ड कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी को भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सेवाओं के लिए साल 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार मिला था। वह यह पुरस्कार पाने वाले आर्म्ड फोर्सेज के एकमात्र व्यक्ति हैं। उस समय दोहा में तब के भारतीय राजदूत पी कुमारन तथा कतर डिफेंस फोर्सेज इंटरनेशनल मिलिट्री कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख ने भी पूर्णेन्दु का स्वागत किया था।

मधु कोड़ा व गीता कोड़ा...
सियासी वजन बरकरार रखा। वर्ष 2019 में उनकी पत्नी गीता कोड़ा पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) सीट से कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी गईं। कोड़ा दंपति का ताल्लुक हो नामक जनजातीय समुदाय से है। कई विधानसभा सीटों में इस जनजाति की खासी आबादी है।

अब भाजपा इस दंपती के लिए पार्टी का दरवाजा खोलने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों की मानें तो चाईबासा सीट पर भाजपा को जिताऊ कैंडिडेट की तलाश है और ऐसे में गीता कोड़ा को पार्टी में आने के लिए रजामंद किया जा सकता है। खुद गीता कोड़ा भी कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं। हालांकि, गीता कोड़ा के पति मधु कोड़ा फिलहाल भाजपा की ओर से कोई न्योता मिलने या जाने की संभावना से इनकार करते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह कहते हैं कि राजनीति संभावनाओं का खेल है।

पिछले दिनों उन्होंने मीडिया के सवालों पर कहा था कि उनका भाजपा से पुराना संबंध रहा है, लेकिन अभी तक न तो वहां से कोई न्योता मिला है और न ही हमने इस बारे में कुछ सोचा है।

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 के चुनाव में तत्कालीन सीएम रघुवर दास को शिकस्त देने वाले निर्दलीय सरयू राय भी भाजपा में वापसी की राह देख रहे हैं। बीते चार साल को छोड़ दें तो सरयू राय की करीब तीन दशक पुरानी राजनीतिक यात्रा भाजपा के साथ ही चलती-बढ़ती रही है। भाजपा में उनके शामिल होने की राह में सबसे बड़े बाधक रघुवर दास थे, जिन्हें अब ओडिशा का राज्यपाल बना दिया गया है। रघुवर से झारखंड की राजनीति से दूर होते ही सरयू राय की वापसी की राह प्रशस्त हो गई है। इनके अलावा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2019 में भाजपा के बागी प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने और जीतने वाले अमित यादव भी पार्टी में शामिल कराए जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं में खुशी — श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण

123 दीप प्रज्ज्वलित कर गुरू जी महाराज का मनाया गया जन्म दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची
116 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण ब्रह्मलीन स्वामी श्री मंगल दास जी महाराज के 123 वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण प्रणामी परिवार एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को ब्रह्मलीन स्वामी श्री मंगल दास जी महाराज के 123 वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्यों ने 123 दीप प्रज्ज्वलित कर भजन संकीर्तन कर गुरू जी महाराज का जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम पूर्वक मनाया गया। निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) को गुरू महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। दुगार्पूजा दशहरे के सुअवसर मंदिर परिसर में आये हुए संस्था के सदस्य एक दूसरे को विजय दशमी की बधाई दे रहे थे एवं आने वाले पर्व धनतेरस दिपावली पर भी संस्था के अध्यक्ष एवं सदस्यों को दिपावली मिलन कार्यक्रम करने का आग्रह किया। आज मंदिर प्रांगण में चारों तरफ खुशियां ही खुशियां छाई हुई थी।

आज गुरूजी मंगलदास जी महाराज के जन्मदिवस पर संस्था के सदस्यों के द्वारा भजन संकीर्तन कार्यक्रम में मनीष सोनी, सज्जन पाडिया, निर्मल जालान,उर्मिला पाडिया के द्वारा प्रस्तुत किए गये। आज निमार्णाधीन मंदिर परिसर में आये हुए लगभग 900 से ज्यादा महिला- पुरुष बच्चों एवं संस्था के सदस्यों के बीच 116 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण संस्था कि वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल,मंगला देवी मोदी अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल कार्यक्रम सह संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। आज बच्चों महिलाओं एवं पुंदाग बस्ती के श्रद्धालुओं एवं गुरू जी महाराज के आये हुए शिष्यों के बीच 116 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में जैसे पीठी कचोड़ी, आलु चना टमाटर की सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, खीर, जलेबी का वितरण का कार्य श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सदस्यों के द्वारा वहां की सेवाधारी संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। गुरु जी महाराज के जन्मदिवस पर आज भोजन वितरण के महान कार्य में संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, नन्द किशोर चौधरी, बिजय जालान मनीष सोनी,

श्रीलंका ने भी चैंपियन इंग्लैंड को धो डाला

8 विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

एजेंसी। बेंगलुरु

लाहिरू कुमारा (35 रन पर 3 विकेट) और एंजेलो मैथ्यूज (14 रन पर 2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद पथुम निसंका (नाबाद 77) और सदीरा समराविक्रमा (नाबाद 65) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत श्रीलंका ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को विश्व कप मुकाबले में गुरुवार को आठ विकेट से धोकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

खराब दौर से गुजर रहे इंग्लैंड को पांच मैचों में अपनी चौथी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। श्रीलंका ने इंग्लैंड को 33.2 ओवर में 156 रन पर समेटने के बाद 25.4 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की।

1996 में चैंपियन रहे श्रीलंका ने पांच मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल की उम्मीदों को नई उड़ान दे दी है। श्रीलंका ने इससे पहले अपने पिछले तीन मैच लगातार गंवाए थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में उसने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हालांकि श्रीलंका की शुरूआत खराब रही और उसने अपने दो विकेट 23 रन पर गंवा दिए। डेविड विली ने कुशल परेरा (4) और कप्तान कुशल मेंडिस (11) को पवेलियन का रास्ता दिखाया, लेकिन इसके बाद निसंका और समराविक्रमा ने तीसरे विकेट के लिए 137 रन की मैच विजयी अविजित साझेदारी की और टीम को जीत की मंजिल पर पहुंचाया। निसंका ने 83 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाए, जबकि समराविक्रमा ने 54 गेंदों पर 7 चौके और 1 छक्का लगाया।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और उसकी शुरूआती जोड़ी ने ओपनिंग साझेदारी में 45 रन जोड़े, लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद इंग्लैंड लगातार अंतराल पर अपने विकेट गंवाता चला गया और उसकी पूरी पारी 156 रन पर सिमट गई। गैरजरूरी शॉट खेलने की वजह से इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अपने विकेट गंवाए। लाहिरू कुमारा और एंजेलो मैथ्यूज ने कमाल की गेंदबाजी की। इंग्लैंड का खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन इस मुकाबले में भी जारी रहा। इंग्लैंड की तरफ से बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाये, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 30 और डेविड मलान ने 28 रन का योगदान दिया। मोईन अली के बल्ले से 15 और डेविड विली के बल्ले से नाबाद 14 रन निकले। विली ने इंग्लैंड की पारी का एकमात्र छक्का लगाया। श्रीलंका की तरफ से कुमारा ने तीन, मैथ्यूज ने दो और कसुन रजिथा ने 36 रन पर दो विकेट लिए।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड	रन	बॉल	4	6
जॉनी बेयरस्टो	30	31	3	0
डाविड मलान	28	25	6	0
जो रूट	3	10	0	0
बेन स्टोक्स	43	73	6	0
जॉस बटलर	8	6	1	0
लियम लिविंगस्टन	1	6	0	0
मोईन अली	15	15	1	0
क्रिस वोक्स	0	4	0	0
डेविड विली	14	17	1	1
आदिल रशीद	2	7	0	0
मार्क वुड	5	6	1	0

अतिरिक्त : 07, **कुल :** 156/10 (33.2 ओवर)
विकेट पतन: 1-45, 2-57, 3-68, 4-77, 5-85, 6-122, 7-123, 8-137, 9-147, 10-156 . डीआरएस
गेंदबाजी : दिलशान मदुशंका 5-0-37-0, कसुन रजिता 7-0-36-2, महीश थीक्षणा 8.2-1-21-1, एंजलो मैथ्यूज 5-1-14-2, लाहिरू कुमारा 7-0-35-3, धनंजय डीसिल्वा 1-0-10-0

श्रीलंका	रन	बॉल	4	6
पथुम निसंका	77	83	7	2
कुसल परेरा	4	5	1	0
कुसल मेंडिस	11	12	2	0
सदीरा समराविक्रमा	65	54	7	1

अतिरिक्त : 03, **कुल :** 160/2 (25.4 ओवर)
विकेट पतन: 1-9, 2-23 . डीआरएस
गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 6-0-30-0, डेविड विली 5-0-30-2, आदिल रशीद 4.4-0-39-0, मार्क वुड 4-0-23-0, लियम लिविंगस्टन 3-0-17-0, मोईन अली 3-0-21-0

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
भारत	5	5	0	10	+1.353
सा. अफ्रीका	5	4	1	8	+2.370
न्यूजीलैंड	5	4	1	8	+1.481
ऑस्ट्रेलिया	5	3	2	6	+1.142
श्रीलंका	5	2	3	4	-0.205
पाकिस्तान	5	2	3	4	-0.400
अफगानिस्तान	5	2	3	4	-0.969
बांग्लादेश	5	1	4	2	-1.253
इंग्लैंड	5	1	4	2	-1.634
नीदरलैंड्स	5	1	4	2	-1.902

11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 अभियान की शुरूआत

आज पाक से भिड़ेगी भारतीय टीम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 27 अक्टूबर को मलेशिया के जोहोर में 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के उद्घाटन मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी। 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों में हिस्सा लेने वाली पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस संस्करण में 8 टीमें शामिल हैं। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, इस बीच, पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन होंगे। उनका पहला मैच 27 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ होगा। पिछली बार जब भारत का सामना पाकिस्तान से हुआ था, तो उन्होंने पुरुष जूनियर एशिया कप के एक कड़े फाइनल में उन्हें 2-1 से हराया था। 28 अक्टूबर को भारत का सामना मलेशिया से होगा, जिसके बाद ग्रुप चरण के समापन के लिए 30 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ मुकाबला होगा। सेमीफाइनल के लिए योग्यता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें पूल बी में शीर्ष -2 में स्थान सुनिश्चित करना होगा।

भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हम पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ अपने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 अभियान की मजबूत शुरूआत करने और फाइनल तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य रखेंगे। टीम में सभी ने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और हम अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के अनुसार हर एक मैच में गेम प्लान को क्रियान्वित करने और अपनी कड़ी मेहनत का फल पाने की कोशिश करेंगे।" भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप के पिछले संस्करण, पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब और हाल ही में जर्मनी में 4 देशों के अंडर-21 पुरूष टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन के बाद इस महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में होगी। टूर्नामेंट टीम को अपने संयोजनों का परीक्षण करने और प्रतिस्पर्धी टीमों का आकलन करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा जो एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में भी भाग लेंगे।

कप्तान ने कहा, यह टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में भाग लेने वाली कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ हमारी स्थिति का आकलन करने का भी मौका होगा। इसलिए, जोहोर कप 2023 का 11वां सुल्तान हमें एक बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी रणनीति को बेहतर बनाने में मदद करेगा और हमें एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाएगा।

फेलिक्स स्विस इंडोर के दूसरे दौर में पहुंचे, एंडी मरे हारे

एजेंसी। बासेल

गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने स्विस वाइल्ड कार्ड लिएंड्रो रिडी को 6-3, 6-2 से हराकर स्विस इंडोर्स बासेल में दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे को हार का सामना करना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का अगला मुकाबला डचमैन बोटिक वान डे जैंड्सचुल्प से होगा, जिन्होंने रॉबर्टो बतिस्ता अगुत को तीन सेटों में बाहर कर दिया। ऑगर-अलियासिमे लंबे समय से इंडोर गेम्स में शानदार रहे और उन्होंने अपने सभी चार खिताब ऐसी परिस्थितियों में जीते हैं। फरवरी में रॉटरडम के बाद लेवर कप के बाहर यह उनकी पहली इनडोर उपस्थिति है। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, फेलिक्स ने अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस को लगातार चुनौती दी, 50 प्रतिशत रिटर्न पॉइंट जीते और 75 मिनट के मैच में चार ब्रेक अर्जित किए। दिन की अन्य गतिविधियों में, अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे को तीन घंटे और आठ मिनट में 6-7(5), 6-3, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए एचेवेरी का अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूण या देश के सेबेस्टियन बाएज से होगा। 24 वर्षीय खिलाड़ी इस सप्ताह अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीतने की कोशिश में है।

प्रो टेनिस लीग नीलामी का हिस्सा होंगे मुकुंद, रिया और सहजा

नई दिल्ली। मुकुंद शशिकुमार, रिया भाटिया और सहजा यमलापल्ली प्रो टेनिस लीग (पीटीएल) के पांचवें संस्करण के लिए यहां शनिवार को आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में होने वाली नीलामी के लिए खिलाड़ियों के पूल का हिस्सा होंगे। नीलामी में कुल आठ टीमें 40 खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिन्हें पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है - पुरुष प्रो (1 खिलाड़ी), महिला प्रो (1 खिलाड़ी), नेक्स्ट-जेन पुरुष प्रो (1 खिलाड़ी), नेक्स्ट-जेन महिला प्रो* (1 खिलाड़ी) और मास्टर्स खिलाड़ी - 1 खिलाड़ी (पहले से ही आवंटित)। मुकुंद ने 17 अक्टूबर 2019 को हासिल की गई 229 की करियर-उच्च एटीपी एकल रैंकिंग हासिल की है।

भारत ने एशियाई पैरा खेलों में रचा इतिहास, रिकॉर्ड 80 पदक तक पहुंचे

एशियन पैरा गेम्स पदक तालिका

19th Asian Games

पद	देश	सोना	चांदी	कांस्य	कुल
1	चीन	156	128	108	392
2	आईआर ईरान	32	36	28	96
3	जापान	30	32	41	103
4	दक्षिण कोरिया	20	21	27	68
5	उज्बेकिस्तान	20	19	23	62
6	भारत	18	23	41	82

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाते हुए अपने कुल पदक की संख्या को 82 तक पहुंचाया जिसमें 18 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने अब तक 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीते हैं। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। भारत ने जर्काता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य पदक सहित 72 पदक जीते थे। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सजेर्राव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्ल्यूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ीह को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

सिमरन और भाग्यश्री माधवराव जाधव ने महिला टी12 100 मीटर और महिला एफ34 गोला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीते। सिमरन ने 26.12 सेकेंड का समय लिया जबकि भाग्यश्री ने 7.54 मीटर की दूरी तय की। नारायण ठाकुर ने पुरुष टी35 100 मीटर में 14.37 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जबकि श्रेयांश त्रिवेदी (12.24 सेकेंड) को भी पुरुष टी37 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। पैरा बैडमिंटन में सुकांत इंदूकांत कदम (पुरुष एकल एसएल4), सिवन नित्या सुमथी (महिला एकल एसएच6), मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5), मनदीप कौर और मनीषा (महिला युगल एसएल3-एसयू5), कृष्णा नागर और सिवराजन एस (पुरुष युगल एसएच6) तथा प्रमोद भगत और सुकांत (पुरुष युगल एसएल3-एसएल4) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले गंवाने के बाद कांस्य पदक जीते। शतरंज में भावेशकुमार रति हिमांशी ने महिला व्यक्तिगत स्टैंडर्ड वी1-बी1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

पीएम ने पैरा एथलीटों को दी बधाई, कहा- असाधारण एथलीटों का जोरदार अभिनंदन, जिन्होंने इतिहास में नाम दर्ज कराया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा एशियाई खेलों में 82 से अधिक पदक हासिल करने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। भारतीय दल अब तक इन खेलों में 82 पदक जीत चुका है और 2018 में जीते गए 72 पदकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री ने एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, एशियाई पैरा खेलों में एक स्मारकीय उपलब्धि, जिसमें भारत ने अभूतपूर्व 73 पदक जीते और अभी भी मजबूत स्थिति में है, जकार्ता 2018 एशियाई पैरा खेलों से 72 पदकों के हमारे पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया! यह महत्वपूर्ण अवसर हमारे एथलीटों के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हमारे असाधारण पैरा-एथलीटों के लिए जोरदार अभिनंदन, जिन्होंने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है, जिससे हर भारतीय का दिल बेहद खुशी से भर गया है। उनकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और उत्कृष्टता प्राप्त करने की अटूट इच्छा वास्तव में प्रेरणादायक है! आशा है कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी और भावी पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। भारत ने अब तक कुल 82 पदक हासिल किए हैं जिनमें 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य शामिल हैं। नित्या सरे ने बैडमिंटन महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में 73वां कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

टूर्नामेंट 7वीं वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप

छह देशों की टीमें हो रही हैं शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सातवीं वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप शुक्रवार से रांची में शुरू हो रही है। इसमें भारत सहित कुल छह देशों जापान, साउथ कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें भाग ले रही हैं। रांची पहुंचने के बाद सभी टीमों ने बुधवार और गुरुवार को प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया।

यह प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टूर्नामेंट पहली बार भारत में हो रहा है। सभी मुकाबले रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार इस चैंपियन में कुल 20 मैच खेले जाएंगे।

पहले दिन शुक्रवार को तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला शाम 4 बजे जापान और मलेशिया के बीच होगा। दूसरे मुकाबले में शाम 6.15 बजे से चीन और कोरिया की टीमें भिड़ेंगी। जबकि, रात 8.30 बजे से मेजबान भारत और थाईलैंड के बीच तीसरा मुकाबला होगा।

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 4 नवंबर और फाइनल मैच 5 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर रांची में स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्टेडियम में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

इसके पहले टूर्नामेंट वर्ष 2021 में कोरिया में आयोजित हुआ था, जिसमें जापान की टीम ने साउथ कोरिया को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया था।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भारत में पहली बार आयोजित हो रही महिला एशिया चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी टीमों का झारखंड की धरती पर स्वागत करते हुए हमें गर्व और खुशी हो रही है।

भारतीय टीम हर दूसरी टीम को बेहतर मानकर चल रही है: सविता पूनिया

झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप को लेकर रांची में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बीच भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया और कोच जेनेक शॉपमैन ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर टीम इंडिया की तैयारियों को लेकर जानकारी साझा की। सविता पूनिया ने कहा कि चैंपियनशिप को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम ने तैयारी पूरी कर ली है। एक सवाल ओलंपिक और एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम फाइनल तक पहुंचने में असफल रही। ऐसे में एशियन चैंपियनशिप को लेकर भारतीय टीम की तैयारी कैसी है। इस पर कप्तान ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय टीम हर दूसरी टीम को बेहतर मानकर चल रही है। ऐसे में भारतीय टीम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। झारखंड की खिलाड़ियों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी की जमकर तारीफ की। कप्तान ने बताया कि पेनल्टी कार्नर को लेकर टीम ने काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि निक्की एक बेस्ट प्लेयर है। संगीता भी शानदार प्लयेर है। सभी गेम हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। चाइना, कोरिया और बाकी सब टीम मजबूत है। उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि तैयारी अच्छी है। टीम बेहतरीन प्रदर्शन दिखाएगी। झारखंड में हॉकी को काफी सपोर्ट मिल रहा है। ये खुशी की बात है। टीम के सभी प्लेयर उम्दा हैं। ब्यूटी और सुशीला बेहतरीन खिलाड़ी हैं। फिलहाल वो टीम में नहीं है लेकिन उनके स्थान पर खेल रहे खिलाड़ी भी बेहतरीन लय में हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि एक टीम के रूप में हमारी गति और हमारे निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।